आज का तापमान

	अधिकतम	न्यूनतम
लखनऊ	32°C	27°C

इनसाइड न्यूज

उपभोक्ताओं की जान से खिलवाड़ तेलीबाग की इंडेन गैस एजेंसी...

उत्तर प्रदेश पेज : 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

जन एक्सप्रेस

बुधवार 03 सितंबर, 2025 | पेज : 12 | मूल्य : ₹3.00/- लखनऊ | वर्ष : 16, अंक : 317 | www.janexpresslive.com/epaper

जमीयत-उलेमा-ए-हिंद के नेताओं के... 12

योगी कैबिनेट का बड़ा फैसला : उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के गठन को मंजूरी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश की योगी कैबिनेट में महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा हुई है। सीएम योगी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई बैठक में कई अहम फैसलों पर निर्णय लिया गया है। इस कैबिनेट बैठक में करीब 15 प्रस्तावों पर मुहर लगी है। योगी कैबिनेट ने आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को लेकर एक बड़ा फैसला ले लिया है। इससे प्रदेश के लाखों आउटसोर्सिंग कर्मियों को बड़ी राहत मिली है। कैबिनेट बैठक में लिए गए फैसलों पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि राज्य के हित में बहुत महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। सीएम योगी ने कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के गठन के प्रस्ताव को मंजूर दे दी है। सरकार के इस फैसले को आउटसोर्सिंग कर्मियों के हितों की रक्षा और शोषण से बचाव के नजरिये से अहम माना जा रहा है। आउटसोर्सिंग निगम में जेम पोर्टल के जरिये सर्विस प्रोवाइडर रखे जाएंगे। इनकी नियुक्ति करीब तीन साल तक होगी। इतना ही नहीं, महीने की 5 तारीख तक सैलरी आ जायेगी। इसके अलावा कई अन्य प्रस्तावों पर भी योगी कैबिनेट की अंतिम मुहर लग गई है।

इनपर भी लगी मुहर

योगी कैबिनेट में कानपुर और लखनऊ के लिए 100-100 ई-बसे खरीदे जाने को हरी झंडी मिल गई है। इस तरह नगर विकास विभाग के प्रस्ताव पर भी मुहर लगी है। सरकार के इस फैसले से दोनों महानगरों में ट्रांसपोर्ट सुविधा और बेहतर हो जाएगी।

क्यों जरूरी था निगम का गठन

प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के विभिन्न विभागों और संस्थाओं में लंबे समय से आउटसोर्सिंग एजेंसियों के माध्यम से बड़ी संख्या में कार्मिक सेवाएं प्रदान कर रहे थे। लेकिन, लगातार यह शिकायतें सामने आ रही थीं कि उन्हें सरकार द्वारा स्वीकृत मानदेय का पूरा भुगतान नहीं मिल रहा। साथ ही ईपीएफ, ईएसआई जैसी अनिवार्य सुविधाओं का नियमित अंशदान भी कई बार एजेंसियों द्वारा नहीं किया जाता था। इन अनियमितताओं को खत्म करने और कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए यह निगम गठित किया गया है।

सामाजिक सुरक्षा और आरक्षण का प्रावधान

वित्त मंत्री ने बताया कि नई व्यवस्था में संवैधानिक प्रावधानों के तहत एससी, एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस, दिव्यांगजन, भूतपूर्व सैनिक और महिलाओं को नियमानुसार आरक्षण मिलेगा। महिलाओं को मैटरनिटी लीव का भी अधिकार दिया जाएगा। कर्मचारियों की कार्यक्षमता और दक्षता बढ़ाने के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा, सेवा के दौरान कर्मचारी की मृत्यु होने पर 15 हजार रुपये अंतिम संस्कार सहायता के रूप में दिए जाएंगे।

बैठक में कुल 15 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई

मंत्री एके शर्मा के प्रस्ताव नगरीय परिवहन की सुविधा के लिए प्राइवेट ऑपरेटर को ई-चार्जिंग सहित नेट कॉस्ट बेसिक कॉन्ट्रैक्ट को मंजूरी दी गई है। कानपुर और लखनऊ के 10 दस रूटों पर ई-बसें चलेंगी। एक बस की कीमत 10 करोड़ होगी। ये बसें 12 वर्ष के लिए कॉन्ट्रैक्ट के साथ आएंगी। किराया तय करने का अधिकार सरकार के पास रहेगा। लखनऊ और कानपुर के सभी रूट फाइनल हो गए हैं। हर रूट पर अभी एक बस दी जाएगी। टेंडर से ऑपरेटर का चयन किया जाएगा। सरकार उसे लाइसेंस देगी। चार्जिंग की व्यवस्था भी करेगी।

स्वामी शुकदेवानंद राजकीय विश्वविद्यालय को भी मिल गई मंजूरी

जनपद शाहजहांपुर में मुमुक्ष आश्रम ट्रस्ट अंतर्गत स्वामी शुकदेवानंद राजकीय विश्वविद्यालय शाहजहांपुर की स्थापना को मंजूरी भी मिल गई है। इसके अलावा वाराणसी के परगना रामनगर में स्थित तीन एकड़ भूमि पर समेकित क्षेत्रीय केंद्र की स्थापना के लिए नि:शुल्क भूमि का हस्तांतरण दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार को दिए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। स्टांप विभाग को सरकारी विभाग घोषित करने का औपचारिक प्रस्ताव कैबिनेट से पास हो गया। पैतृक सम्पत्ति के बटवारे के लिए रजिस्ट्री अब पांच हजार रुपये के शुल्क पर किए जाने का प्रस्ताव भी पास हो गया है। यूपी की नई निर्यात नीति को मंजूरी मिली है। यूपी के निर्यातकों व कारोबारियों के लिए खास रियायतों का प्रावधान होगा।

मंत्री अरविंद शर्मा ने दी जानकारी

प्रदेश सरकार के मंत्री अरविंद शर्मा ने बताया कि कुल 16 प्रस्ताव थे, जिनमें से 15 प्रस्ताव को कैबिनेट ने मंजूरी दी है। कानपुर और लखनऊ में 20 रूटों पर प्राइवेट बसों के संचालन को भी मंजूरी दी गई है। इन सभी रूटों पर इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी। सरकार के मंत्री संजय कुमार निषाद ने कहा कि आउटसोर्सिंग बड़ा मुद्दा था। उत्तर प्रदेश में लाखों कर्मचारियों को कुछ एजेंसियां अन्याय करती थी, उन्हें समय पर वेतन नहीं देती थी। आज एक आयोग बना है। कॉर्पोरेशन बनाकर उन्हें समय पर वेतन, उनकी सुरक्षा और आरक्षण की व्यवस्था का पालन होगा।

कांग्रेस-आरजेडी ने मेरी मां को गाली दी : पीएम मोदी

पीएम बोले, यह देश की हर मां का अपमान, ये लोग जहां मिलें उनका विरोध करें

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना

बिहार के दरभंगा में 27 अगस्त को राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान पीएम मोदी की मां को गाली दी गई थी। 7वें दिन पीएम मोदी ने सामने आकर गाली देने का जवाब दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा- बिहार में कुछ दिन पहले जो कुछ हुआ उसकी मैंने कल्पना नहीं की थी। बिहार में कांग्रेस के मंच से मेरी मां को गालियां दी गईं। ये गालियां सिर्फ मेरी मां का अपमान नहीं, ये देश की मां-बहन, बेटी का अपमान है। पीएम ने कहा- इस घटना की जितनी पीड़ा मेरे दिल में है, उतनी ही तकलीफ मेरे बिहार के लोगों के दिल में भी है। मैं आपसे अपना दुख साझा कर रहा हूं, ताकि मैं इस पीड़ा को झेल पाऊं। प्रधानमंत्री ने दिल्ली से बिहार की जनता को वर्चुअली संबोधित करते हुए यह बात कही। वे बिहार राज्य जीविका निधि शाखा सहकारी संघ लिमिटेड की शुरुआत के कार्यक्रम में जुड़े थे। 36 मिनट के संबोधन में पीएम ने कहा, मैं गरीब परिवार से हूं। समाज और देश की सेवा में लगा हूं। मैंने हर दिन हर क्षण अपने देश के लिए, देशवासियों के लिए मेहनत की। इसमें मेरी मां का आशीर्वाद, मेरी मां की बहुत बड़ी भूमिका थी। मुझे जन्म देने वाली मां ने मुझे अपने दायित्वों से मुक्त कर दिया था।

'मैंने हर देश के लिए पूरी मेहनत से किया काम'

उन्होंने कहा, मैंने हर दिन, हर क्षण अपने देश के लिए पूरी मेहनत से काम किया है और इसमें मेरी मां की बहुत बड़ी भूमिका रही है। मुझे मां भारती की सेवा करनी थी... इसलिए मुझे जन्म देने वाली मेरी मां ने मुझे अपने दायित्वों से मुक्त कर दिया था। उस मां के ही आशीर्वाद से मैं चल पड़ा था। इसलिए, मुझे आज इस बात की पीड़ा है कि जिस मां ने मुझे देशसेवा का आशीर्वाद देकर भेजा, खुद से अलग करके मुझे जाने की इजाजत दी।

'राजद-कांग्रेस के मंच से मेरी मां को गालियां दी गईं'

हमारी सरकार के लिए मां की गरिमा, उसका सम्मान, उसका स्वाभिमान बहुत बड़ी प्राथमिकता है। मां ही तो हमारा संसार होती है, मां ही हमारा स्वाभिमान होती है। उन्होंने कहा, बिहार में कुछ दिनों पहले जो हुआ, उसकी मैंने कल्पना भी नहीं की थी। बिहार में राजद-कांग्रेस के मंच से मेरी मां को गालियां दी गईं। ये गालियां सिर्फ मेरी मां का अपमान नहीं है। ये देश की मां-बहन-बेटी का अपमान है। पीएम मोदी ने कहा, मुझे पता है कि आप सबको भी ये देखकर और सुनकर कितना बुरा लगा है। मैं जानता हूं कि इसकी जितनी पीड़ा मेरे दिल में है, उतनी ही तकलीफ मेरे बिहार के लोगों को भी है।

'बिहार की माताओं-बहनों की मिलेगी नई सुविधा'

वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज मंगलवार के दिन बहुत मंगल कार्य की शुरुआत हो रही है। बिहार की माताओं- बहनों को आज एक नई सुविधा मिलने जा रही है- जीविका निधि साख सरकारी संघ। इससे गांव-गांव में जीविका से जुड़ी बहनों को अब और आसानी से पैसा मिलेगा। उन्हें आर्थिक मदद मिलेगी। उन्होंने आगे कहा, मुझे ये देखकर खुशी हो रही है कि जीविका निधि की व्यवस्था पूरी तरह डिजिटल है। मैं बिहार की माताओं-बहनों को बहुत बधाई देता हूं और इस अद्भुत पहल के लिए मैं नीतीश कुमार और बिहार की एनडीए सरकार का भी अभिनंदन करता हूं।

'सशक्त महिलाएं विकसित भारत का आधार'

उन्होंने आगे कहा, विकसित भारत का बहुत बड़ा आधार है, भारत की सशक्त महिलाएं। महिलाओं को सशक्त करने के लिए बहुत जरूरी है कि उनकी जिंदगी से हर प्रकार की मुश्किलें कम हों। इसलिए हम माताओं-बहनों-बेटियों की जिंदगी को आसान बनाने के लिए अनेक काम कर रहे हैं। हमने महिलाओं के लिए करोड़ों शौचालय बनवाए, ताकि उन्हें खुले में शौच की मजबूरी से मुक्ति मिले। हमने पीएम आवास योजना के अंतर्गत पक्के घर बनवाए और इसमें ये भी ध्यान रखा कि वो घर हो सके तो महिलाओं के नाम पर हो।

'मुफ्त राशन योजना चला रही सरकार'

प्रधानमंत्री ने कहा, केंद्र सरकार आज मुफ्त राशन की योजना भी चला रही है। इस योजना ने हर मां को, इस चिंता से मुक्ति दिलाई है कि आज घर में बच्चों का पेट कैसे भरेगा। महिलाओं की आमदनी बढ़ाने के लिए हम उन्हें लखपति दीदी, ड्रोन दीदी और बैंक सखी भी बना रहे हैं। ये सारी योजनाएं माताओं-बहनों की सेवा का एक बहुत बड़ा महायज्ञ है। आज इस कार्यक्रम में मैं आपको ये भरोसा देता हूं कि आने वाले महीनों में बिहार की एनडीए सरकार इस अभियान को और तेज करने जा रही है।

'पूजा की परंपरा, मां के प्रति श्रद्धा बिहार की पहचान'

कुछ दिनों बाद नवरात्र का पावन पर्व शुरू होने वाला है। पूरे देश में नवदुर्गा की पूजा होगी, यानी मां के नौ रूपों की पूजा होगी। लेकिन, बिहार और पुरबिया इलाके में नवदुर्गा के साथ सतबहिनी पूजा की परंपरा भी पीढ़ियों से है। मां के रूप में सात बहनों की पूजा की परंपरा, मां के प्रति श्रद्धा और विश्वास, ये बिहार की पहचान है।

एलएलबी छात्रों पर लाठी चार्ज

सीएम योगी की कड़ी नाराजगी, सीओ, कोतवाल और चौकी इंचार्ज नपे

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी/लखनऊ

यूपी के बाराबंकी में रामस्वरूप विश्वविद्यालय के एलएलबी छात्रों पर पुलिस द्वारा लाठी चार्ज की घटना का सीएम योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। उन्होंने पुलिस की इस कार्रवाई पर सख्त नाराजगी जताई है। सीओ सिटी हर्षित चौहान को हटाने निर्देश दिए हैं। लाठी चार्ज की घटना की जांच आईजी रेंज अयोध्या प्रवीण कुमार को सौंपी गई है। इसके अलावा शहर कोतवाल आरके राणा और चौकी इंचार्ज को लाइन हाजिर किया गया है। सीओ को एसपी ऑफिस में संबद्ध किया गया है। लाठी चार्ज में घायल अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं को जिला अस्पताल में इलाज कराने के बाद वापस घर भेज दिया गया। साथ ही मंडलायुक्त अयोध्या को रामस्वरूप विवि की डिग्री की वैधता की जांच के आदेश दिए गए हैं। सीएम ने आज शाम तक रिपोर्ट मांगी है।

विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों सहित 24 घायल

छात्रों को खदेड़ने के लिए पुलिस द्वारा चलाई गई लाठी की चपेट में आकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत सह मंत्री अभिषेक बाजपेई, जिला संयोजक अनुराग मिश्रा, अभय शंकर पांडे,अंकित पांडे, नवीन, अर्पित शुक्ला, आशुतोष राय, प्रत्यूष पाण्डेय, अंकुर अवस्थी, सिद्धार्थ तिवारी, विदित प्रताप सिंह, योगेश सिंह, पुष्पेंद्र बाजपेई अभय शुक्ला समेत करीब 24 छात्रों को चोट आने का दावा किया गया है। इनमें छह को अधिक चोट आने पर मेयो अस्पताल में व दो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। छात्रों ने सीओ सिटी हर्षित चौहान पर लाठी चार्ज करवाने का आरोप लगाया है।

यह है पूरा मामला

गदिया के रामस्वरूप यूनिवर्सिटी में बिना मान्यता के चल रहे पाठ्यक्रमों को लेकर सोमवार को छात्रों का आक्रोश भड़क उठा। आक्रोशित छात्रों ने एबीवीपी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जमकर हंगामा काटा। सुबह से ही शुरू हुए धरना प्रदर्शन व हंगामे के कारण परिसर में दिनभर अराजकता रही। दोपहर में छात्रों ने कॉलेज का गेट बंद किया तो संस्थान प्रबंधन के लोगों के साथ उनकी भिड़ंत हो गई। इस दौरान मौजूद पुलिस ने हालात बेकाबू होते देख छात्रों को लाठी फटकार कर खदेड़ना शुरू कर दिया। इससे नाराज कुछ छात्रों ने गदिया पुलिस चौकी पर पथराव कर शीशे इत्यादि तोड़ दिए तो पुलिस ने छात्रों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटना शुरू कर दिया। इसकी चपेट में आकर करीब 24 लोग जख्मी हो गए। इनमें से आठ को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एबीवीपी कार्यकर्ता भी छात्रों के समर्थन में पहुंच गए

छात्रों का आरोप है कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता न होने के बाद भी यहां एलएलबी, बीबीए एलएलबी व बीए एलएलबी में अवैध तरीके से प्रवेश लेकर कक्षाओं का संचालन हो रहा है। बीते कई दिनों से इस मामले पर यहां के छात्र आंदोलित हैं। सोमवार सुबह छात्र यूनिवर्सिटी परिसर पहुंचकर प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान लखनऊ व समीप के जिले के कुछ एबीवीपी कार्यकर्ता भी समर्थन में पहुंच गए।

डीएम आवास के सामने किया प्रदर्शन

उधर, पुलिस द्वारा शांतिपूर्ण तरह से प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर बल प्रयोग किए जाने के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने सोमवार रात करीब साढ़े 10 बजे डीएम आवास के सामने विरोध प्रदर्शन किया। नाराज कार्यकर्ताओं ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारे बाजे करते हुए लाठीचार्ज करने वालों पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग भी की।

9 अक्तूबर 2025 से शुरू होगी वित्त वर्ष 27 का बजट बनाने की प्रक्रिया : वित्त मंत्रालय

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय 2026-27 के लिए वार्षिक बजट तैयार करने की प्रक्रिया 9 अक्तूबर से शुरू करेगा। सरकार की ओर से मंगलवार को यह जानकारी दी गई। भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और भारत से आयातित वस्तुओं पर अमेरिका की ओर से लगाए गए 50 प्रतिशत भारी टैरिफ को देखते हुए आने वाले वित्तीय वर्ष का बजट काफी अहम है। अगले वित्तीय वर्ष के बजट में मांग बढ़ाने, रोजगार सृजन और अर्थव्यवस्था को 8 प्रतिशत से अधिक की विकास दर देने पर सरकार का जोर रहेगा। सरकार का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था 6.3-6.8 प्रतिशत के बीच बढ़ेगी। आर्थिक मामलों के विभाग के बजट परिपत्र (2026-27) के अनुसार, सचिव (व्यय) की अध्यक्षता में बजट-पूर्व बैठकें 9 अक्तूबर 2025 से शुरू होंगी।÷ परिपत्र के अनुसार वित्तीय सलाहकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि परिशिष्ट I से VII में अपेक्षित आवश्यक विवरण 3 अक्तूबर 2025 से पहले या उससे पहले ठीक से दर्ज कर लिए जाएं। तय प्रारूपों में डेटा की हार्ड कॉपी क्रॉस चेकिंग के लिए मुहैया की जानी चाहिए।÷ बयान में कहा गया है कि 2026-27 के बजट अनुमानों को बजट-पूर्व बैठकों के पूरा होने के बाद अंतिम रूप दिया जाएगा। संशोधित अनुमान (आरई) से जुड़ी बैठकें नवंबर 2025 के मध्य तक जारी रहेंगी। परिपत्र में बताया गया कि सभी मंत्रालयों-विभागों को स्वायत्त निकायों-कार्यान्वयन एजेंसियों का विवरण प्रस्तुत करना चाहिए। इसके लिए एक समर्पित कोष बनाया गया है। बजट 2026-27 संसद के बजट सत्र के पहले भाग के दौरान 1 फरवरी को पेश किए जाने की संभावना है। सरकार ने चालू वित्त वर्ष के बजट में नाममात्र आधार पर 10.1 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया गया है। दूसरी ओर, राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने फरवरी के अंत में बजट पेश करने की औपनिवेशिक काल की परंपरा को खत्म कर दिया है। तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने पहली बार 1 फरवरी, 2017 को वार्षिक लेखा-जोखा पेश किया था। बजट को समय से पहले पेश करने के साथ, मंत्रालयों को अब अप्रैल से शुरू होने वाले वित्तीय वर्ष की शुरुआत से ही उनके लिए बजटीय धन का आवंटन किया जाता है। इससे सरकारी विभागों को खर्च करने के लिए अधिक समय मिलता है। ऐसा होने से कंपनियों को व्यावसायिक और कराधान योजनाओं के अनुकूल होने का समय भी मिलता है।

यमुना ने किया खतरे का निशान पार, दिल्ली में बाढ़ के आसार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली में मंगलवार को हुई भारी बारिश ने आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। राजधानी और आस-पास के इलाकों में भारी जाम की स्थिति पैदा हो गई, खासकर दिल्ली-गुरुग्राम बॉर्डर पर। वहीं, यमुना नदी में जलस्तर बढ़ने के चलते बाढ़ का खतरा भी मंडरा रहा है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यमुना नदी के बढ़ते जलस्तर की स्थिति की समीक्षा की। मंगलवार को यमुना नदी के खतरे के निशान को पार करने के साथ ही, दिल्ली के यमुना पार क्षेत्र के कुछ हिस्सों में पानी घरों में घुसने लगा है। यमुना आज खतरे के निशान को पार कर गई, जिससे राजधानी के निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा पैदा हो गया। सीएम रेखा ने लोहे के पुल पर जाकर स्थिति का जायजा लिया।

एयरलाइंस ने जारी की एडवाइजरी

बारिश के कारण दिल्ली एयरपोर्ट पर उड़ानों के संचालन में भी व्यवधान देखने को मिल रहा है। पानी भरने और कम विजिबिलिटी के चलते एयरलाइंस ने यात्रियों को यात्रा से पहले फ्लाइट स्टेटस चेक करने की सलाह दी है।

जलस्तर खतरनाक स्तर के करीब

आपदा प्रबंधन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार शाम 5 बजे तक ओल्ड रेलवे ब्रिज पर पानी का स्तर 204.94 मीटर दर्ज किया गया। हथिनीकुंड बैराज से 2,92,365 क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जबकि वजीराबाद बैराज से 41,830 क्यूसेक और ओखला बैराज से 56,455 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज हुआ। सुबह 9 बजे हथिनीकुंड बैराज से 3,29,313 क्यूसेक पानी छोड़ा गया था।

यमुना पुल से आवाजाही पर रोक

बाढ़ की आशंका को देखते हुए प्रशासन अलर्ट पर है। यमुना नदी पर बने पुल से होकर यातायात और आमजन की आवाजाही मंगलवार शाम 5 बजे से पूरी तरह बंद कर दी गई है। यह कदम केंद्रीय जल आयोग की ओर से जारी बाढ़ चेतावनी के बाद उठाया गया। एयर इंडिया ने यात्रियों को अलर्ट जारी करते हुए कहा कि बारिश के कारण दिल्ली से आने-जाने वाली उड़ानों पर असर पड़ सकता है।

लक्सर पहुंचे मुख्यमंत्री धामी : ट्रैक्टर और राफ्ट से किया आपदा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

- बारिश से जलमग्न गांवों में पहुंचकर प्रभावितों से मिले मुख्यमंत्री, राहत कार्यों में तेजी के निर्देश

जन एक्सप्रेस। हरिद्वार/देहरादून

भारी बारिश के कारण उत्तराखंड के हरिद्वार जिले के लक्सर क्षेत्र में आई आपदा के बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सोमवार को स्थलीय निरीक्षण के लिए पहुंचे। सीएम धामी ने ट्रैक्टर पर बैठकर और राफ्ट के जरिए जलमग्न गांवों का दौरा किया और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हाल जाना। मुख्यमंत्री ने स्थानीय नागरिकों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राहत और बचाव कार्यों में कोई लापरवाही न हो और जरूरतमंदों तक हर संभव सहायता समय पर पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस संकट की घड़ी में हर प्रभावित व्यक्ति के साथ खड़ी है।

राहत कार्यों में नहीं चलेगी लापरवाही

सीएम धामी ने अधिकारियों से कहा कि प्रभावित परिवारों की सुरक्षा, भोजन, स्वास्थ्य और रहने की पूरी व्यवस्था की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही, जिन क्षेत्रों में पुनर्वास की आवश्यकता है, वहां लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जाए। मुख्यमंत्री ने किसानों की क्षतिग्रस्त फसलों का भी त्वरित सर्वेक्षण कराकर मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रभावित प्रत्येक परिवार को यथासंभव सहायता सरकार की ओर से दी जाएगी।

जलवायु परिवर्तन का दिख रहा असर, खतरे में परंपरागत पशुपालन

स्थलीय निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जलवायु परिवर्तन के चलते प्राकृतिक आपदाओं का खतरा तेजी से बढ़ रहा है, जिससे केवल मानव जीवन ही नहीं बल्कि परंपरागत पशुपालन भी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस दिशा में दीर्घकालिक नीति बनाने पर भी काम कर रही है ताकि भविष्य में ऐसे संकटों से निपटा जा सके।

क्षेत्रीय हालात का लिया जायज़ा

मुख्यमंत्री धामी ने लक्सर के कई गांवों का दौरा कर जलभराव, क्षतिग्रस्त सड़कों, टूटे पुलों और पानी से घिरे घरों की स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभाग समन्वय से कार्य करें ताकि राहत कार्यों में तेजी लाई जा सके।

पीस कमेटी की बैठक में सौहार्द बनाए रखने पर दिया गया जोर

जन एक्सप्रेस/मानिकपुर, चित्रकूट। आगामी त्योहारों के दृष्टिगत थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें हिंदू व मुस्लिम समुदायों के लोगों से साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की गई। आगामी ईद-ए-मिलाद-उन-नबी (बारावफात) व गणेश विसर्जन के दृष्टिगत मंगलवार को उपजिलाधिकारी मोहम्मद जसीम की अध्यक्षता में मानिकपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें क्षेत्र के हिन्दू व मुस्लिम समुदाय के लोगों को साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की सलाह दी गई। एसडीएम ने दोनों समुदायों के लोगों से कहा कि जुलूस के दौरान भीड़ एकत्रित होने पर आपसी भाईचारा व शांति बनाए रखें तथा किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल पुलिस-प्रशासन को सूचित करें। इस मौके पर मऊ क्षेत्राधिकारी फहद अली, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मानिकपुर भारत सिंह, थाना प्रभारी श्रीप्रकाश यादव सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

रोडवेज कर्मचारी परिषद का क्षेत्रीय चुनाव सम्पन्न, निर्विरोध चुने गए पदाधिकारी

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद का क्षेत्रीय चुनाव चित्रकूट डिपो में संपन्न हुआ। चुनाव नोडल अधिकारी हरिश्चंद्र कुशवाहा, संरक्षक सुनील कुमार शर्मा एवं पर्यवेक्षक प्रबल प्रताप सिंह की देखरेख में हुआ। चुनाव में सर्वसम्मति से बांदा डिपो के जीएस त्रिवेदी को क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं रामनरेश साहू को क्षेत्रीय मंत्री नियुक्त किया गया। सभी पदाधिकारियों का कार्यकाल एक वर्ष के लिए होगा। कार्यक्रम की देखरेख एवं संचालन का कार्य बांदा डिपो के सीनियर क्लर्क जेपी पांडेय ने किया। कार्यक्रम के अंत में चित्रकूट डिपो के एआरएम राकेश पांडेय ने चुने हुए पदाधिकारियों को बधाई दी।

मंगलवार 5ो प्रांतीय महामंत्री के निर्देश पर रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश की एक चुनावी बैठक चित्रकूट धाम में संपन्न हुई। चित्रकूट डिपो में आयोजित चुनावी बैठक में सर्वसम्मति से सभी पदों

में चयन किया गया। चित्रकूट धाम मंडल की सभी कार्यकारिणी के सदस्य निर्विरोध चुने गए। चित्रकूट-झांसी क्षेत्र के नोडल अधिकारी हरिश्चंद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्रीय अध्यक्ष पद पर बांदा डिपो के जीएस त्रिवेदी, क्षेत्रीय मंत्री के पद पर महोबा डिपो के रामनरेश साहू, प्रांतीय प्रतिनिधि पद पर महोबा डिपो के ही आदेश यादव एवम वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर राठ डिपो के दिलीप तिवारी को सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया है। नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष जीएस त्रिवेदी एवं क्षेत्रीय मंत्री रामनरेश साहू ने कहा कि जिन जिम्मेदारियों को उन्हें सौंपा गया है, उनका वह कर्मचारी एवं निगम हित में प्राथमिकता से निवर्हन करेंगे। किसी भी कर्मचारी की कोई भी समस्या होने पर उसका निदान जरूर कराया जायेगा। इस कार्यक्रम में संजय गुप्ता को उपाध्यक्ष, सुनील तिवारी को उप मंत्री, अटल बिहारी को उप मंत्री, देवेंद्र तिवारी को संगठन मंत्री, राजनारायण को कोषाध्यक्ष, अनादिवीर सिंह को प्रचार मंत्री, विवेक शुक्ला को लेखा परीक्षक बनाया गया है। साथ ही बसीरूरहमान, घनश्याम सिंह, जितेंद्र गुप्ता, आदिल, अवधेश कुशवाहा, विपिन मिश्रा, अनुराग मिश्रा, ब्रजकिशोर, जेपी पांडेय, श्याम करण, सुनील कुमार (चित्रकूट डिपो) और मुरलीधर को क्षेत्रीय सदस्य मनोनीत किया गया।

डीएम ने सुनी समस्याएं

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने मंगलवार को कलेक्टरेट स्थित अपने चैंबर में जनसुनवाई का आयोजन कर फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा निस्तारण के लिए सम्बन्धितों को निर्देशित किया। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने आए हुए फरियादियों की समस्याओं को एक-एक कर सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को शासन की मंशानुरुप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के निर्देश दिए। कहा कि जमीन से सम्बन्धित मामलों में पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निस्तारण कराएं। निर्देशित किया कि जनसुनवाई के दौरान प्राप्त होने वाली सभी समस्याओं का निस्तारण ससमय गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए तथा निस्तारण से सम्बन्धित फरियादी को संतुष्टि भी मिलनी चाहिए ताकि उसे बार-बार तहसील एवं जिला मुख्यालय के चक्कर न लगाना पड़े। कहा कि आम जनता को त्वरित एवं पारदर्शी न्याय दिलाना ही प्रशासन की प्राथमिकता है। अतः सभी सम्बन्धित अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का निवर्हन करते हुए कार्य करें। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरुण कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

सीसीसी परीक्षा से अनुपस्थित रहे 62 परीक्षार्थी



जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

कोर्स ऑन कम्प्यूटर कान्सेप्ट (सीसीसी) की परीक्षा जिला मुख्यालय स्थित राष्ट्रीय कम्प्यूटर शिक्षा मिशन में कडी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सम्पन्न हुई।

राष्ट्रीय कम्प्यूटर शिक्षा मिशन के प्रबन्ध निदेशक सुभाष चन्द्र साहू ने बताया कि संस्था में आयोजित परीक्षा के दौरान पुलिस प्रसाशन द्वारा भी पूर्ण सहयोग दिया गया। बताया कि परीक्षा 31 अगस्त से दो सितम्बर मंगलवार तक आयोजित की गई। जिसमें कुल 546 परीक्षार्थियों में से 484 परीक्षार्थी उपस्थित हुए तथा 62 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बताया कि तीन दिनों में 50 परीक्षार्थियों का बैच बनाकर चार पालियों में परीक्षा सम्पन्न कराई गई। जिसमें जनपद के अलावा पूरे चित्रकूट मण्डल के परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए उपस्थित हुए। बताया कि राष्ट्रीय कम्प्यूटर शिक्षा मिशन जनपद में सन् 2001 से संचालित है, जो विगत 25 वर्षो से शिक्षा के क्षेत्र में चित्रकूट मण्डल का सबसे अग्रणी संस्थान है। बताया कि संस्थान के हजारो छात्र-छात्राओं को प्लेसमेन्ट भी दिया जा चुका है। परीक्षा में परीक्षार्थियों की ओरिजनल आईडी प्रूफ देखकर प्रवेश दिया गया। सीसीसी की आनलाइन परीक्षा में डॉ अनुराग तिवारी नीलिट (संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार) से अधिकृत परीक्षा नियत्रंक एवं इनविजिलेटर ज्योति साहू, विनीता सिंह, रिजवाना आमिर हसन, शारदा प्रसाद एवं लैब टेक्नशियन विनोद कुमार के साथ पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहे।

3 वर्षीय मासूम के रेप व हत्यारे के घर में चला बाबा का बुलडोजर

शासन व प्रशासन की मौजूदगी में जमीदोज की आरोपी घर

जन एक्सप्रेस | बांदा

चिल्ला थाना क्षेत्र के चकला गांव का रेपिस्ट व हत्यारा सुनील निषाद पुत्र लोटन प्रसाद का घर की कुर्की कर बुलडोजर से घर गिराया आप को बताते चले न्यायालय तहसीलदार पैलानी के आदेशानुसार टीम सुबह 9ः00 बजे चिल्ला थाना क्षेत्र के चकला गांव पहुंची।बीते 3 जून को चिल्ला थाना क्षेत्र के ग्राम चकला में सुनील निषाद पुत्र लोटन प्रसाद ने 3 वर्षीय बच्ची के साथ रेप किया था धारा 67 की बेदखली की कार्यवाही के पश्चात तहसील न्यायालय पैलानी के आदेश के अनुपालन में मौके पर एसडीएम पैलानी अंकित वर्मा, तहसीलदार राधेश्याम सिंह, नायब तहसीलदार जसपुरा वेद प्रकाश, सीओ सदर, चिल्ला थाना प्रभारी संदीप तिवारी मौके पर मौजूद रहे वही ये वही रेपिस्ट हत्यारा है जो कुछ माह

पहले एक 3 वर्षीय लड़की के साथ रेप कर उसको जंगल में फेक आया था उसी सुनील निषाद पुत्र लोटन प्रसाद के घर का ताला चिल्ला लेखपाल हरिओम ने तोड़ा मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामकिशुन निषाद के सामने लेखपाल चिल्ला हरिओम, ताला तोड़ा कानूनगो ,लौमर लेखपाल, प्रशासन की टीम व तमाम ग्राम वासियों के मौजूदगी में कुर्की की गई और बुलडोजर से घर को नष्ट कर दिया।

टुस्को लिमिटेड ने निर्मल आश्रम के सहयोग से कराया नि:शुल्क नेत्र परीक्षण

जन एक्सप्रेस | मऊ, चित्रकूट

ग्राम डोडिया माफी में टुस्को लिमिटेड द्वारा टीएचडीसी (एसईडब्ल्यूए टीएचडीसी) व निर्मल आश्रम नेत्र संस्थान ऋषिकेश के सहयोग से एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 15 गाँवों के 205 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

नेत्र परीक्षण शिविर में 800 मेगावाट अल्ट्रा सोलर पावर पार्क परियोजना क्षेत्र के 15 गांवों के 205 ग्रामीणों का नेत्र परीक्षण किया गया। इनमें से 105 लोगों को निःशुल्क चश्मों का वितरण किया गया। साथ ही 60 लोगों को नेत्र रोग के लिए आवश्यक आई-ड्रॉप्स उपलब्ध कराई गईं तथा 40 मरीजों को गंभीर नेत्र रोग संबंधी आगे की जाँच एवं उपचार के लिए चिकित्सालय भेजा गया। इस मौके पर उपमहाप्रबंधक जितेन्द्र नाथ सिंह, उपप्रबंधक राजेश नागर, सहायक प्रबंधक पलिवेला सतीबाबू, राकेश मीना, अभियंता बादल सिंह, आयुष नेगी, कनिष्ठ अभियंता जयकरण सिंह, अनुज चैधरी, गौरव कुमार, अभय प्रताप यादव आदि मौजूद रहे।

जन संवाद से सुनिश्चित हो रहा लोककल्याण का लक्ष्य-सदर विधायक

जन एक्सप्रेस | बांदा

मंगलवार प्रातः अपने निजी पैतृक आवास खुरहंड रेलवे स्टेशन में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने जनता दर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत क्षेत्रवासियों व दूर दूर से आऐ फरियादियों से मुलाक़ात कर उनकी समस्याओं को सुना व समझा और समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया और जन समस्याओं के जल्द से जल्द समाधान के लिए आऐ हुऐ फरियादियों को आश्वत किया।वैसे तो सदर विधायक प्रतिदिन सुबह व शांम अपनी सदर विधानसभा में अलग अलग दो स्थानों में जनता दर्शन कार्यक्रम में आऐ हुऐ फरियादियों की जन समस्या को सुन उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हैं।

गुसयारी प्रधान असरार अहमद खान राष्ट्रीय प्रधान संगठन के जिला प्रभारी बने

जन एक्सप्रेस/हमीरपुर। आपसी

सदभाव और भाईचारे की बेहतरीन मिसाल पेश करने वाले मौदहा विकास खण्ड के गुसयारी ग्राम प्रधान असरार अहमद खान कोराष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय महासचिव हर स्वरूप व्यास ने संगठन का हमीरपुर जिला प्रभारी नियुक्त किया है। साथ ही जिला प्रभारी से उम्मीद की है कि, वो पूरी लगन और ईमानदारी के साथ अनुशासित रहकर संगठन के लिये संघर्षशील रहने के साथ ही संगठन को मजबूत करने के साथ ही उसे आगे ले जाने का काम करेंगे। असरार अहमद खान के संगठन का जिला प्रभारी बन्ने पर प्रधान संघ सहित उनके चाहने वालों में खुशी की लहर व्याप्त है।

असंगठित मजदूर मोर्चा की जिला इकाई ने चलाया रोजगार जागरूकता अभियान

जन एक्सप्रेस | बांदा

दिनांक 2सितम्बर को ग्राम पंचायत नाई मे असंगठित मजदूर मोर्चा,जिला इकाई उत्तर प्रदेश के तत्वाधान मे असंगठित मजदूरों के बीच जागरूकता कार्यक्रम किया गया,जो शासन व प्रशासन के माध्यम से सरकार की योजनाये चल रही हैं, वहां श्रम विभाग,समाज कल्याण,व वित्त निगम योजना के सम्बंध मे मजदूरों को जानकारी दी जाती है,बुंदेलखण्ड मे रोजगार न होने से यहाँ का मजदूर मजदूरी करने के लिये भारत के भिन्न-भिन्न् राज्यों मे परिवार सहित मजदूरी करने के लिये पलायन करता है जिससे उनके बच्चो पर शिक्षा व स्वास्थ्य का सकंट

बनकर छाया है,शासन व प्रशासन की महिला एवं पुरुषों को रोजगार करने की भिन्न-भिन्न् योजनाये चल रही है मजदूर महिला पुरुषों को समस्त योजनाओं को जानकारी देना व रोजगार कैसे स्थापित हो मजदूरों को लेकर रोजगार संबंधी अधिकारियों से सम्पर्क करवाना।कोई भी मजदूर अपने बच्चो से बाल मजदूरी व बाल विवाह पर रोक लगाये यह कानूनन अपराध है।आज की जागरूकता बैठक असंगठित मजदूर मोर्चा के जिलाध्यक्ष ज्ञानेश्वर प्रसाद के नेतत्व मे की गई असंगठित मजदूर मोर्चा के जिलामहामंत्री भगवती प्रसाद,असंगठित मजदूर मोर्चा के जिलामंत्री शिवकुमार विमल व ग्राम पंचायत के लगभग महिला/पुरुष 70 लोग उपस्थित थे।

'नो हेलमेट-नो फ्यूल''यातायात पुलिस ने पेट्रोल पंपों पर चलाया गया जागरूकता अभियान दिया सुरक्षा का सन्देश

जन एक्सप्रेस | बांदा

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में दिनांक 2 सितंबर को ÷नो हेलमेट-नो फ्यूल अभियान÷ के अंतर्गत यातायात पुलिस द्वारा जनपद के कालूकुआं चौराहा रिलायंस पेट्रोल पंप पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान बिना हेलमेट लगाकर पेट्रोल भरवाने आए दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल उपलब्ध न कराते हुए हेलमेट पहनने हेतु प्रेरित किया गया तथा सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी गई।इस अवसर पर लोगों को समझाया गया कि हेलमेट केवल चालान से बचने का साधन नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा का कवच है। यातायात पुलिस द्वारा नागरिकों से अपील की गई कि वे स्वयं एवं अपने परिजनों को वाहन चलाते समय

हेलमेट अवश्य पहनने के लिए प्रेरित करें, जिससे सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली जनहानि को रोका जा सके।इस मौके पर यातायात प्रभारी संजय मिश्रा सहित यातायात कर्मचारी मौजूद रहे ।

अपील-बांदा पुलिस समस्त जनपदवासियों से अपील करती है कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें,हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग अवश्य करें और सुरक्षित यात्रा करें।

पुलिस ने पच्चीस हजार के इनामी फरार बदमाश को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/हमीरपुर। अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत मौदहा पुलिस ने धारा-64(1)/333/351(3) बी0एन0एस0 व ड पोक्सो के मामले में पच्चीस हजार रुपये के इनामियां 22 वर्षीय थाना क्षेत्र के मदारपुर निवासी फरार बदमाश सन्तोष पुत्र राम मिलन को छिमौली मोड़ मौदहा से गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया। बदमाश को गिरफ्तार करने वाली टीम में खासतौर से एस आई विनेश गौतम, एस आई अभिषेक त्रिवेदी, महिला एस आई कोमल सहित कांस्टेबल विजय प्रताप शामिल रहे।

इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब ने सरस्वती शिशु मंदिर में लगवाया वाटर कूलर

जन एक्सप्रेस | मानिकपुर, चित्रकूट

सामाजिक संस्था इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब द्वारा मानिकपुर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्यूरीफायर वाटर कूलर दिया गया। जिसका मानिकपुर उपजिलाधिकारी मोहम्मद जसीम ने फीता काटकर किया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया गया।

वाटर कूलर के शुभारंभ के दौरान उपजिलाधिकारी मोहम्मद जसीम ने कहा कि संस्था द्वारा जनहित का कार्य करते हुए विद्यालय को प्यूरीफायर वाटर कूलर दिया गया है, जो सराहनीय है। प्यूरीफायर वाटर कूलर उपलब्ध होने से विद्यालय के बच्चों को शुद्ध व शीतल जल पीने को मिलेगा। एसडीएम ने संस्था के पदाधिकारी को इस कार्य के लिए शुभकामनाएं दी। संस्था के अध्यक्ष केशव शिवहरे ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर में प्यूरीफायर वाटर कूलर की बहुत ही आवश्यकता थी। बच्चों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यह प्यूरीफायर वाटर कूलर संस्था की ओर से प्रदान किया गया है। कहा कि विद्यार्थियों की आवश्यकातों के दृष्टिगत अन्य सामग्री भी विद्यालय को उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया गया। इस मौके पर संस्था के सदस्य विवेक अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, अमित अग्रहरि, विद्यालय के प्रबंधक कृष्ण कुमार गुप्ता, अध्यक्ष रामाधार शुक्ल, कोषाध्यक्ष राज सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य रामपाल शुक्ला, प्रधानाचार्य जमुना प्रसाद, खंड कार्यवाहक अखिलेश सिंह आदि मौजूद रहे।

गुम हुए मोबाइल फोन पाकर धारकों के चेहरे पर आई प्रसन्नता

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। जनपद की एसओजी/सर्विलांस टीम ने लगभग 10 लाख 35 हजार रुपए कीमत के खोए हुए 75 मोबाइल फोन बरामद कर धारकों के सुपुर्द किए। एसओजी/सर्विलांस प्रभारी एमपी त्रिपाठी ने बताया कि गुम हुए मोबाइल फोन के धारकों द्वारा मोबाइल फोन खोने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिए गए थे। जिसके क्रम में उनकी टीम मुख्य आरक्षी जितेन्द्र कुमार, नितेश समाधिया, आरक्षी रोहित सिंह, आशीष यादव, ज्ञानेश मिश्रा, पवन राजपूत, राघवेन्द्र, रोशन सिंह व गोलू भार्गव द्वारा विवेचना करते हुए लगभग 10 लाख 35 हजार रुपए कीमत के खोए हुए 75 फोन बरामद किए। जिन्हें मंगलवार को मोबाइल धारकों के सुपुर्द किया गया, खोए हुए मोबाइल फोन पाकर धारकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पुलिस की सराहना की।

नि:शुल्क बीज मिनीकिट के लिए 25 तक करें आवेदन

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

उप कृषि निदेशक राजकुमार ने बताया कि राज्य सहायतित निःशुल्क दलहन एवं तिलहन बीज मिनीकिट वितरण प्रदर्शन एवं प्रसार कार्यक्रम के अन्तर्गत निःशुल्क बीज मिनीकिट प्राप्त करने के लिए कृषि विभाग पर पंजीकृत जनपद के किसान आगामी 25 सितम्बर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। बताया कि इस निःशुल्क बीज मिनीकिट में चना (16 किग्रा), मटर (20 किग्रा), मसूर (8 किग्रा) एवं सरसों (2 किग्रा) के बीज दिए जाएंगे। बताया कि निर्धारित अवधि में लक्ष्य से अधिक ऑनलाइन आवेदन होने पर ऑनलाइन ई-लाटरी के माध्यम से लाभार्थियों का चयन किया जाएगा। यह प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी रहेगी। इसमें एक किसान को मात्र एक बीज मिनीकिट ही मिलेगी। ई-लॉटरी के बाद चयनित किसानों को पीओएस मशीन के माध्यम से राजकीय कृषि बीज भण्डारों से बीज वितरित कराया जाएगा। बताया कि निःशुल्क बीज मिनीकिट प्राप्त करने के इच्छुक किसान विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।यह प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी रहेगी। इसमें एक किसान को मात्र एक बीज मिनीकिट ही मिलेगी। ई-लॉटरी के बाद चयनित किसानों को पीओएस मशीन के माध्यम से राजकीय कृषि बीज भण्डारों से बीज वितरित कराया जाएगा। बताया कि निःशुल्क बीज मिनीकिट प्राप्त करने के इच्छुक किसान विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

दस्यु बलखडिया गिरोह के दो सदस्यों को सजा

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

घर में सो रहे अनुसूचित जाति के युवक को अगवा कर ले जाने और छोड़ने के एवज में 20,000 रुपये की फिरौती वसूलने के मामले में न्यायालय ने दस्यु बलखडिया गिरोह के दो सदस्यों को पांच-पांच वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों को 5,000-5,000 रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सनत कुमार मिश्रा ने बताया कि बीती 9 अप्रैल 2011 को मानिकपुर थाने में अनुसूचित जाति की मोहनिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में शिकायतकर्ता महिला ने बताया था कि बीती 7 अप्रैल 2011 को दस्यु बलखडिया गिरोह के सदस्यों के साथ कर्वी कोतवाली क्षेत्र के मैनहाई गांव के निवासी रामप्रसाद उर्फ कल्लू व मानिकपुर क्षेत्र के गिदुरहा गांव के निवासी गंगोलिया उर्फ गंगादीन आदि उसके पति को पकड़कर जंगल ले गए। वहां अवैध असलहों का भय दिखाकर 20,000 रुपये की मांग की। रुपये मिलने के बाद उसके पति को छोड़ा गया। वहां से आने के बाद पति ने बताया कि दस्यु बलखडिया गिरोह और उसके गिरोह के सदस्यों ने जंगल में निही और नागर गांव के बीच उसे रोक रखा था। बदमाश उसे जान से मारने की धमकी भी देते थे। पैसा लेने के बाद उसे रात में एक बजे छोड़ा गया। घर आने के बाद बदमाशों के भय से पहले दिन उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराने से मना कर दिया। इसके चलते पति के साथ हुई घटना की रिपोर्ट मोहनिया ने दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद विवेचना शुरु की। इसके कुछ दिनों बाद मुठभेड में दस्यु बलखडिया मारा गया था। साथ ही इस मामले में शामिल आरोपी रामप्रसाद उर्फ कल्लू और गंगोलिया उर्फ गंगादीन को पुलिस ने गिरफ्तार करने के साथ न्यायालय में आरोप पत्र भी दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद मंगलवार को विशेष न्यायाधीश राममणि पाठक ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी रामप्रसाद उर्फ कल्लू और गंगोलिया उर्फ गंगादीन को पांच-पांच वर्ष सश्रम कारावास के साथ 5,000-5,000 रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई।

प्रवेश के लिए करें आवेदन

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के जिला मुख्यालय स्थित अध्ययन केन्द्र गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेडीपुलिया के प्राचार्य डॉ राजेश कुमार पाल ने बताया कि इग्नू के स्नातक, परास्नातक, डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने की अन्तिम तिथि को 15 सितम्बर तक बढ़ा दिया गया है। बताया कि इग्नू मुक्त, दूरस्थ एवं डिजिटल विधा के माध्यम से उच्च शिक्षा प्रदान करने का एक अग्रणी केन्द्रीय विश्वविद्यालय है। जिसमें प्रवेश के लिए टीसी या माईग्रेशन की आवश्यकता नही पड़ती एवं बहुत ही कम मूल्य में गुणवत्तायुक्त उच्च शिक्षा प्रदान की जाती है।

आर्थिक स्वार्थ से अर्थव्यवस्था में चुनौतियां...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को दिल्ली स्थित यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में सेमीकॉन इंडिया-2025 का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, आज पूरी दुनिया भारत पर भरोसा करती है। दुनिया भारत के साथ सेमीकंडक्टर का भविष्य... पढ़ें पेज 12 पर...

उपभोक्ताओं की जान से खिलवाड़

तेलीबाग की इंडेन गैस एजेंसी पर घटतौली, कालाबाजारी और लूट का आरोप

■ सरकार और विभाग मौन–क्या किसी बड़े विस्फोट का इंतज़ार?

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

राजधानी लखनऊ की जनता जिस गैस सिलेंडर पर अपनी रसोई और सुरक्षा का भरोसा करती है, उसी भरोसे को चूर-चूर कर रही है तेलीबाग स्थित इंडेन गैस सर्विस। उपभोक्ताओं का आरोप है कि एजेंसी घटतौली, कालाबाजारी और लूट की खुली दुकान चला रही है। सबसे हैरान करने वाली बात–शिकायतें बार-बार विभाग तक पहुंचीं, लेकिन कार्रवाई शून्य! सवाल उठता है, आखिर सरकार और पूर्ति विभाग क्यों चुप है? क्या प्रशासन किसी भयानक त्रासदी और विस्फोट का इंतजार कर रहा है?

घटतौली और कालाबाजारी का गढ़

तेलीबाग से लेकर वृंदावन योजना तक गैस माफिया का नेटवर्क फैला है। दर्जनों हॉकर रोजाना सिलेंडरों की अवैध रिफिलिंग और कालाबाजारी कर रहे हैं। आरोपियों में राजदेव और रघुवीर का नाम सबसे आगे है। रघुवीर घटतौली में जेल जा चुका है। इनके कारनामों के वीडियो सोशल मीडिया पर कई बार वायरल हो चुके हैं। दोनों पर आरोप है कि इन्हें एजेंसी मैनेजर वी.डी. दुबे का सीधा संरक्षण प्राप्त है। यही वजह है कि रोजाना 60-70 सिलेंडर सीधे इन्हीं कालाबाजारियों को थमा दिए जाते हैं।

इंडेन गैस एजेंसी का काला साम्राज्य

तेलीबाग इंडेन सर्विस पर ब्लैक मार्केटिंग, मिलावट और भ्रष्ट गठजोड़ के सनसनीखेज खुलासे

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

सोई रिपोर्ट पर सक्रिय का कब्जा! राजधानी के अलिकरपुरम, तेलीबाग स्थित पी० डेलीवरी इंडेन सर्विस पर उपभोक्ताओं को गैस और जान से खेलने का आरोप। जन एक्सप्रेस की पड़ताल से खुलासा हुआ कि यह एजेंसी न सिर्फ उपभोक्ताओं को ठग रही है बल्कि गैस चोरी, ब्लैक मार्केटिंग और अवैध भराव का संगठित रिफिलिंग चला रही है।

उपभोक्ताओं के साथ खुला धोखा

बुकिंग के बावजूद समय पर सिलेंडर नहीं मिलता। होम डिलीवरी की बजाय उपभोक्ताओं को खुद एजेंसी से सिलेंडर लेना पड़ता है। सिलेंडरों में वजन की मिलावट और गैस को कम्पनी जान बिकवाना। सिलेंडर खुलेआम ब्लैक में बेचे जाते हैं, दुकानों के जरिये अवैध भराव। सिकायत करने वाले को एजेंसी कर्मचारी धमकाते और अपमान करते हैं।

कालाबाजारी का गोरखधंधा

एजेंसी के अंदरूनी सूत्रों ने बताया सेल 30-40 सिलेंडर फिक्स्ड लोग और दाता एक से सात के डिलरों पर भेजे जाते हैं। हर सेल चाइ में ब्लैक मार्केट में 2-2.5 किलो गैस चोरी कर कमर्शियल सिलेंडरों में भर दी जाती है। यह गैस चाइ में ब्लैक मार्केट में बेची जाती है।

एजेंसी मैनेजर की सीधी संलिप्तता

एक कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर जन एक्सप्रेस को बताया– मैनेजर वी.डी. और जगदीश हर सिलेंडर पर 50 रुपये कमीशन लेते हैं। रोज 30-35 कंजर जाती होते हैं। यानी महीना की हर महीने 60-70 हजार की अवैध कमाई होती है। इसमें डिलीवरी पूर्तिया, अधूरी विभाग, खुफ एकाउंट और स्कनिंग इक्विपमेंट तक जाती है।

करोड़ों का खेल, ऊपर तक सांठगांठ

- कंपनी डायरेक्ट ठेकेदारों के जरिये यह खेल चलता है।
- रोज 90-95 किलो गैस चोरी यानि 9-10 हजार रुपये की चोरी कमाई।
- हर महीने लाखों का घोटाला, जिसमें ऊपर से नीचे तक बटवारा होता है।
- नाडा–उपभोक्ताओं को अधूरा सिलेंडर और घटिया सेवा, जबकि माफिया और एजेंसी की जेबें भर रही हैं।

सबसे बड़ा सवाल

- क्या इंडेन अधिकारी इस खेल से अनजान हैं या मिलीभगत में शामिल?
- प्रशासन और आपूर्ति विभाग की पूर्ति अधिकारी चिंताएँ रख कर रही हैं?
- कब तक लखनऊ की जनता लूटी जाती रहेगी और रसोई गैस पर माफिया का कब्जा कायम रहेगा?

जन एक्सप्रेस के पास इस गोरखधंधे के पुख्ता सबूत मौजूद हैं। अब देखना है सरकार और प्रशासन कब जागेगा या फिर यह सिंडिकेट और ताकतवर बनता जाएगा।

विभागीय मिलीभगत पर सवाल

इतनी शिकायतों और सबूतों के बाद भी पूर्ति विभाग और विधिक माप विज्ञान विंग की चुप्पी संदेह खड़ा करती है। क्या अधिकारियों की मिलीभगत से यह गोरखधंधा फल-फूल रहा है? लखनऊ जिला पूर्ति अधिकारी से जब फोन पर सवाल पूछा गया तो उन्होंने सिर्फ इतना कहा, मामला हमारी जानकारी में नहीं था, अब जांच कराएंगे। सवाल यह है कि राजधानी लखनऊ के जिम्मेदार अधिकारी अगर इस तरह पल्ला झाड़ लेंगे तो गैस एजेंसियों के हौसले क्यों न बुलंद हों?



वी.डी दुबे, इंडेन गैस सर्विस मैनेजर, तेलीबाग

कभी भी हो सकता है बड़ा धमाका

विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि घटिया उपकरण और अवैध रिफिलिंग किसी भी दिन भयानक विस्फोट और आगजनी का कारण बन सकती है। ऐसे हादसे में सबसे पहले शिकार होगा आम उपभोक्ता–जिसकी जेब लूटी जा रही है और जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। यह पूरा मामला लखनऊ प्रशासन और सरकार के लिए लाल झंडी है। सवाल साफ है–क्या अब भी अधिकारी आंख मूंदकर बैठेंगे या फिर उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए तात्कालिक कार्रवाई होगी?

सुरक्षा के नाम पर खुली लूट

सूत्र बताते हैं कि उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर के साथ जबरन स्टोव और नली खरीदने का दबाव डाला जाता है। लेकिन यहाँ असली खेल कीमतों का है

- दो बर्नर स्टोव: 3,500
- सुरक्षा एलपीजी नली (1.5 मीटर): 4,500
- सुरक्षा एलपीजी नली (2 मीटर): 5,000

जबकि यही सामान बाजार में आधे दाम से भी कम में उपलब्ध है। यानी सुरक्षा की आड़ में खुलेआम उपभोक्ताओं की जेब काटी जा रही है।

स्वास्थ्य विभाग का महाघोटाला

नकली टेंडर, फर्जी हस्ताक्षर और ठगी का साम्राज्य

■ जनता की जान से खेलते अफसर और ठग, अब सरकार कब जागेगी?

जन एक्सप्रेस | लखनऊ/बाराबंकी

बीमार जनता इलाज की उम्मीद लिए सरकारी अस्पतालों के दरवाज़े खटखटाती है, लेकिन यहां इलाज के नाम पर खेला जा रहा है मौत का खेल! स्वास्थ्य विभाग और यूपी मेडिकल सप्लाईज़ कॉर्पोरेशन में ऐसा घोटाला सामने आया है जिसने पूरे सिस्टम की जड़ें हिला दी हैं। नकली दस्तावेज़, फर्जी हस्ताक्षर, टेंडर के नाम पर ठगी और नकद वसूली–यह घोटाला सिर्फ़ सरकारी धन लूटने का नहीं, बल्कि जनता की ज़िंदगी से खिलवाड़ का भयावह अपराध है।

अफसरों की भूमिका पर सवाल

इन आदेशों पर कभी उप निदेशक जगदीश कुमार, कभी सीएमओ डॉ. अवधेश कुमार यादव और कभी डॉ. जगदीश के हस्ताक्षर दर्ज हैं। विशेषज्ञों की राय साफ़ है नकद जमा कर टेंडर स्वीकृति जैसी प्रक्रिया असंभव है। तो फिर ये आदेश किसने तैयार किए? अगर हस्ताक्षर फर्जी हैं तो अधिकारियों की मुहर और नाम का इस्तेमाल किसने किया? और अगर असली हैं–तो अफसरों ने जनता के साथ यह मज़ाक क्यों किया?

ठगी का आरोपी नीरज यादव

मास्टरमाइंड नीरज यादव – नौकरी और टेंडर घोटाले का सरगना

जन एक्सप्रेस की जांच में इस पूरे घोटाले का सूत्रधार निकला–नीरज कुमार यादव, ग्राम शाहपुर ढकहा (सीतापुर) निवासी। पिता छबीले यादव ट्यूबवेल ऑपरेटर, पर बेटा नीरज ठगी का उस्ताद। अंबेडकरनगर में फर्जी नौकरी पत्रक पर पकड़ा गया, जेल गया। जेल से छूटने के बाद भी ठगी का खेल जारी।

अधिकारियों से गठजोड़ कर टेंडर और नौकरी घोटाले का बड़ा मॉडल खड़ा किया

सूत्र बताते हैं कि नीरज यादव ने समाजवादी पार्टी के नेताओं से नज़दीकी बनाकर पॉलिटिकल प्रोटेक्शन ले रखा है। शिवपाल यादव और सी.एल. वर्मा जैसे नेताओं संग उसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी हैं। महज़ 30 साल की उम्र में उसने ठगी का ऐसा जाल बुन लिया है कि आम आदमी आसानी से शिकार हो जाए।

फर्जी टेंडरों की समयरेखा

- **16 दिसम्बर 2024:** धरोहर राशि जमा कराने का आदेश
- **27 दिसम्बर 2024:** शपथ पत्र शुल्क 8,000 रुपये
- **17 जनवरी 2025:** प्रशिक्षण शुल्क 7,000 रुपये
- **18 दिसम्बर 2024:** गोदाम धरोहर 30,000 रुपये
- **13 जनवरी 2025:** गोदाम-वाहन प्रस्तुत करने का आदेश
- **फरवरी 2025:** अनुबंध जारी करने की तैयारी

फर्जी टेंडरों का खेल: लाखों की स्वीकृति, जेब में सिर्फ़ 7,000–40,000 रुपये

मेसर्स प्रकाश इंटरप्राइजेज नाम की कंपनी को लाखों रुपये का टेंडर मंजूर दिखाया गया। कभी कंपनी की मालकिन विद्या गौतम, तो कभी शीला कुमारी! आदेशों में गोदाम देने, वाहन उपलब्ध कराने और लाखों की मंजूरी का ज़िक्र। लेकिन असली खेल तब सामने आया जब टेंडर की स्वीकृति के बदले कंपनी से सिर्फ़ 7,000, 15,000 और 40,000 रुपये नकद जमा कराने के आदेश जारी किए गए। सवाल साफ़ है–कौन-सा सरकारी नियम लाखों के टेंडर की कीमत नकद की पर्चियों से वसूलता है?

जनता का सवाल–आखिर सरकार कब जागेगी?

- यह सिर्फ़ घोटाला नहीं, बल्कि जनता की जान से खेला गया अपराध है।
- अगर फाइलें फर्जी हैं तो इतनी बड़ी हेराफेरी पर कार्रवाई क्यों नहीं?
- अगर असली हैं तो अफसरों की भूमिका पर सरकार क्यों चुप है?
- स्वास्थ्य विभाग में यह ठगी किसकी छत्रछाया में चल रही है?
- प्रदेश सरकार बार-बार भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन का दावा करती है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग का यह महाघोटाला साबित करता है कि टेंडर माफिया और अफसरों की गठजोड़ ने पूरे सिस्टम को बंधक बना रखा है।
- जनता का सवाल अब साफ़ है–क्या सरकार जनता की जान से खेलते इस घोटाले पर कार्रवाई करेगी, या फिर यह मामला भी भ्रष्टाचार की फाइलों में दबा दिया जाएगा?

नीरज यादव से परिवार तक ने नाता तोड़ा

जन एक्सप्रेस ने नीरज यादव के पिता छबीले यादव से बातचीत की। वे बेटे का नाम सुनते ही भावुक हो उठे और बोले, नीरज ने बचपन से ही चोरी-ठगी शुरू कर दी थी। उसकी हरकतों से हम तंग आ चुके हैं। ठगी के आरोप में जेल भी गया। जेल से छूटकर सिर्फ़ एक बार घर आया और फिर कभी लौटकर नहीं आया। हम उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर चुके हैं, अखबार में भी इसकी सूचना छपवा दी है।

दबंगों की दबंगई: तालाब विवाद में छोटे भाई की हत्या, परिवार में मातम

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

राजधानी के दुबग्गा क्षेत्र के दशहरी गाँव में दबंगों की दबंगई के चलते खून-खराबे की वारदात सामने आई है। सरकारी तालाब से मछली चोरी करने पर रोक लगाने की कीमत एक परिवार को अपने जवान बेटे की जान देकर चुकानी पड़ी। पीड़ित परिवार ने गाँव के ही दबंगों पर 25 वर्षीय दीपक की हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पीड़ित श्रवण कुमार रावत पुत्र स्व. गया दीन ने थाना प्रभारी को बताया कि दशहरी गाँव स्थित सरकारी तालाब (खसरा संख्या 237 व 238) का पट्टा सरकार ने 10 वर्षों के लिए उन्हें दिया था। वह अपने छोटे भाई दीपक के साथ मिलकर मछली पालन कर रोज़ी-रोटी चला रहे थे। लेकिन गाँव के ही विकास पुत्र मलखे, शुभम पुत्र जागेश्वर, करन पुत्र रतन और सुभम पुत्र सीतल आए दिन तालाब से चोरी-छिपे मछली पकड़ते रहते थे। जब भी इसका विरोध किया जाता, तो ये दबंग गाली-गलौज करते, जान से मारने की धमकी देते और खुलेआम कहते–÷मछली बेचने नहीं देंगे, चाहे जान ही क्यों न चली जाए। श्रवण का आरोप है कि दबंगई और पुरानी रंजिश के चलते इन लोगों ने उसके छोटे भाई दीपक की हत्या कर दी। परिवार का कहना है कि दबंग पहले भी मारपीट और जान से मारने की धमकी दे चुके थे। गाँव में इस घटना से दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब पर लंबे समय से दबंगों की नजर थी और प्रशासन को कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जाँच शुरू कर दी है।

पीड़ित की तहरीर में दर्ज आरोप

तालाब (खसरा संख्या 237 व 238) का पट्टा प्रार्थी परिवार के नाम था। गाँव के दबंग तालाब से चोरी-छिपे मछली पकड़ते थे। विरोध करने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देते थे। तीन दिन पहले भी तालाब पर दबंगों ने मारपीट की थी। पुरानी रंजिश में मिलकर छोटे भाई दीपक की हत्या कर दी।

आपदा पीड़ितों को राह हेतु 8 करोड़ 25 लाख रूपये मंजूर

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

■ मंजूर की गयी धनराशि संबंधित जिलाधिकारी के निवर्तन पर रखी गयी है

■ आपदा प्रभावित व्यक्तियों परिवारों को राहत प्रदान करने के लिए 8 करोड़ 25 लाख रूपये मंजूर

प्रदेश सरकार ने वित्तीय व 2025-26 में आपदा प्रभावित व्यक्तियों परिवारों को राहत प्रदान करने के लिए 8 करोड़ 25 लाख रूपये मंजूर किये हैं। यह धनराशि राज्य आपदा मोचक निधि के तहत मंजूर की गयी है। मंजूर की गयी धनराशि संबंधित जिलाधिकारी के निवर्तन पर रखी गयी है। बांदा के लिए 02 करोड़ रूपये, जौनपुर के लिए 75 लाख रूपये, कासगंज के लिए 01 करोड़ रूपये, लखनऊ के लिए 01 करोड़ रूपये, लखीमपुर खीरी के लिए 01 करोड़ रूपये, चित्रकूट के लिए 01 करोड़ रूपये, आगरा के लिए 01 करोड़ रूपये तथा जालौन के लिए 50 लाख रूपये मंजूर किये गये हैं। स्वीकृत धनराशि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार संबंधित जनपद के कोषागार से सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में ई-पेमेन्ट के माध्यम से ही भुगतान किया जायेगा।राज्य सरकार द्वारा भारी वर्षा, अतिवृष्टि, आकाशीय विद्युत, आंधी-तूफान, लू-प्रकोप, नाव दुर्घटना, सर्पदंश, सीवर सफाई, गैस रिसाव, बोरवेल में गिरना, कुआं-नदी, झील, तालाब, पोखर, नहर, नाला, गड्ढा जल प्रपात में डूब कर होने वाली मृत्यु तथा सांड एवं वनरोज नील गाय के आघात से होने वाली घटनाओं को राज्य आपदा घोषित किया गया है।

निम्न स्तर पर आ पहुंची है कांग्रेस की राजनीति: बेबीरानी

■ कांग्रेस-आरजेडी मंच से प्रधानमंत्री की माताजी को गाली घोर निंदनीय

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

बाल विकास पुष्टाहार एवं महिला कल्याण मंत्री बेबीरानी मौर्य ने कहा कि कांग्रेस की तथाकथित वोट अधिकार यात्रा में बिहार के दरभंगा में जिस तरह से कांग्रेस-आरजेडी के मंच से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दिवंगत पूज्य माताजी को गाली दी गई, वह घोर निंदनीय और भर्त्सनीय है। वह न केवल निंदनीय है, बल्कि हमारे लोकतंत्र को कलंकित करने वाला है। राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की राजनीति अपने निम्न स्तर पर आ पहुँची है। यह अभद्रता की सारी सीमा लांघ चुके दो शहजादों का बिहार की धरती से बिहार की संस्कृति का अनादर है। बेबी रानी मौर्या ने प्रश्न किया कि क्या राहुल गाँधी तू-तड़ाक की भाषा का प्रयोग करके और अपने मंच से ऐसी गालियों को प्रोत्साहित करके, देश की मातृशक्ति को अपमानित करके अपना राजनैतिक स्वार्थ साधना चाहते हैं? यह केवल देश के प्रधानमंत्री की पूज्य माताजी को गाली नहीं दी गई है, बल्कि यह गरीबी में मेहनत की पराकाष्ठा कर, अथक परिश्रम कर अपने बच्चों को पालने वाली, उन्हें अच्छा संस्कार देने वाली हर माँ का अपमान है। बिहार और भारत की महान संस्कृति क्या इसकी इजाजत देती है? क्या ऐसे बयानों का कहीं से भी समर्थन किया जा सकता है? आज हर माँ का हृदय व्यथित है, द्रवित है, आक्रोशित है। राहुल गाँधी का अहंकार देखिये कि 28 अगस्त को राहुल गाँधी के मंच से देश के हर माँ को गाली दी गई लेकिन न तो राहुल गाँधी ने, न तेजस्वी यादव ने और न ही इंडी ठगबंधन के किसी भी नेता ने इसके लिए माफी माँगी। आयोजकों पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई।श्रीमती मौर्य ने कहा कि ये दिखाता है कि राहुल गाँधी और तेजस्वी यादव की मानसिकता कितनी ओछी हो गई है। क्या देश की हर माता-बहनों को इसके लिए भी सड़क पर उतरना पड़ेगा। ये देश को किस तरफ ले जाना चाहते हैं? कांग्रेस-आरजेडी ने बिहार की सांस्कृतिक विरासत और परंपरा को बदनाम किया है। राहुल गाँधी और तेजस्वी यादव को इस कुकृत्य के लिए अविलंब माफी मांगनी चाहिए। राहुल गाँधी और तेजस्वी यादव सहित इंडी ठगबंधन के नेताओं को ये हजम नहीं हो रहा है कि एक गरीब माँ का बेटा देश के प्रधानमंत्री पद पर कैसे आसीन है और कैसे देश की जनता ने उन्हें अपने दिलों में बिठाया हुआ है। जिन पूज्य माताजी ने संघर्ष कर और परिश्रम की पराकाष्ठा कर गरिमापूर्ण जीवन व्यतीत किया, उन पुण्यात्मा के शतायु होकर देवलोकगमन के बाद उनका इस तरह से कांग्रेस-आरजेडी द्वारा सार्वजानिक मंच से अपमान किया जाना देश की महान संस्कृति और भारत की महान परंपरा में कहीं से भी स्वीकार्य नहीं किया जा सकता। माँ जानकी की पावन धरा पर भारत की मातृशक्ति के अपमान का दुस्साहस कांग्रेस और आरजेडी ने किया है। इस कुकृत्य की जितनी भी निंदा की जाय, कम है। राहुल गाँधी और तेजस्वी यादव की तू-तड़ाक की भाषा ने राजनीतिक मर्यादा की सीमा को तार-तार करके रख दिया है। इन दोनों ने जिस तरह राजनीतिक भाषणों में भाषायी गरिमा को तिलांजलि देकर अभद्र शब्दों का प्रयोग करना शुरू किया है, इसको देख कर इनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने भी इसी तरह की अभद्र शब्दावलियों का प्रयोग करना शुरू किया है। कांग्रेस-आरजेडी द्वारा मातृशक्यि को गाली देने का संस्कार इन्हें राहुल गाँधी और तेजस्वी यादव के भाषणों और उकसावे से ही मिला है। इनके नेताओं ने पहले भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बार-बार घोर अपशब्द कहे हैं और इनके माता-पिता को लेकर भी अभद्र बातें की हैं। यह साफ दर्शाता है कि कांग्रेस पार्टी अपने उस चाल-चरित्र में वापस लौट आई है।

यूपी के तीन नवगठित विश्वविद्यालयों में 948 नए पदों के सृजन को मंजूरी, 480 आउटसोर्सिंग पद शामिल

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक और बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश के तीन नवगठित विश्वविद्यालयों गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय (मुरादाबाद), मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय (मिर्जापुर) और मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय (बलरामपुर) में कुल 948 नए पदों के सृजन को मंजूरी दी गई है। इसमें 468 अस्थायी शिक्षणेतर पद और 480 आउटसोर्सिंग पद शामिल हैं। इन पदों के सृजन से विश्वविद्यालयों की प्रशासनिक और कार्यात्मक व्यवस्था अधिक सुदृढ़ होगी। साथ ही शैक्षिक गुणवत्ता में वृद्धि होगी और प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि यह निर्णय विश्वविद्यालयों को मजबूत बनाने के साथ-साथ प्रदेश को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। विश्वविद्यालयों में नए पदों का सृजन इसी दिशा में एक ठोस कदम है, जो उच्च शिक्षा को सशक्त और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगा। प्रत्येक विश्वविद्यालय में 156 अस्थायी शिक्षणेतर पद सृजित किए गए हैं, जो 28 फरवरी 2026 तक प्रभावी रहेंगे और आवश्यकतानुसार समाप्त भी किए जा सकते हैं। इन पदों में फार्मासिस्ट, इलेक्ट्रिशियन, अवर अभियंता, आशुलिपिक, सहायक लेखाकार, कनिष्ठ सहायक, लैब टेक्नीशियन, लैब असिस्टेंट, उप कुलसचिव, सहायक कुलसचिव, वैयक्तिक सहायक, लेखाकार, प्रधान सहायक, चिकित्साधिकारी और स्टाफ नर्स जैसे पद शामिल हैं। इन पदों की भर्ती अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, सीधी भर्ती, पदोन्नति और प्रतिनियुक्ति की प्रक्रिया से की जाएगी।

480 आउटसोर्सिंग के भी पद

इसके अलावा हर विश्वविद्यालय में 160 पद वाह्य सेवा प्रदाता (आउटसोर्सिंग) के माध्यम से पूरे किए जाएंगे, जिससे कुल 480 पद बनते हैं। इनमें कम्प्यूटर ऑपरेटर, स्वच्छकार, चौकीदार, माली, चपरासी, वाहन चालक और पुस्तकालय परिचर जैसे पद शामिल हैं। आउटसोर्सिंग की प्रक्रिया जेम पोर्टल के माध्यम से निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से पूरी की जाएगी। साथ ही, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, श्रम विभाग और कार्मिक विभाग द्वारा जारी शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। सभी नियुक्तियों में आरक्षण से जुड़े नियमों और प्रक्रियाओं का पालन अनिवार्य होगा।

शैलचित्रों व सांस्कृतिक विरासतों के संरक्षण हेतु इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र नई दिल्ली तथा यूपी पुरातत्व विभाग के मध्य एमओयू

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह की उपस्थिति में पर्यटन निदेशालय गोमतीनगर में राज्य पुरातत्व निदेशालय एवं इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र नई दिल्ली के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। पर्यटन मंत्री ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समझौता ज्ञापन भारतीय कलाओं, साहित्य, नृत्य, संगीत, नाटक तथा दृष्य कलाओं के अनुसंधान एवं भारत की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए समर्पित है। समझौता का उद्देश्य दोनों संस्थाओं के बीच सहयोग, भूमिकाओं एवं जिम्मेदारियों का एक साझा ढांचा तैयार करना है, ताकि संयुक्त रूप से कार्य करने हेतु एक ठोस आधार स्थापित किया जा सके। राज्य पुरातत्व विभाग द्वारा 273 स्मारकों पुरास्थलों संरक्षित है, जिसमें से सोनभद्र, मीरजापुर आदि स्थानों पर शैलचित्र भी संरक्षित है, जो प्रागैतिहासिक काल से मध्यकाल तक निर्मित हुई, इस एमओयू के अंतर्गत अनुसंधान, शैक्षणिक कार्यक्रमों, अनुसंधान परियोजनाओं पर विचारों का आदान-प्रदान, प्रौद्योगिकी एवं इनक्यूबेशन को बढ़ावा देना है। यह समझौता ज्ञापन शैलचित्रों एवं पुरातत्व के क्षेत्र में अल्पकालिक शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन प्रमुख रूप से सम्मिलित है। इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र नई दिल्ली कलाओं के और अन्वेषण के लिये एक प्रमुख संधान के रूप में कार्य करता है, जिसमें मानव संस्कृति एवं ब्रम्हाण्ड के विज्ञान बीच सम्बन्धों का अन्तः विषय अध्ययन भी शामिल है। साथ ही शोध एवं अध्ययनों की प्रदर्शितयों के माध्यम से दृश्य रूप में प्रदर्शित करता है। सांस्कृतिक संरक्षण और प्रचार के लिये सूचना विज्ञान एवं प्रद्यौगिकी उपरकरणों का उपयोग करता है। उन्होंने उम्मीद जाहिर की कि यह समझौता उत्तर प्रदेश की विरासत के संरक्षण तथा उसके संवर्धन के लिए कार्य करेगा। लोक कलाओं में गीत-संगीत एवं नृत्य तथा नाटक को बढ़ावा देगा। कार्यक्रम में मुकेश मेश्राम, प्रमुख सचिव, संस्कृति एवं पर्यटन विभाग, ने समझौता ज्ञापन की सफलता के लिए कामना की। उन्होंने कहा कि कला केन्द्र दिल्ली तथा संस्कृति विभाग आपसी सहयोग एवं समन्वय से कार्य करते हुए सांस्कृतिक धरोहर को भावी पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए कार्य करेंगे। इस समझौता ज्ञापन पर उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व निदेशालय की निदेशक रेनू द्विवेदी एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, नई दिल्ली के आदि दृश्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ ऋचा नेगी द्वारा समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर जेपी सिंह, सलाहकार,उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग संजय कुमार सिंह विशेष सचिव संस्कृति विभाग उमा द्विवेदी, संयुक्त सचिव, संस्कृति विभाग सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग अब सेवारत विभाग में शामिल

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद बैठक में प्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लिया है। स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग को उत्तर प्रदेश सरकार के सेवारत विभाग में सम्मिलित कर दिया गया है।स्टाम्प एवं पंजीयन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार रवींद्र जायसवाल ने बताया कि स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग प्रदेश का एक अत्यंत महत्वपूर्ण विभाग है, जो हर वर्ष 40 लाख विलेखों का पंजीकरण करता है और जिसके माध्यम से दो करोड़ से अधिक लोग प्रत्यक्ष रूप से सेवाएँ प्राप्त करते हैं। यह विभाग न केवल राज्य सरकार को विशाल राजस्व प्रदान करता है बल्कि शासन की सामान्य कार्यप्रणाली का अभिन्न हिस्सा भी है।

मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना के अंतर्गत 130 आवेदन दर्ज

जन एक्सप्रेस । अमेठी

प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना को लेकर जनपद में युवाओं का उत्साह देखने को मिला।तिलोई ब्लॉक क्षेत्र में आयोजित आवेदन प्रक्रिया के दौरान बड़ी संख्या में युवक-युवतियों ने भाग लिया।और योजना का लाभ उठाने के लिए पंजीकरण कराया।जानकारी के अनुसार तिलोई ब्लॉक में इस योजना के अंतर्गत लगभग 130 आवेदन पत्र लिए गए।आवेदन प्रक्रिया में ब्लॉक स्तरीय कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।इस अवसर पर संबंधित कर्मचारियों ने सक्रिय सहयोग करते हुए युवाओं को योजना की जानकारी दी,और फॉर्म भरवाए।इसके साथ ही ग्रामीण स्तर पर भी योजना को लेकर सकारात्मक माहौल दिखाई दिया। ग्राम पंचायत भागीरथपुर की प्रधान कविता देवी स्वयं मौके पर मौजूद रहीं।और उन्होंने युवाओं को इस योजना से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।प्रधान ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना से ग्रामीण युवाओं को आर्थिक मजबूती मिलेगी।तथा वे स्वावलंबन की दिशा में कदम बढ़ा सकेंगे।ग्रामीणों का कहना है,कि यह योजना उन युवाओं के लिए उम्मीद की किरण है,जिन्हें रोजगार के अवसर तलाशने में कठिनाइयाँ होती हैं।आवेदन करने वाले कई युवक-युवतियों ने बताया कि सरकार द्वारा मिल रही सहायता से वे छोटे-छोटे उद्योग या स्वरोजगार के कार्य शुरू कर पाएंगे।उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना के तहत पात्र युवाओं को स्वरोजगार हेतु ऋण उपलब्ध कराया जाता है,जिसमें सरकार द्वारा आंशिक अनुदान भी दिया जाता है। इससे न केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे,बल्कि स्थानीय स्तर पर आत्म निर्भरता को भी बढ़ावा मिलेगा।तिलोई ब्लॉक में हुई इस पहल ने साबित कर दिया,कि यदि योजनाओं की जानकारी सही समय पर और पारदर्शी तरीके से दी जाए, तो ग्रामीण क्षेत्रों के युवा भी आगे आकर लाभ उठाने के लिए तत्पर रहते हैं।

गुरु तेग बहादुर जी के 350 वें शहीदी दिवस को शहीदी नगर कीर्तन ऐतिहासिक गुरु शस्त्र यात्रा

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। साथ विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब धोबड़ी साहिब (आसाम) से शुरू हुई यह ऐतिहासिक यात्रा देश के कई नगरों से होती हुई आज रायबरेली पहुंची। यहां सिख समुदाय के लोगों ने नगर कीर्तन यात्रा का श्रद्धा और उत्साह के साथ स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने गुरु के शौर्य, त्याग और बलिदान को याद करते हुए कीर्तन और अरदास की। यात्रा रायबरेली से प्रयागराज और अन्य प्रमुख पड़ावों की ओर बढ़ेगी तथा इसका समापन तख्त केशगढ़ साहिब, आनंदपुर साहिब (रोपड़, पंजाब) में होगा। आयोजन समिति का कहना है कि इस यात्रा का उद्देश्य गुरु तेग बहादुर साहिब की शहादत और उनके आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुँचाना है।

लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित,डीएम के आदेश पर जिले के सभी स्कूलों में छुट्टी

जन एक्सप्रेस । अमेठी

पिछले तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश ने जिले में जनजीवन को प्रभावित कर दिया है।सड़कों पर जलभराव और ग्रामीण इलाकों में अव्यवस्था की स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने विशेष कदम उठाए हैं। जिलाधिकारी संजय चौहान ने मंगलवार को आदेश जारी करते हुए जिले के सभी विद्यालयों में अवकाश की घोषणा की है।डीएम के निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार द्विवेदी ने आदेश पत्र जारी कर दिया है।यह आदेश नर्सरी से लेकर कक्षा 12 तक के सभी विद्यालयों पर लागू होगा। इसमें परिषद,मान्यता प्राप्त,सहायता प्राप्त,सीबीएसई,आईसी एससी सहित सभी बोर्डों के स्कूल शामिल हैं।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जारी पत्र पत्रांक बेसिक/6516-25/2025-26 दिनांक02.09. 2025 में स्पष्ट किया गया है,कि लगातार हो रही भारी बारिश और जलभराव की संभावना को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।विद्यार्थियों की सुरक्षा को देखते हुए एक दिन का अवकाश घोषित किया गया।हालांकि आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर एफ.एल.एन.प्रशिक्षण का संचालन सामान्य रूप से जारी रहेगा।जिला प्रशासन ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है,कि आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराएं।साथ ही संबंधित अधिकारियों को इसकी सूचना भी भेज दी गई है।विद्यार्थियों और अभिभावकों ने प्रशासन के इस निर्णय का स्वागत किया है।उनका कहना है कि भारी बारिश के बीच विद्यालय आना-जाना बच्चों के लिए जोखिम भरा हो सकता था।वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी लगातार वर्षा से हालात बिगड़ने लगे हैं,जिससे छुट्टी का निर्णय पूरी तरह उचित माना जा रहा है।

कृषि विभाग की कार्रवाई, एग्री जंक्शन केंद्र का लाइसेंस निलंबित

जन एक्सप्रेस । अमेठी

जिला कृषि अधिकारी डॉ राजेश कुमार ने मंगलवार को जनपद के विभिन्न उर्वरक व बीज केंद्रों का निरीक्षण किया।इसमें इफको किसान सेवा केंद्र जायस,साधन सहकारी समिति ब्रह्मानी,ओदारी, फूला,एग्री जंक्शन केंद्र मिठ्ठू का पुरवा तथा पुनीत बीज भंडार फुरसतगंज शामिल थे।निरीक्षण के दौरान एग्री जंक्शन केंद्र मिठ्ठू का पुरवा पर दुकान बंद पाई गई।इस पर कृषि अधिकारी ने तत्काल प्रभाव से उक्त केंद्र का उर्वरक लाइसेंस निलंबित कर दिया। निरीक्षण के दौरान एक उर्वरक तथा दो कीटनाशक के नमूने गुणवत्ता जांच के लिए लिए गए।

मौके पर मौजूद किसानों से बातचीत में कुछ किसानों ने बताया कि वे प्रति बीघा एक बोरी यूरिया का छिड़काव कर रहे हैं।इस पर कृषि अधिकारियों ने उन्हें चेताया कि प्रतिबीघा अधिकतम 25 किलोग्राम यूरिया का ही प्रयोग करें।किसानों को समझाया गया कि अधिक मात्रा में यूरिया छिड़कने से फसल की बढ़वार तो तेजी से होती है,लेकिन उसके गिरने की संभावना भी बढ़ जाती है,जिससे उत्पादन प्रभावित होता है।इसके अलावा कीट व रोग लगने का खतरा भी अधिक हो जाता है।कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि धान की फसल में एक किलोग्राम यूरिया प्रति बिस्वा से अधिक का प्रयोग न करें।संतुलित मात्रा में खाद देने से ही फसल स्वस्थ रहती है।और उत्पादन बेहतर होता है।

पेड़ गिरने से बुजुर्ग की मौत, बारिश के दौरान हुआ हादसा,

जन एक्सप्रेस/अमेठी। जिले के मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र में सोमवार की रात बारिश के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। लगातार हो रही बरसात के बीच वार्ड नंबर आठ में अचानक एक पेड़ गिर गया,जिसकी चपेट में आने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई।जानकारी के अनुसार मृतक बुजुर्ग सोमवार की रात में साइकिल से अपने घर लौट रहे थे।तभी अचानक तेज हवा और बारिश के बीच सड़क किनारे खड़ा एक पेड़ टूटकर उनके ऊपर गिर पड़ा।हादसा होते ही आसपास मौजूद लोग मदद के लिए दौड़े और गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को तत्काल मुसाफिरखाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।और आवश्यक कार्यवाही शुरू की गई। मुसाफिरखाना एसएचओ विवेक सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।उन्होंने कहा कि आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जा रही है।स्थानीय ग्रामीणों ने घटना पर दुख जताया।तथा प्रशासन से परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है।

फायर ब्रिगेड ने 2 घंटे में पाया काबू

बैटरी दुकान में भीषण आग, शॉर्ट सर्किट से लगी आग में लाखों का नुकसान

जन एक्सप्रेस । तिलोई,अमेठी

तिलोई तहसील क्षेत्र अंतर्गत मोहनगंज चौराहे पर स्थित सूरज बैट्री सर्विस की दुकान और फैक्ट्री में सोमवार की देर रात भीषण आग लग गई।शॉर्ट सर्किट से लगी इस आग ने कुछ ही मिनटों में पूरी दुकान और फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया।हादसा इतना गंभीर था कि लाखों का सामान राख में तब्दील हो गया।जानकारी के अनुसार यह घटना सोमवार देर रात करीब दो बजे की है।मोहल्ले के निवासी मोनू ने सबसे पहले दुकान से धुआं उठते देखा।उन्होंने तुरंत दुकान मालिक हनुमान मौर्य,निवासी भेलाई कला, को सूचना दी।सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे,तो दुकान और फैक्ट्री में रखा सामान धधक रहा था।घटना की सूचना पाकर मोहनगंज पुलिस और फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों की टीम मौके पर पहुंची।दमकल कर्मियों ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक दुकान और फैक्ट्री में रखा अधिकांश सामान जलकर खाक हो चुका था।

दुकान मालिक हनुमान मौर्य ने बताया कि आग से लगभग अस्सी लाख रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि दुकान और फैक्ट्री में रखी बैटरियां,चार्जिंग उपकरण और अन्य सामान पूरी तरह जल गए।मौके पर पहुंचे हल्का लेखपाल अनूप सिंह ने बताया कि घटना की जांच कर ली गई है।और नुकसान का आकलन प्रशासन को भेज दिया गया है।उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आई है।स्थानीय लोगों ने घटना पर दुःख व्यक्त किया और कहा कि यह हादसा पूरे क्षेत्र के लिए बड़ी क्षति है।क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को शीघ्र मुआवजा दिलाया जाए ताकि वे फिर से अपने व्यवसाय को खड़ा कर सकें।

रायबरेली में पार्किंग को लेकर अस्पताल के बाहर हुआ विवाद

जन एक्सप्रेस/रायबरेली के नेहरू नगर में एक प्राइवेट अस्पताल के सामने पार्किंग विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। घटना में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

घटना में एक पक्ष में अधिवक्ता और दूसरे में डॉक्टर शामिल थे। वीडियो में कुछ लोग डंडों से लैस दिखाई दे रहे हैं। विवाद इतना बढ़ गया कि एक व्यक्ति को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया। इस मारपीट में उसे गंभीर चोटें आईं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों पक्षों को इंदिरा नगर चौकी बुलाया। मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों पक्षों ने आपसी सुलह का प्रस्ताव रखा। पुलिस ने मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

हालांकि, पहले हिंसक झड़प और फिर वीडियो वायरल होने के बाद आपसी सुलह की बात पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है।

महिला एंपावरमेंट के लिए छात्राओं को किया गया जागरूक

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर में एमडीके बालिका इंटर कॉलेज में मंगलवार को वन स्टॉप सेंटर एवं तराई एनवायरनमेंट अवेयरनेस समिति के सहयोग से संकल्प हब इंपावरमेंट ऑफ वूमेन योजना के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम के तहत छात्राओं को किया गया ।

जानकारी के अनुसार 2 सितंबर को महारानी देवेंद्र कुंवरि बालिका इंटर कालेज में वन स्टॉप सेंटर एवं तराई एनवायरनमेंट अवेयरनेस समिति के सहयोग से संकल्प हब इंपावरमेंट ऑफ वूमेन योजना के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम किया गया जिसमें वन स्टॉप सेंटर से कविता जी के द्वारा वन स्टॉप सेंटर, हेल्प लाइन नंबर एवं बाल श्रम योजना, स्पॉन्सर शिप योजना, कन्या सुमंगला योजना के बारे में जानकारी दी । संस्था की पल्लवी मिश्रा ने बाल विवाह एवं यौनिक उत्पीड़न के बारे में छात्राओं को जागरूक किया । उन्होंने योजनाओं से संबंधित पेम्प्लेट्स भी दिए गए । कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य साधना पाण्डेय, अध्यापक प्रगति श्रीवास्तव, नीलम भारती, वन स्टॉप सेंटर से कविता संस्था से पल्लवी मिश्रा तथा बाल संरक्षण इकाई से सामाजिक कार्यकर्ता सुनील उपस्थित रहे।

शारदा नहर पुल की खस्ता हालत: बिंदागंज में गड्ढों से परेशान ग्रामीण, कई बार हो चुके हादसे

रायबरेली के जगतपुर थाना क्षेत्र के बिंदागंज में स्थित शारदा नहर पुल की स्थिति अत्यंत खराब हो गई है। पुल पर बने बड़े-बड़े गड्ढों के कारण आवागमन बाधित हो रहा है।

इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों वाहन गुजरते हैं। दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी चिंताजनक हो जाती है। गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है।

स्थानीय निवासी संदीप शरारती, शिवा, सतीश, संदीप अवस्थी और सोनू ने बताया कि पुल की मरम्मत लंबे समय से नहीं हुई है। कई लोग बाइक से गिरकर घायल हो चुके हैं। लेकिन संबंधित विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से पुल की तत्काल मरम्मत की मांग की है। उनका कहना है कि मरम्मत से लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सकेगी।

पूर्व सांसद ने केंद्रीय दूरसंचार राज्य मंत्री से किया मुलाकात

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर में कमजोर मोबाइल नेटवर्क को लेकर पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने मंगलवार को केन्द्रीय दूर संचार राज्यमंत्री डॉ चन्द्र शेखर पेम्मासानी से मुलाकात की। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री से संसदीय क्षेत्र के दोनो जनपद बलरामपुर व श्रावस्ती के खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में व्याप्त नेटवर्क की समस्या का निराकरण कराए जाने के लिए पत्र देकर मांग की है।

जानकारी के अनुसार 2 सितंबर को केन्द्रीय दूर संचार राज्यमंत्री को सौंपे गए पत्र में पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने कहा है कि उनके संसदीय क्षेत्र के श्रावस्ती एवं बलरामपुर जनपद नेपाल सीमा पर स्थित हैं। प्रधानमंत्री के आकांक्षात्मक जनपदों में भी यह दोनों जिले शामिल हैं। इसके बावजूद यहां खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क की समस्या निरंतर बनी रहती है। जबकि सरकारी एवं गैर सरकारी अधिकांश कार्य ऑनलाइन हो गए हैं। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री को अवगत कराया कि मौजूदा समय में माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा संचालित सभी विद्यालयों में अध्यापकों एवं छात्रों की उपस्थिति के साथ-साथ छात्रों के पंजीकरण परीक्षाफल तक के समस्त कार्य ऑनलाइन प्रणाली पर आधारित हैं, जो कमजोर नेटवर्क के कारण समय से पूर्ण नहीं हो पाते हैं। उन्होंने बलरामपुर एवं श्रावस्ती जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में व्याप्त नेटवर्क समस्या के निराकरण कराए जाने की मांग की है। पूर्व सांसद ने बताया कि केन्द्रीय राज्यमंत्री द्वारा सकारात्मक आश्वासन दिया गया है।

एसएसबी जवान बने देवदूत पानी में डूब रहे राहगीरों को बचाया

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर में मंगलवार को 50 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने देवदूत बनकर बोलेरो के साथ पानी में डूब रहे पांच लोगों का रेस्क्यू किया, जिसमें तीन लोगों की जान बचाई जा सकी ।

जानकारी के अनुसार 2 सितंबर को सशस्त्र सीमा बल 50 वीं वाहिनी के जवान गाड़ी में बैठकर वर्तमान वाहिनी मुख्यालय से 50 वीं वाहिनी के लिए बलरामपुर बाईपास रोड पर अधिकृत जमीन पर रुटीन प्रेक्टिस एवं ट्रेनिंग के लिए जा रहे थे, तभी अधिकृत जमीन से लगभग 2 किलो मीटर पहले बाईपास रोड पर उन्होंने देखा कि एक बोलेरो सड़क से पलटकर सड़क किनारे पानी में गिरी हुई है और आस पास काफी भीड़ जमा है । सशस्त्र सीम बल के 26 जवानों ने निरीक्षक (सामान्य) प्रवीण कुमार के नेतृत्व में मौके से भीड़ को हटाते हुए राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया । इन्होने पानी में डूबे बोलेरो में फसे 5 व्यक्तियों जिसमें से एक महिला थी, को बाहर निकाला। बाद में 01 महिला और 01 पुरुष को हॉस्पिटल पहुंचने पर डाक्टर द्वारा मृत्य घोषित कर दिया गया। एसएसबी 50 वीं वाहिनी के कमांडेंट संजय कुमार ने बताया कि जवानो द्वारा पानी में फंसे पलटे बोलेरो को, लोगों की जान बचाने के क्रम में सीधा भी करना पड़ा। जवानों द्वारा त्वरित कार्यवाही एवं टीम वर्क के कारण राहगीरों की जान बच पायी। जवानों की कड़ी मेहनत के कारण लोगों को बाहर निकालने के बावजूद भी उनकी जान बचाना मुश्किल था, तब जवानों ने अपने सीखे हुए तरीके से लोगों के पेट एवं शरीर से पानी को न सिर्फ बाहर निकाला बल्कि दो व्यक्तियों को सीपीआर भी देकर उन्हें होस में लाया । तत्पश्चात एसएसबी जवानों ने मौके पर एम्बुलेंस बुलाया और मौके पर प्राथमिक उपचार एवं सीपीआर जैसे महत्वपूर्ण उपचार देकर घायल लोगों को तुरंत हॉस्पिटल पहुँचाया । एसएसबी जवानों ने घायल लोगों को उठाया एवं एम्बुलेंस में बैठाकर एम्बुलेंस के साथ हॉस्पिटल तक गये और घायलों का त्वरित ईलाज संभव कराया एवं 5 लोगों में से 3 लोगों की जान बचाने में सफल रहे। उन्होंने सभी एसएसबी जवानों, पुलिस कर्मियों तथा स्थानीय लोगों को इस कार्य के लिए धन्यवाद भी दिया है।

दूरभाष पर आने वाली समस्या एवं शिकायतों का अधिकारी त्वरित कराए निस्तारण: हर्षिता माथुर

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया है कि जनपद के कृषकों को आवश्यकतानुसार उर्वरकों की समय से निर्धारित दर पर उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा उर्वरकों के उपलब्धता एवं वितरण के सम्बन्ध में आ रही समस्याओं/शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु कलेक्ट्रेट परिसर में कन्ट्रोल रूम नम्बर 0535-2204086 स्थापित है जिसके प्रभारी सचिन यादव, डिप्टी कलेक्टर रायबरेली को नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा है कि कन्ट्रोल रूम के नम्बर पर किसान उर्वरक के सम्बन्ध में अपनी समस्या/शिकायत तक दर्ज करा सकते है। कन्ट्रोल रूम प्रत्येक कार्य दिवस में दो पालियों में सुबह 08:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली में अपराह्न 02:00 बजे से शाम 08:00 बजे तक कार्य करेगा। जिसमे कृषि विभाग एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहकर दूरभाष पर आने वाली समस्या एवं शिकायत सुनेंगे तथा पंजिका में दर्ज करते हुए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को अवगत करते हुए त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करायेंगे।

गणेश महोत्सव में आयोजित जागरण कार्यक्रम में भजनों पर झूम उठे श्रद्धालू

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद मुख्यालय के भगवतीगंज स्टेशन मोड पर श्री सिद्धिविनायक महोत्सव सेवा समिति द्वारा श्री गणेश पूजा महोत्सव का कार्यक्रम विधि विधान से किया जा रहा है। एक सप्ताह तक चलने वाले इस पूजा महोत्सव का आज मूर्ति विसर्जन के साथ समापन हो जाएगा।

बताते चलें कि गत 27 अगस्त गणेश चतुर्थी के दिन से लगातार 7 दिनों तक इस समिति द्वारा भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित कर विधि विधान से पूजन किया जा रहा है। पंडाल में रोज आरती पूजन और भजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंगलवार को समिति ने रात्रि जागरण का कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें श्रद्धालु श्री भगवान गणेश की भजनों पर झूमते गाते नजर आए। वही हवन और पूर्णाहुति के कार्यक्रम में भी लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आज पूजा के समापन के दिन 7 दिनों से स्थापित गणेश जी की प्रतिमा का गाजे बाजे के साथ सम्मानपूर्वक विसर्जन किया जाएगा। विसर्जन जुलूस स्टेशन मोड चौराहे से चलकर नगर के मुख्य चौराहे वीर विनय होते हुए तुलसीपुर रोड पर स्थित राप्ती नदी के सिसई घाट तक जाएगा। जहां पर प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में श्री सिद्धिविनायक महोत्सव सेवा समिति के संरक्षक हेमंत मणि तिवारी, सुनील शुक्ला, संजय मिश्रा, अध्यक्ष विमल शुक्ला, उपाध्यक्ष आनंद मिश्रा, मंत्री अनिल गुप्ता, कोषाध्यक्ष - मनीष, प्रभारी मंत्री - सूरज गुप्ता, व्यवस्थापक विनय शुक्ला, संगठन मंत्री - राहुल पाठक, मीडिया प्रभारी अवधेश तिवारी, सूरज शुक्ला , शुभम मिश्रा, प्रदीप तिवारी ,आकाश श्रीवास्तव, सुरेश त्रिपाठी, रोहन पटवा सहित तमाम स्थानीय लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

शौच करने के दौरान पैर फिसलने से हुआ हादसा

रायबरेली के नसीराबाद थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई। रायपुर टोड़ी गांव में सोमवार सुबह एक 18 वर्षीय युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान नीरज के रूप में हुई है।

नीरज सुबह शौच के लिए गांव से करीब 500 मीटर दूर स्थित सरकारी खरगा तालाब गया था। वहां उसका पैर फिसल गया और वह तालाब में गिर गया। एक ग्रामीण जब अपना खेत देखने गया, तो उसने तालाब में तैरता शव देखा। उसने तुरंत गांव के लोगों को सूचना दी।

मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने शव को बाहर निकाला। परिजनों को लगा कि नीरज की सांसें चल रही हैं। वे तुरंत उसे नसीराबाद सीएचसी ले गए। लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक की मां रीता ने बताया कि उनके परिवार में पांच बेटे और एक बेटी हैं। नीरज सबसे बड़ा बेटा था। आर्थिक तंगी के कारण वह पढ़-लिख नहीं सका। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

राशिद खान ने टिम साउथी का रिकॉर्ड तोड़ा



टी-20 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने

ढाका (एजेंसी)। यूएई के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के तीसरे मैच 189 रनों के लक्ष्य का बचाव करते हुए अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान ने बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। राशिद तीन विकेट लेकर टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं।

त्रिकोणीय श्रृंखला के तीसरे मैच में 189 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए यूएई की टीम 8 ओवरों के बाद 76/1 के स्कोर पर आराम से जीत की और बढ़ रही थी, जब राशिद ने कप्तान मुहम्मद वसीम और एथन डिसूजा के बीच खतरनाक दिख रही 61 रनों की साझेदारी को 9वें ओवर की पहली ही गेंद पर तोड़ दिया और डिसूजा को 12 रन पर एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया।

राशिद ने अपने अगले ओवर में फिर से कमाल दिखाया और यूएई के पांचवें नंबर के बल्लेबाज आसिफ खान को एक रन पर आउट कर दिया। उनका तीसरा विकेट 15वें ओवर में आया जब ध्रुव पाराशर एक रन पर आउट हो गए। राशिद ने 21 रन देकर 3 विकेट लिए और इस तरह टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सबसे ज्यादा 165 विकेट लेने वाले गेंदबाज बने।

बाएं हाथ के स्पिनर शराफुद्दीन अशरफ ने वसीम को 37 गेंदों में 67 रनों पर आउट कर यूएई की उम्मीदों पर पानी फेर दिया और अफगानिस्तान की जीत लगभग पक्की कर दी। उन्होंने 24 रन देकर 3 विकेट लिए और अपनी टीम को 38 रनों से जीत दिलाई। पहली पारी में सेदिकुल्लाह अटल (54) और इब्राहिम ज़द्रान (63) के दोहरे अर्धशतकों ने इस जीत की नींव रखी।

राशिद अपनी 98वीं पारी में टी20 अंतरराष्ट्रीय विकेटों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए। पिछले रिकॉर्ड धारक टिम साउथी ने राशिद से 25 पारियां ज्यादा खेलकर 164 विकेट लिए थे। राशिद ने ये विकेट 13.75 के शानदार औसत से लिए हैं, जबकि साउथी का औसत 22.38 है। यह उन पूर्ण सदस्य खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ है जिन्होंने कम से कम 50 विकेट लिए हैं। केवल एक अन्य पूर्ण सदस्य खिलाड़ी (श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा, जिनका स्ट्राइक रेट 13.2 है) ने राशिद के 13.5 के स्ट्राइक रेट से बेहतर स्ट्राइक रेट से कम से कम 100 विकेट लिए हैं।

ट्राई सीरीज, अफगानिस्तान ने यूए को 38 रन से हराया

दुबई में खेले जा रहे ट्राई सीरीज के अपने दूसरे मुकाबले में अफगानिस्तान ने यूएई को 38 रन से हरा दिया। टीम को पहले मैच में पाकिस्तान के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था।

अफगानिस्तान ने आखिरी चार ओवर में 49 रन बनाए- आखिरी चार ओवरों में अफगानिस्तान ने 49 रन जोड़े, जिससे स्कोर 188 तक पहुंचा। 19वें ओवर में 22 रन बनें। इस ओवर में 2 छक्के और दो चौके भी लगे।

इस्तीफा नहीं उन्हें निकाला गया है, डिविलियर्स ने द्रविड़ को लेकर किया सनसनीखेज खुलासा

नईदिल्ली (एजेंसी)। पूर्व भारतीय दिग्गज राहुल द्रविड़ के राजस्थान रॉयल्स के कोच पद से इस्तीफा देने के बाद क्रिकेट जगत में हलचल मची हुई है। राहुल द्रविड़ को पिछले साल ही राजस्थान रॉयल्स ने कोच के रूप में नियुक्त किया था, लेकिन एक सीजन खेलने के बाद ही उन्होंने टीम से अलग होने का फैसला कर लिया। इस मामले में अब साउथ अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर एबी डिविलियर्स ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। डिविलियर्स ने अनुमान जताया है कि राहुल द्रविड़ को टीम से निकाला गया था, इसलिए उन्होंने अचानक अपना कार्यकाल समाप्त किया। एबी डिविलियर्स ने अपने सोशल मीडिया शो 360 लाइव पर कहा, मुझे लगता है कि यह फैसला टीम के ओनर या मैनेजमेंट का था। उन्होंने राहुल को टीम में एक बड़ी भूमिका की पेशकश की, जिसे उन्होंने ठुकरा दिया। शायद वह परेशान थे क्योंकि वे अभी भी टीम में बने रहना चाहते थे और डगआउट में रहना चाहते थे। यह शायद उनका अपना फैसला हो, लेकिन भविष्य में जब हम उनसे बात करेंगे तो स्पष्टता मिलेगी। राहुल ने टीम में एक बड़ा खालीपन जरूर छोड़ा है। राजस्थान रॉयल्स के लिए पिछला सीजन खराब रहा है। 2008 की आईपीएल विजेता टीम ने पिछले साल सितंबर में राहुल द्रविड़ को कोच के रूप में लाकर टीम के प्रदर्शन को सुधारने की कोशिश की, लेकिन टीम ने 14 लीग मैचों में केवल चार मैच जीते और अंक तालिका में नौवें स्थान पर रही। राजस्थान रॉयल्स की फ्रैंचाइजी ने राहुल द्रविड़ के इस्तीफे पर बयान जारी करते हुए कहा, राहुल कई सालों तक राजस्थान रॉयल्स का अभिन्न हिस्सा रहे हैं। उनके नेतृत्व में खिलाड़ियों की एक नई पीढ़ी को प्रेरणा मिली है। उन्होंने टीम में मजबूत मूल्यों का निर्माण किया और फ्रैंचाइजी की संस्कृति पर अमिट छाप छोड़ी है। टीम की संरचना की समीक्षा के दौरान राहुल को फ्रैंचाइजी में एक बड़ी भूमिका की पेशकश की गई थी, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार नहीं किया। राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ी और दुनियाभर के लाखों प्रशंसक फ्रैंचाइजी के लिए उनकी उल्लेखनीय सेवा के लिए राहुल को हार्दिक धन्यवाद देते हैं।

हॉकी इंडिया लीग

जनवरी में तीन शहरों में खेलें जाएंगे मुकाबले

नईदिल्ली (एजेंसी)। हॉकी इंडिया लीग का अगला सीजन जनवरी 2026 में आयोजित किया जाएगा, जिसमें इस बार लीग के मैच दो नहीं बल्कि तीन अलग-अलग स्थलों पर खेले जाएंगे। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने पुष्टि की है कि पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता आठ टीमों के साथ पहले की तरह ही जारी रहेगी, जबकि महिला वर्ग में टीमों की संख्या चार से बढ़ाकर छह तक की जा सकती है। हालांकि, इस बार पुरुषों की गोनासिका टीम और महिला वर्ग की मौजूदा चैंपियन ओडिशा वॉरियर्स निजी कारणों से प्रतियोगिता से बाहर हो गई हैं। दिलीप टिर्की ने बताया कि इन टीमों की जगह नई टीमों की जल्द घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि महिला वर्ग में कम से कम चार और पुरुष वर्ग में आठ टीमें जरूर रहेंगी। महिला टीमों की संख्या बढ़ाकर छह करने पर विचार जारी है। इस बार लीग के मैच तीन शहरों में खेले जाएंगे, जिनमें दो पुराने शहरों के साथ एक नया शहर भी शामिल होगा। ओडिशा के राउरकेला और भुवनेश्वर में से किसी एक को चुना जाएगा। वहीं, चंडीगढ़ और मोहाली का नाम भी चर्चा में था, लेकिन जनवरी में कोहरे की समस्या को देखते हुए निर्णय फिलहाल टाल दिया गया है। दिलीप टिर्की ने यह भी जानकारी दी कि पिछली लीग के सभी खिलाड़ियों का बकाया भुगतान कर दिया गया है। खासकर ओडिशा वॉरियर्स टीम की ओर से भुगतान में हुई देरी को हॉकी इंडिया ने सीधे खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि से समायोजित कर दिया है। अगले सीजन के लिए खिलाड़ियों की नीलामी सितंबर के अंत या अक्टूबर के पहले सप्ताह में होगी। इस नीलामी में गोनासिका और ओडिशा वॉरियर्स के साथ-साथ अन्य टीमों द्वारा रिलीज किए गए खिलाड़ी भी शामिल होंगे। टिर्की ने कहा कि भारत अगले साल होने वाले हॉकी विश्व कप और एशियाई खेलों में अपनी सबसे मजबूत टीमों को उतारेगा। उन्होंने बताया कि एशियाई खेल विश्व कप के लगभग तीन सप्ताह बाद होंगे और टीमों की तैयारी पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

मिचेल स्टार्क ने टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया

2027 वनडे वर्ल्ड कप और एशेज पर फोकस करेंगे, 2024 में खेला था आखिरी मुकाबला

सिडनी (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। 35 साल के स्टार्क ने यह फैसला टेस्ट और 2027 में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप पर फोकस करने के लिए लिया है। उन्होंने आखिरी टी-20 मुकाबला 2024 में वर्ल्ड कप में खेला था।

टी-20 करियर का शानदार सफर

स्टार्क ने 65 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले, जिनमें उन्होंने 79 विकेट लिए। वे ऑस्ट्रेलिया के लिए टी-20 में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उनका बेस्ट परफॉर्मेंस 2022 में वेस्टइंडीज के खिलाफ (4 विकेट) रहा।स्टार्क 2021 में यूएई में हुए टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा रहे।

उन्होंने कहा, मैंने ऑस्ट्रेलिया के लिए हर टी-20 मैच का लुत्फ उठाया, खासकर 2021 वर्ल्ड कप का, न सिर्फ जीत की वजह से, बल्कि उस शानदार टीम और उस दौरान की मस्ती की वजह से।

टेस्ट और वनडे पर फोकस करेंगे

स्टार्क ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट हमेशा उनकी पहली प्राथमिकता रहा है। 2026 में ऑस्ट्रेलिया का टेस्ट शेड्यूल काफी व्यस्त है, जिसमें बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज, साउथ अफ्रीका का दौरा, न्यूजीलैंड के खिलाफ चार टेस्ट मैचों की सीरीज, जनवरी 2027 में भारत में पांच टेस्ट, इंग्लैंड के खिलाफ मेलबर्न में 150वीं सालगिरह का एक स्पेशल टेस्ट, और फिर 2027 में इंग्लैंड में एशेज सीरीज शामिल है।

इसके अलावा, अक्टूबर-नवंबर 2027 में साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में वनडे वर्ल्ड कप होगा, जिसमें ऑस्ट्रेलिया मौजूदा चैंपियन के रूप में उतरेगा।

स्टार्क ने कहा, भारत में टेस्ट दौरे, एशेज और 2027 वनडे वर्ल्ड कप को देखते हुए, यह फैसला मुझे इन बड़े टूर्नामेंट्स के लिए तरोताजा और फिट रहने में मदद करेगा। साथ ही, इससे नई गेंदबाजी इकाई को अगले टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारी का समय भी मिलेगा।

सिलेक्शन कमेटी के अध्यक्ष ने स्टार्क की तारीफ

सिलेक्शन कमेटी के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने स्टार्क के टी-20 करियर की तारीफ की और कहा, मिचेल को अपने टी-20 करियर पर गर्व होना चाहिए। वह 2021 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम का अहम हिस्सा थे। उनकी विकेट लेने की काबिलियत ने कई बार मैच का रुख पलटा। हम सही समय पर उनके टी-20 करियर को सम्मान देंगे, लेकिन यह खुशी की बात है कि वह टेस्ट और वनडे क्रिकेट में लंबे समय तक खेलना चाहते हैं।

ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 का ऐलान किया

स्टार्क के संन्यास की घोषणा के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अक्टूबर में होने वाली तीन टी-20 मैचों की सीरीज के लिए टीम की घोषणा की है। इस दौरे पर कैमरन ग्रीन नहीं होंगे, क्योंकि वह शेफील्ड शील्ड के पहले राउंड में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलेंगे।

नाथन एलिस भी नहीं खेलेंगे। मैट शॉर्ट, जो हाल ही में चोट के कारण वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज नहीं खेल पाए थे और मिशेल ओवेन, जो पिछले महीने डार्विन में कन्कशन का शिकार हुए थे, की टीम में वापसी हुई है। मार्कस स्टोइनिस भी इस दौरे के लिए टीम में शामिल हैं।

आसिफ अली का इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान के मिडिल ऑर्डर बैटर आसिफ अली ने 33 साल की उम्र में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। हालांकि वे डोमेस्टिक क्रिकेट और दुनिया भर की फ्रेंचाइजी लीग में खेलना जारी रखेंगे। आसिफ ने 21 वनडे और 58 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले।उन्होंने 2021 टी-20 वर्ल्ड कप में अफगानिस्तान के खिलाफ सात गेंदों में 25 रन की तूफानी पारी खेल कर पाकिस्तान को जीत दिलाई।आसिफ ने सोशल मीडिया पर अपने संन्यास की घोषणा करते हुए कहा, पाकिस्तान की जर्सी पहनना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है और क्रिकेट के मैदान पर अपने देश की सेवा करना मेरा सबसे गर्व भरा अध्याय रहा है।आसिफ ने आगे लिखा, मेरे प्रशंसकों, साथियों और कोचों, हर उतार-चढ़ाव में आपके प्यार, विश्वास और समर्थन के लिए धन्यवाद। मेरे परिवार और दोस्तों, जो खुशी के पलों में और मुश्किल हालातों में, जिसमें वर्ल्ड कप के दौरान मेरी प्यारी बेटी का निधन भी शामिल है, मेरे साथ खड़े रहे, आपकी ताकत ने मुझे आगे बढ़ाया। आसिफ ने पाकिस्तान के लिए 58 टी-20 इंटरनेशनल 577 रन बनाए। 21 वनडे में उन्होंने 25.46 की औसत से 382 रन बनाए जिसमें तीन अर्धशतक शामिल हैं।

बीसीसीआई ने लीड स्पॉन्सर के लिए जारी किया टेंडर

ड्रीम-11 ने स्पॉन्सरशिप छोड़ी, अल्कोहल, तंबाकू और सट्टेबाजी जैसी कंपनियां नहीं लगा सकेंगी बोली

नईदिल्ली (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को टीम इंडिया के लीड स्पॉन्सर के राइट्स के लिए टेंडर बुलाए हैं। ड्रीम-11 ने हाल ही में भारतीय क्रिकेट टीम के लीड स्पॉन्सर से हटने का फैसला किया था। बीसीसीआई सेक्रेटरी देवजीत सैकिया ने सोमवार (25 अगस्त) को इसकी जानकारी दी थी।

बीसीसीआई ने जारी टेंडर में कहा, अल्कोहल, तंबाकू, सट्टेबाजी, रियल मनी गेमिंग (फैंटेसी स्पोर्ट्स गेमिंग को छोड़कर), क्रिप्टोकरेंसी और पोर्नोग्राफी या जो कंपनी सार्वजानिक नैतिकता को ठेस पहुंचने का काम करे उस तरह के ब्रांड को इस बोली (बिड) में शामिल नहीं किया जाएगा। बीसीसीआई ने अपने ऑफिशियल ट्विटर पर ट्वीट कर यह जानकारी दी है। बीसीसीआई ने मंगलवार को लीड स्पॉन्सर के लिए इनविटेशन फॉर एक्सप्रेशन ऑफ इंट्रेस्ट रिलीज किया है। इसे खरीदने की आखिरी तारीख 12 सितंबर है। वहीं टेंडर भरने की आखिरी तारीख 16 सितंबर है।

प्रतिबंधित ब्रांड कैटेगरीज

एथलीजर एंड स्पोर्ट्सवियर मैन्युफैक्चरर, अल्कोहल, सट्टेबाजी, क्रिप्टोकरेंसी, रियल मनी गेमिंग (फैंटेसी स्पोर्ट्स गेमिंग को छोड़कर), तंबाकू जो कंपनी सार्वजानिक नैतिकता को ठेस पहुंचने का काम करे

ड्रीम-11 मौजूदा स्पॉन्सर था

ड्रीम-11 ने 2023 में बीसीसीआई के साथ 358 करोड़ रुपए में तीन साल का स्पॉन्सरशिप कॉन्ट्रैक्ट साइन किया था। हाल ही में ड्रीम-11 जैसे रियल-मनी गेमिंग प्लेटफॉर्म्स को बैन कर दिया गया था। इस वजह से यह स्पॉन्सरशिप कॉन्ट्रैक्ट खत्म हो गया।मार्च 2023 तक बायजोस टीम इंडिया का लीड स्पॉन्सर था। टीम के खिलाड़ियों के जर्सी पर सामने की ओर बायजोस लिखा दिखता था। यह कॉन्ट्रैक्ट अब खत्म हो चुका है। यही वजह है कि टीम इंडिया वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में बिना स्पॉन्सर वाली जर्सी के साथ मैदान पर उतरी थी।

पैट कमिंस के कमर में दर्द

भारत और न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे-टी-20 सीरीज से बाहर, टीम मैनेजमेंट ने एशेज सीरीज के लिए लिया फैसला

सिडनी (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज और टेस्ट कप्तान पैट कमिंस को कमर की चोट के कारण भारत और न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली आगामी सीमित ओवरों की सीरीज से बाहर कर दिया गया है।क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने साफ किया कि कमिंस का 'रीहैबिलिटेशन' इस तरह से मैनेज किया जा रहा है ताकि वे एशेज सीरीज के लिए पूरी तरह फिट हो सकें।न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टी-20 मैचों की सीरीज 1 अक्टूबर से है। वहीं भारतीय टीम का ऑस्ट्रेलिया दौरा 19 अक्टूबर से है। टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 19-15 अक्टूबर के बीच तीन वनडे और 29 अक्टूबर से 8 नवंबर के बीच पांच टी-20 मैचों की सीरीज खेलेगी।

सिनर तीसरी बार यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में

बुब्लिक को सीधे सेटों में हराया, ओसाका से हारकर गॉफ बाहर

इटली (एजेंसी)। वर्ल्ड नंबर-1 इटली के जैनिक सिनर यूएसओपन 2025 के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। मौजूदा चैंपियन ने चौथे राउंड में एलेक्जेंडर बुब्लिक को हराया। सोमवार की रात न्यूयॉर्क के आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए मैच में सिनर ने बुब्लिक 6-1, 6-1, 6-1 से हराया। इसमें उन्होंने केवल तीन गेम गंवाए।यह मुकाबला सिर्फ 1 घंटा 21 मिनट तक चला, जो इस साल के स ओपन में दूसरे सबसे कम समय में खत्म होने वाला मैच था। सिनर की ग्रैंड स्लैम में हार्डकोर्ट पर यह लगातार 25वीं जीत है।क्वार्टर फाइनल में सिनर का सामना इटली के लोरेंजो मुसेट्टी से होगा। मैच के बाद बुब्लिक ने मजाकिया अंदाजा में सिनर को एआई-जेनरेटेड प्लेयर बताते हुए उनकी सटीकता और मशीन जैसी स्टाइल की तारीफ की।वहीं, एक अन्य मुकाबले में मुसेट्टी ने स ओपन 2025 के चौथे राउंड में स्पेन के जौमे मुनार को 6-3, 6-0, 6-1 से सीधे सेटों में हराया। इसी के साथ मुसेट्टी पहली बार यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, जहां उनका सामना मौजूदा चैंपियन सिनर से होगा।

कॉमनवेल्थ गेम्स-भारत के साथ नाइजीरिया का भी मेजबानी का प्रस्ताव

नवंबर में स्कॉटलैंड में फैसला, भारत की 2036-ओलिंपिक की भी दावेदारी

नईदिल्ली (एजेंसी)। भारत के साथ ही नाइजीरिया ने भी 2030 में होने वाले सेंटेनरी (100वें) कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी के लिए प्रस्ताव जमा किया है। 31 अगस्त मेजबानी के लिए प्रस्ताव दिए जाने की आखिरी तारीख थी।

कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स (सीएस) के अध्यक्ष डॉ. डोनाल्ड रुकारे ने कहा, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और नाइजीरिया ने 2030 के सेंटेनरी कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी के लिए प्रस्ताव जमा किए हैं। इन दो खेल महाशक्ति राष्ट्रों की ओर से मिले सकारात्मक जवाब से पता चलता है कि कॉमनवेल्थ गेम्स का महत्व और इसकी विरासत की संभावनाएं अभी भी बरकरार हैं।

कॉमनवेल्थ स्पोर्ट्स के कार्यकारी बोर्ड ने मूल्यांकन समिति का गठन कर दिया है। इस समिति की अध्यक्षता सीएस उपाध्यक्ष सैंड्रा ओसबोर्न केसी करेंगी, जो बारबाडोस कॉमनवेल्थ गेम्स एसोसिएशन और ओलिंपिक समिति की अध्यक्ष भी हैं। समिति में अन्य सदस्यों में हेलेन फिलिप्स, ब्रेंडन विलियम्स, इयान रीड, और एंड्रयू रायन शामिल हैं। मूल्यांकन प्रक्रिया के तहत सितंबर 2025 के अंत में लंदन में दोनों देशों के प्रतिनिधि अपने प्रस्तावों को व्यक्तिगत रूप से पेश करेंगे। इसके बाद समिति अपनी रिपोर्ट सीएस कार्यकारी बोर्ड को सौंपेगी, जो 74 सदस्य देशों और क्षेत्रों के लिए मेजबान की सिफारिश करेगा। अंतिम मंजूरी नवंबर 2025 में ग्लासगो, स्कॉटलैंड में होने वाली सामान्य सभा में दी जाएगी।

भारत 2036 ओलिंपिक गेम्स की मेजबानी की तैयारी भी कर रहा है। पिछले साल नवंबर में भारत ने इसकी मेजबानी हासिल करने के लिए दावेदारी पेश की थी। 2032 तक के ओलिंपिक मेजबान तय हो चुके हैं। 2032 की मेजबानी ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन शहर को दी गई है। जबकि 2028 के ओलिंपिक लॉस एंजिलिस में होने (एजेंसी)

विचार एक्सप्रेस



सूडान में भूस्खलन: 1000 लोगों के मारे जाने...

सूडान के पश्चिमी क्षेत्र दारफुर में भूस्खलन के कारण 1000 लोगों के मारे जाने की खबर है। इस देश पर नियंत्रण रखने वाले विद्रोही समूह- सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी ने सोमवार को बताया कि कई दिनों की भारी बारिश के बाद तरासिन गांव में रविवार... पढ़ें पेज 12 पर...

जन एक्सप्रेस

सम्पादकीय

ड्रैगन और हाथी की मुलाक़ात से वैश्विक राजनीति में बड़ी हलचल हो गयी

वैसे कुल मिलाकर देखें तो तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग की भेंट ने अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के गलियारों में गहरी हलचल पैदा कर दी है। यह सिर्फ दो पड़ोसी देशों के बीच एक औपचारिक मुलाक़ात नहीं थी, बल्कि वैश्विक राजनीति के बदलते समीकरणों के बीच एक महत्वपूर्ण संकेत भी थी। मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया कि भारत की विदेश नीति किसी तीसरे देश की नज़र से नहीं देखी जानी चाहिए।

तियानजिन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाक़ात को सिर्फ़ औपचारिक कूटनीतिक शिष्टाचार मान लेना भूल होगी। यह दरअसल उन जटिल और उलझे रिश्तों को नया आकार देने का प्रयास था, जिन्हें पूर्वी लद्दाख में चीनी घुसपैठ ने गहरी चोट पहुँचाई थी। सीमा पर खून बहने के बाद अब बीजिंग नरमी दिखा रहा है, तो यह उसकी मज़बूरी है– भारत की नहीं। भारत ने यह बार-बार साफ किया है कि रिश्ते तभी आगे बढ़ेंगे जब सीमा पर शांति होगी। मोदी ने तियानजिन में यही संदेश दोहराया कि सीमा स्थिर रहेगी तभी भरोसा टिकेगा। देखा जाये तो चीन की पंचशील वाली बात भारत के लिए खोखले आश्वासन से ज्यादा मायने नहीं रखती क्योंकि पिछले वर्षों का अनुभव यही कहता है कि बीजिंग के शब्द और ज़मीन पर उसका व्यवहार मेल नहीं खाते। असली सवाल अब यही है कि क्या बीजिंग अपने वादों को ज़मीन पर उतारेगा, या फिर एक बार फिर हाथ मिलाओ और पीछे से वार करो वाली नीति अपनाएगा? फिलहाल तस्वीरें चमकीली हैं, लेकिन भारत ने बहुत स्पष्ट कर दिया है कि रिश्तों की असली परीक्षा सीमा पर होगी, कूटनीतिक भोज या लाल कालीन पर नहीं। देखा जाये तो भारत और चीन के द्विपक्षीय संबंध शुरू से ही जटिल रहे हैं। यह 1949 से कभी गहरे मतभेदों तो कभी सीमित सामंजस्य के उतार-चढ़ाव से गुज़रे हैं। पूर्वी लद्दाख में चीनी घुसपैठ से शुरू हुई कठिनाइयों के बाद अब विश्व की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएँ भारत और चीन, अपने संबंधों को पटरी पर लाने के इच्छुक दिख रही हैं। कज़ान (रूस) में पिछले वर्ष आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से यह प्रक्रिया शुरू हुई थी जिसे तिआनजिन में आगे बढ़ाया गया है। देखा जाये तो भारत हमेशा से अपनी रणनीतिक स्वायत्तता को महत्व देता रहा है। डोनाल्ड ट्रंप की 'मेरा कहना मानो वरना टैरिफ झेलो' वाली नीतियों ने इस सिद्धांत की सबसे बड़ी परीक्षा ली। मोदी ने न ट्रंप की 'नोबेल पुरस्कार' वाली हठधर्मिता को महत्व दिया, न ही उनकी टीम की उकसावे भरी बातों पर प्रतिक्रिया दी। भारत ने रूसी तेल खरीदने का निर्णय भी जारी रखा और पीछे नहीं हटा। तिआनजिन में शी जिनपिंग के साथ बैठक का सबसे बड़ा संदेश यही था कि भारत अपने निर्णय स्वतंत्र रूप से लेगा और किसी तीसरे देश की इच्छा से प्रभावित नहीं होगा। हम आपको यह भी बता दें कि चीन की 'वुल्फ वॉरियर डिप्लोमेसी' अब नरम पड़ती दिखाई दे रही है। इसके पीछे कई कारण हैं। जैसे- चीन की धीमी होती अर्थव्यवस्था, रियल एस्टेट जैसे क्षेत्रों की समस्याएँ और बढ़ती युवा बेरोज़गारी, जिसने 'नकली काम' करने वाली कंपनियों तक को जन्म दिया है। हालाँकि, चीनी राजनीति में फिर से अतिराष्ट्रवाद लौट सकता है। भारत इस संभावना को समझता है और इसी कारण एलएसी पर अपनी रक्षा क्षमता मज़बूत करते हुए चीन के साथ रिश्तों को नए सिरे से संतुलित कर रहा है। देखा जाये तो ट्रंप के टैरिफ ने वैश्विक व्यापार के नियम बदल दिए हैं। ऐसे में भारत को नए बाज़ारों की तलाश है। नई दिल्ली चाहती है कि बीजिंग भारतीय निर्यात को निष्पक्ष पहुँच दे। यह सच है कि इससे अमेरिका के बाज़ार में हुए नुकसान की पूरी भरपाई नहीं होगी, लेकिन व्यापार असंतुलन को चीनी निवेश से संतुलित किया जा सकता है। यदि चीन भारतीय उद्योग के लिए रेयर अर्थ मैग्नेट जैसे महत्वपूर्ण कच्चे माल की आपूर्ति फिर शुरू करता है, तो भारत दूरसंचार, रक्षा, सेमीकंडक्टर और अन्य रणनीतिक क्षेत्रों जैसी निगेटिव लिस्ट को छोड़कर बाकी क्षेत्रों में धीरे-धीरे चीनी एफडीआई की अनुमति दे सकता है।

एक्सप्रेस आलेख

परिवहन की कोल्ड चेन और भण्डारण की बेहतर व्यवस्थाओं की दरकार है। कृषि प्रसंस्करण क्षेत्र और फूड पार्क जिस तरह से आकार लेने चाहिए थे वे ले नहीं पाये है। बीमा क्षेत्र में भी बहुत किया जाना अपेक्षित है तो कृषि उपज की खरीद व्यवस्था और एमएसपी खरीद को लेकर भी तेजी से काम किया जाना है। सरकार को एक बात समझनी चाहिए कि खेती क्षेत्र में जो भी सब्सिडी देय है उसे उत्पादकता से जोड़ा जाये यथा कृषि इनपुट या यों कहे कि खाद-बीज, कीटनाशक आदि के किट के रुप में उपलब्ध कराया जाये तो उसका लाभ अनुदानित राशि के स्थान पर इनपुट मिलने से उसका उपयोग खेती किसानी में ही होने से उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने में ही होगा।

ट्रंप टैरिफ चुनौती के बीच अर्थव्यवस्था की ताकत बनता कृषि क्षेत्र

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

कृषि और अन्नदाता की महत्ता को कोरोना काल ने बेहतर तरीके से समझा दिया है। कोरोना काल में कृषि सेक्टर ने दो तरह से सहभागिता निभाई। एक तो जहां सब कुछ लॉक डाउन की भेंट चढ़ रहा था यहां तक कि घर में कैद होकर रह गए थे तब भी कृषि सेक्टर अपनी प्रभावी भूमिका निभाता रहा वहीं दूसरी और अन्नदाता की मेहनत से देश के गोदामों में भरे खाद्यान्नों के भण्डारों ने देश में खाद्यान्न की उपलब्धता बनाये रखी।

ट्रंप के टैरिफ वार के दौरान ही 2025 वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही के जीडीपी के परिणाम इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाते है कि ट्रंप द्वारा हमारी अर्थव्यवस्था को मृत अर्थव्यवस्था करार देने के बावजूद चीन से भी हमारी जीडीपी विकास दर अधिक रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी संगठन एनएसओ द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार जीडीपी 7.8 प्रतिशत रही है। यह पिछले एक साल यानी कि अप्रैल-जून 2024, जुलाई-सितंबर 2024, अक्टूबर-दिसंबर 2024 और जनवरी-मार्च 2025 की तुलना में भी अधिक है। सबसे खासबात यह है कि जीडीपी में बढ़ोतरी का श्रेय कृषि और सर्विस सेक्टर को जा रहा है। कृषि सेक्टर ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि वह अर्थ व्यवस्था का प्रमुख स्तंभ है और तेजी से विकसित होती भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। निश्चित रुप से इसका श्रेय अन्नदाता को तो जाता ही है इसके साथ ही सरकार की किसानोन्मुखी और कृषिनोन्मुखी नीति को भी जाता है। कृषि और संबंध क्षेत्र जिसमें कृषि के साथ ही पशुपालन, वानिकी और मत्स्य पालन शामिल है। एक मोटे अनुमान के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का 14 प्रतिशत योगदान है तो प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रुप से 50 प्रतिशत से अधिक लोगों की आजीविका एग्रीकल्चर सेक्टर पर आज भी निर्भर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के स्वप्न को पूरा करने में कृषि क्षेत्र में भी पीछे नहीं रहने वाला है। देश में करीब 51 प्रतिशत यानी कि 159 मिलियन हैक्टेयर भूमि में खेती हो रही है। इसमें से 50 प्रतिशत से कुछ अधिक भूमि ही सिंचित है जबकि बहुत बड़ा क्षेत्र मानसून की मेहरबानी पर निर्भर है। यह एक सकारात्मकता है कि इस साल अभी तक मानसूनी बरसात औसत से अधिक और अच्छी बरसात हुई है। पिछले सालों में भी मानसून अनुकूल रहने से कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी हुई है। कृषि और अन्नदाता की महत्ता को कोरोना काल ने बेहतर तरीके से समझा दिया है। कोरोना काल में कृषि सेक्टर ने दो तरह से सहभागिता निभाई। एक तो जहां सब कुछ लॉक डाउन की भेंट चढ़ रहा था यहां तक कि घर में कैद होकर रह गए थे तब भी कृषि सेक्टर अपनी प्रभावी भूमिका निभाता रहा वहीं दूसरी और अन्नदाता की मेहनत से देश के गोदामों में भरे खाद्यान्नों के भण्डारों ने देश में खाद्यान्न की उपलब्धता बनाये रखी। आज भी करीब 80 करोड़ देशवासियों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना में मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। यह अपने आप में बड़ी बात है। योजनाबद्ध तरीके से एक और किसानों की आय बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे हैं वहीं खासतौर से दलहन-तिलहन में भी देश को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास जारी है। किसान सम्मान निधि किसानों के लिए बड़ा सहारा बनती जा रही हैं वहीं ब्याजमुक्त कृषि ऋण, केसीसी का बढ़ता दायरा और ई नाम मण्डी, प्रसंस्करण उद्योगों को

निर्यात के क्षेत्र में भी कृषि सेक्टर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। दरअसल अमेरिका और ट्रंप का निशाना हमारा कृषि क्षेत्र और डेयरी क्षेत्र प्रमुखता से हैं। अमेरिका के आगे सरेण्डर होने के स्थान पर हमारी सरकार ने ट्रंप के टैरिफ से निपटने का संकल्प लिया है यह अपने आप में बड़ी बात है।

बढ़ावा, स्टोरेज सुविधा बढ़ाने के साथ ही समय पर खाद-बीज आदि की उपलब्धता का प्रभाव सामने हैं। एनएसओ की रिपोर्ट के अनुसार कृषि क्षेत्र की जीडीपी में भागीदारी 3.7 प्रतिशत रही है जबकि साल भर पहले यह 1.5 थी। ऐसे में यह अपने आप में आशा का संचार है। निर्यात के क्षेत्र में भी कृषि सेक्टर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। दरअसल अमेरिका और ट्रंप का निशाना हमारा कृषि क्षेत्र और डेयरी क्षेत्र प्रमुखता से हैं। अमेरिका के आगे सरेण्डर होने के स्थान पर हमारी सरकार ने ट्रंप के टैरिफ से निपटने का संकल्प लिया है यह अपने आप में बड़ी बात है। हो सकता है कि आने वाली तिमाही में ट्रंप टैरिफ का असर दिखाई दे पर जिस तरह से सरकार द्वारा वैकल्पिक प्रयास आरंभ किये जा रहे हैं उससे लगता है कि अर्थ व्यवस्था पर नकारात्मक असर नहीं होगा या होगा भी तो देश इससे निपटने को तैयार है। 50 प्रतिशत टैरिफ की चुनौती को आज समूचा देश निपटने को तैयार है। हालांकि ट्रंप ने सोचा था कि हम सरेण्डर कर देंगे, ड़र जाएंगे पर अब गीदड़ भभकी बेअसर होती देखकर ट्रंप की खीज अवश्य बढ़ने लगी है। पर यह नहीं भूलना चाहिए कि ट्रंप को अपने देश में ही अपनी तुगलकी नीति के कारण देर सवेर मुंह की खानी पड़ेगी। हालांकि अमेरिकी कोर्ट ने ट्रंप के टैरिफ निर्णय को अनुचित करार दे दिया है। आने वाले दिनों में इसके प्रभाव अमेरिका में और अधिक दिखाई देंगे क्योंकि हम और हमारी सरकार ट्रंप की चुनौती से निपटने के लिए मानसिक रुप से तैयार हो चुकी है। खैर यह विषयांतर होगा। कहने का अर्थ है कि यह और आने वाले साल भी खेती-किसानी के लिए सकारात्मक ही होंगी। रबी के अच्छे परिणाम आये हैं। चालू खरीफ में अच्छे मानसून के चलते अच्छी बुवाई हुई है। बुवाई क्षेत्र बढ़ा है। सरकार भी बड़े लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है। हालांकि यह कटु सत्य है कि ग्रामीण रहवासियों की आजीविका का प्रमुख माध्यम खेती ही है तो समूचे देश की खाद्य सुरक्षा की जिम्मेदारी भी इसी क्षेत्र के पास है। अमेरिकी नीति के कारण निर्यात पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को भी अन्य देशों को निर्यात बढ़ाकर पूर्ति करने की बड़ी चुनौती है। इसके साथ ही खेती किसानी की अपनी चुनौतियां बरकरार है। आज भी कुल कृषि उत्पादन का 10 से 15 प्रतिशत उत्पादन फसलोत्तर सुविधाओं की कमी के कारण बर्बाद हो जाता है। कृषि जोत कम होती जा रही है। बढ़ते शहरीकरण का प्रभाव भी पड़ रहा है। कृषि क्षेत्र में कोल्ड स्टोरेज, परिवहन की कोल्ड चेन और भण्डारण की बेहतर व्यवस्थाओं की दरकार है। कृषि प्रसंस्करण क्षेत्र और फूड पार्क जिस तरह से आकार लेने चाहिए थे वे ले नहीं पाये है। बीमा क्षेत्र में भी बहुत किया जाना अपेक्षित है तो कृषि उपज की खरीद व्यवस्था और एमएसपी खरीद को लेकर भी तेजी से काम किया जाना है। सरकार को एक बात समझनी चाहिए कि खेती क्षेत्र में जो भी सब्सिडी देय है उसे उत्पादकता से जोड़ा जाये यथा कृषि इनपुट या यों कहे कि खाद-बीज, कीटनाशक आदि के किट के रुप में उपलब्ध कराया जाये तो उसका लाभ अनुदानित राशि के स्थान पर इनपुट मिलने से उसका उपयोग खेती किसानी में ही होने से उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने में ही होगा। इसी तरह से खरीद व्यवस्था में बहुत सुधार के बावजूद अभी भी बहुत करते हुए बिचौलियों को व्यवस्था से दूर करना होगा। खैर यह सब दीर्घकालीन सुधार कार्य है पर बेहतर जीडीपी प्रदर्शन और कृषि क्षेत्र की उल्लेखनीय हिस्सेदारी को प्रोत्साहित करते हुए सराहना की जानी चाहिए।

आज का पंचांग

किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।

तिथिः	एकादशी 28:20 तक
नक्षत्रः	पूर्वाषाढ़ा 22:56 तक
पक्षः	शुक्ल
वारः	बुधवार
योगः	आयुष्मान, 16:11 तक
सूर्योदयः	06:01
सूर्यास्तः	18:32
चंद्रमाः	धनु राशि में
राहुकालः	12:16-13:50
विक्रमी संवत्:	2082
शक सम्वतः	1947
मासः	भाद्रपद
शुभ मुहूर्तः	कोई नहीं

जन एक्सप्रेस

राह नहीं आसान !

मिल रहीं चुनौतियां ।
राह नहीं आसान ।।
करनी विजय हासिल तो ।
फूंको फिर से जान ।।
ठीक नहीं है सब कुछ ।
हुआ उल्टा खेल ।।
जिसने नहीं निभाया ।
कसना फिर नकेल ।।
हार और जीत का तो ।
रहता बजता गाना ।।
ली है जिम्मेदारी तो ।
पेश करो नज़राना ।।
मंथन का है विषय ।
हुई कहां पर चूक ।।
धीरे धीरे रथ क्यों ।
रहा आखिर रुक ।।

- कृष्णेन्द्र राय

एक्सप्रेस स्वास्थ्य

मर्दाना ताकत बढ़ाने के लिए फायदेमंद होती है सफेद मूसली और मखाना

भारत में सदियों से स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को दूर करने और स्वस्थ रहने के लिए आयुर्वेदिक उपायों का इस्तेमाल किया जा रहा है। आयुर्वेद में कई ऐसी जड़ी-बूटियां हैं, जो न सिर्फ महिलाओं के प्रजनन स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होती है, बल्कि ये पुरुषों के लिए भी फायदेमंद मानी जाती है। आज के समय में पुरुषों में भी फर्टिलिटी से जुड़ी कई समस्याएं बढ़ गई हैं, जिसे दूर करने और मर्दाना ताकत बढ़ाने में कई जड़ी-बूटियां फायदेमंद होती हैं। सफेद मूसली और मखाना भी उन्हीं में से एक है, जो पुरुषों के स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को दूर करके उनके शरीर को एनर्जी देने में मदद कर सकता है।

यौन शक्ति बढ़ाए: आयुर्वेद में सफेद मूसली और मखाना दोनों को ही पुरुषों की प्रजनन क्षमता को बढ़ाने के लिए फायदेमंद माना जाता है। सफेद मूसली में शुक्र धातु यानी पुरुष प्रजनन टिशू को बढ़ाने वाले गुण होते हैं, जो शुक्राणुओं की क्वालिटी और संख्या को बढ़ाते हैं। जबकि मखाना वीर्य को गाढ़ा करने और हेल्दी रखने में मदद करता है। इन दोनों को एक साथ दूध में मिलाकर पीने से इरेक्टाइल डिस्फंक्शन और शीघ्रपतन में मदद मिलती है।

एनर्जी बढ़ाने में फायदेमंद: मखाना और सफेद मूसली दोनों ही पुरुषों के शरीर में एनर्जी बढ़ाने में मदद करता है। मखाने में मौजूद प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और फाइबर के गुण शरीर को एनर्जी देते

हैं, जबकि सफेद मुसली उनकी इम्यून सिस्टम को बढ़ाती है और कमजोरी दूर करती है। इन दोनों को एक साथ लेने से पुरुषों के शरीर में नेचुरल एनर्जी बढ़ती है और थकान कम होती है।

तनाव और नींद में सुधार: आयुर्वेद के अनुसार मखाना और सफेद मूसली का एक साथ सेवन पुरुषों के दिमाग को शांत करने और संपूर्ण स्वास्थ्य को बेहतर रखने में मदद करता है। सफेद मूसली में एडेप्टोजेनिक गुण होते हैं, जो तनाव और डिप्रेशन को कम करते हैं। रात को सोने से पहले दूध में मखाना और मुसली मिलाकर पीने से आपको अच्छी नींद आती है और दिमागी थकान भी दूर होती है।

मांसपेशियों को आराम: जिम जाने या वर्कआउट करने वाले पुरुषों के लिए भी मखाना और मूसली का मिश्रण काफी फायदेमंद होता है। मखाना कम कैलोरी और हाई प्रोटीन से भरपूर होता है, जबकि मूसली शरीर की मांसपेशियों को मजबूत बनाता है। ऐसे में इन दोनों का मिश्रण नेचुरल सप्लीमेंट की तरह काम करता है।

हार्मोन संतुलित रखता है: सफेद मूसली का सेवन पुरुषों के शरीर में हार्मोनल संतुलन को बनाए रखने में मदद करता है, जिससे टेस्टोस्टेरोन हार्मोन लेवल कंट्रोल में रहता है। जबकि मखाना में मौजूद फाइबर पाचन तंत्र में सुधार करता है। पुरुषों के शरीर में हार्मोनल असंतुलन के कारण होने वाली समस्याएं जैसे थकान, मूड स्विंग, यौन से जुड़ी कमजोरी आदि से राहत मिल सकती है।

सफेद मूसली और मखाना कैसे खाएं?: आयुर्वेदिक डॉ. श्रेय शर्मा का कहना है कि, सफेद मुसली और मखाना का सेवन आप रोजाना रात को सोने से पहले कर सकते हैं। रात को सोने से पहले 1 गिलास गर्म दूध में 3-4 ग्राम सफेद मूसली का चूर्ण और 1 चम्मच भुना हुआ मखाना डालकर अच्छी तरह मिलाएं और फिर गुनगुने दूध का सेवन करें।

निष्कर्ष: सफेद मूसली और मखाना दोनों का मिश्रण पुरुषों के लिए एक नेचुरल टॉनिक के रूप में काम करता है। यह न सिर्फ पुरुषों में यौन से जुड़ी समस्याओं के लिए फायदेमंद होती है, बल्कि पुरुषों के मानसिक, शारीरिक और हार्मोनल संतुलन के लिए भी अच्छा माना जाता है।

एक्सप्रेस विशेष

क्या राजनीति में सस्ती लोकप्रियता का मार्ग अपशब्द हैं

अरुण कुमार दीक्षित

अध्यक्ष ने यह भी कहा था कि अगर लोकतंत्र मजबूत करना है तो सदस्यों को प्रश्न काल के दौरान ही प्रश्न उठाने देने होंगे। इससे सरकार की जवाबदेही तय होती है। देश के लोगों की आकांक्षाएं पूरी होने दें और देश को आगे बढ़ाने में अपना सहयोग दें। इसी मुद्दे पर राज्यसभा में भी हंगामा हुआ था।

अमर्यादित आचरण हो रहा है। इस पर बहस होनी चाहिए। क्या राजनीति में सस्ती लोकप्रियता के लिए अपशब्द ही मार्ग है। विगत 01 अगस्त को लोकसभा, राज्यसभा दोनों सदनों में बिहार की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर गतिरोध हुआ था। विपक्षी दलों ने इस पर हंगामा किया था। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा था कि जनता ने आपको इतना बड़ा अवसर दिया है। सदन की गरिमा बनाए रखें।

संसदीय व्यवस्था में चुनावों से राष्ट्र का भाग्य तय होता है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राष्ट्र है। भारत के लोग ही भारत के भाग्य विधाता हैं। निष्पक्ष चुनावों से लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होती है। जन गण मन का शासन मिलता है। भारतीय शासन प्रणाली में संसदीय जनतंत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। लोकतंत्र जनता के द्वारा जनता के लिए है। इन निष्पक्ष चुनाव के लिए राष्ट्रपति द्वारा एक चुनाव आयोग के गठन का अधिकार है। यह अधिकार संविधान के भाग 15 में दिया गया है। चुनाव आयोग की नैतिक जिम्मेदारी होती है कि वह निष्पक्ष चुनाव की व्यवस्था बनाए। निष्पक्ष चुनाव कराए। राजनीतिक दल चुनावों में भागीदारी करते हैं। बहुमत या गठबंधन से सरकारें बनाते हैं। कई बार गठबंधन से बनने वाली सरकारों पर सौदेबाजी के आरोप लगते हैं। संविधान प्रत्येक वयस्क भारतीय को मताधिकार का अधिकार देता है। विषय बिहार राज्य के संभावित विधानसभा चुनाव की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से संबंधित है। निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कर नई मतदाता सूची बनाई जाएगी। इसी नई मतदाता सूची के पुनरीक्षण कराए जाने में निर्वाचन आयोग और विपक्षी दलों के बीच विवाद है। वे केंद्र सरकार पर हमलावर है। प्रकरण उच्चतम न्यायालय में है। निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के ÷गहन पुनरीक्षण÷ में बड़ी संख्या में नामों को अलग किया है। इसमें कुछ घुसपैठिये भी हैं। इसकी संख्या 65 लाख बताई जाती है। उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि निर्वाचन आयोग 65 लाख नाम जो मतदाता सूची में गलत पाए गए हैं उन्हें आयोग उनके नाम और उनको बाहर करने का कारण सार्वजनिक जारी करे। मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का यह प्रकरण इसलिए गहराया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने कई बार अनेक स्थानों पर निर्वाचन आयोग पर वोट चोरी के आरोप लगाए हैं। यह आरोप मीडिया में सनसनी बने। सत्ता पक्ष ने इन आरोपों का खंडन किया है। निर्वाचन आयोग ने इस पर अपनी राय रखने और तथ्यपरक जानकारी राष्ट्र के सामने रखने में कोताही बरती है। यहां यह ध्यान देने योग्य है कि वोट चोरी जैसे शब्दों के प्रयोग ने निर्वाचन आयोग को आहत किया गया है। एसआईआर प्रकरण अभी भी उच्चतम न्यायालय में है। भारतीय संविधान के भाग 15 अनुच्छेद 324 में संविधान के अधीन संसद और प्रत्येक राज्य के विधानमंडल के लिए कराए जाने वाले सभी निर्वाचनों के लिए तथा राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति के पदों के निर्वाचन के लिए निर्वाचन नामावली तैयार करने और निर्वाचनों के लिए एक आयोग होगा। इसे संविधान में निर्वाचन आयोग कहा गया है। अनुच्छेद 325 में धर्म, मूलवंश, जाति या लिंग के आधार पर किसी व्यक्ति का निर्वाचन नामावली में नाम सम्मिलित किए जाने का अपात्र न होना और उसके द्वारा किसी विशेष निर्वाचक नामावली में सम्मिलित किए जाने का दावा न किया जाना लिखा है। संसद या किसी राज्य के विधान मंडल के सदन या प्रत्येक सदन के लिए निर्वाचन के लिए प्रत्येक प्रादेशिक निर्वाचन के लिए एक साधारण निर्वाचक नामावली होगी। अनुच्छेद 326 में लोकसभा, विधानसभा के लिए निर्वाचन मताधिकार के आधार पर होंगे, अर्थात प्रत्येक व्यक्ति जो भारत का नागरिक है। 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका है। समुचित विधानमंडल द्वारा बनाई गई किसी विधि के अधीन चित्त विकृति, अपराध या भ्रष्ट या अवैध आचरण के आधार पर अन्यथा अयोग्य नहीं कर दिया जाता है। मतदाता के रूप में रजिस्ट्रीकृत का हकदार होगा। अनुच्छेद 327 और 328 में कहा गया है, कि संविधान के उपबंधों के अधीन समय-समय पर संसद विधानमंडल सदन के लिए निर्वाचन नामावली निर्वाचन क्षेत्र का परिसीमन शामिल है। उस राज्य के विधान मंडल सदन के लिए संबंधित सभी विषयों जिसके अंतर्गत निर्वाचक नामावली तैयार कराना सदनों के सम्यक गठन सुनिश्चित करने की व्यवस्था है। स्पष्ट रूप से भारत का प्रत्येक नागरिक लोकतांत्रिक व्यवस्था में सहयोग करेगा। मताधिकार का हकदार होगा। ऐसे किसी भी कारण और आरोप अवैध आचरण के बिना मताधिकार से वंचित किया जाना न्यायसंगत नहीं प्रतीत होता है। संविधान में प्रदत्त अधिकारों के अंतर्गत राजनीतिक दलों गठन होता है। राजनीतिक दलों का उद्देश्य राष्ट्र के वैभव के लिए ही होना चाहिए। राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता अपने अपने दलों की विचारधारा के प्रचार प्रसार के लिए स्वतंत्र होते हैं। इन राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं, निर्वाचन आयोग और समय समय पर निर्वाचन कार्यों में लगे अधिकारियों का आचरण संसदीय परम्परा अनुसार आदर्श आचरण वाला होना चाहिए।

खमरिया सीएचसी पर सीडीओ का छापा, मचा हड़कंप

- अस्पताल अंधेरे में डूबा, डॉक्टर-स्टाफ गायब, अधीक्षक से जवाब-तलब, वेतन कटेगा

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर-खीरी

स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही मंगलवार को उस समय उजागर हुई जब सीडीओ अभिषेक कुमार ने खमरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। पहुंचते ही सीडीओ हैरान रह गए। पूरा परिसर अंधेरे में डूबा था। न लाइट, न जनरेटर। करीब आधे घंटे मशक्कत के बाद जब जनरेटर चला तो मालूम हुआ उसमें ईंधन ही नहीं डाला गया था। साफ हो गया कि बिजली जाने पर अस्पताल कभी जनरेटर पर नहीं चलता। सीडीओ सीधे अधीक्षक के कक्ष में पहुंचे तो पता चला कि वे आवास पर आराम फरमा रहे हैं। इस दौरान 09 चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ भी गायब मिले। सीडीओ ने अधीक्षक का स्पष्टीकरण तलब करते हुए अनुपस्थित कर्मियों का एक दिन का वेतन काटने और चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीडीओ अभिषेक कुमार ने पाया कि बीते दो दिनों में हुई डिलीवरी की महिलाएं और नवजात वार्ड में मौजूद ही नहीं थे। जबकि नियम के अनुसार प्रसव के बाद 48 घंटे तक जच्चा-बच्चा को चिकित्सकीय निगरानी में रखा जाना और भोजन उपलब्ध कराना अनिवार्य है। और तो और, बच्चों को जन्म के तुरंत बाद दी जाने वाली जीरो डोज वैक्सीन तक नहीं लगाई गई थी। सीडीओ ने इसे घोर लापरवाही करार देते हुए सख्त नाराजगी जताई। निरीक्षण में सीडीओ ने पाया कि जांच लैब की छत से पानी टपक रहा था। हालात यह थे कि कीमती जांच मशीनें प्लास्टिक से ढककर रखी गई थीं। इससे मरीजों की जांच की सुविधा प्रभावित हो रही थी। सीडीओ ने इस पर कड़ी नाराजगी जताई और चिकित्सालय भवन की मरम्मत के लिए सीएमओ को नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

गंदगी, जलभराव और बंद शौचालय

अस्पताल परिसर में गंदगी, सीलन और जलभराव ने स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत खोल दी। प्रतीक्षालय की जगह दवाओं के बक्से रखे मिले। सीडीओ ने सख्त निर्देश दिए कि दवाओं को स्टोर में रखा जाए और प्रतीक्षालय को मरीज व परिजनों के उपयोग में लाया जाए। तीन शौचालयों में से दो बंद और एक गंदगी से भरा मिला। सीडीओ के औचक निरीक्षण ने स्वास्थ्य विभाग के दावों की पोल खोल दी। अफसरों की लापरवाही पर अब कार्रवाई तय मानी जा रही है।

कांग्रेसियों ने रामधुन गाते हुए दिया धरना

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर-खीरी

2 सितंबर को जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी प्रहलाद पटेल के नेतृत्व में कंपनी बाग स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष कांग्रेस कार्यालय पर सुनियोजित तरीके बीजेपी के द्वारा पुलिस के संरक्षण में हुई तोड़ फोड़ के विरोध में गांधी वादी तरीके से कांग्रेसियों नेकांग्रेसियों ने रामधुन गाते हुए दिया धरनआ रामधुन गाते हुए दिया धरना।उक्त धरना को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने कहा कि लोकतंत्र में अभिव्यक्ति या विरोध का मतलब घर कार्यालय में घुसकर हमला तोड़फोड़ महापुरुषों शीर्ष नेताओं के चित्र तोड़ना उनके खिलाफ घोर अपमानजनक टिप्पणी करना तो नहीं हो सकता ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों के सामने सब कुछ घटित होने का तात्पर या यह स्पष्ट है कि पुलिस को भाजपा अपना नौकर समझती है जबकि पुलिस अराजकता बढ़ाने में सहायक ना होकर शांति व्यवस्था का सबसे बड़ा शासकीय अंग है और उसके सामने ऐसी घटना को अंजाम देने से न सिर्फ राजनीति व लोकतंत्र को शर्मसार किया गया है बल्कि पुलिस को लज्जित व कमजोर बताने का प्रयास किया गया है।प्रतिक्रिया स्वरूप अगर कांग्रेस या दूसरे विपक्ष के लोग भाजपा के साथ ऐसा व्यवहार करने की सोचें तो कल्पना करनी चाहिए कि तब क्या शहर अराजकता की आग में नही जलेगा कुछ करने से पहले सत्ताधारी दल को सोचना चाहिए।कांग्रेस प्रवक्ता रवि तिवारी ने कहा कि भाषाई मर्यादा कांग्रेस की विरासत रही है वह कभी गलत अनैतिक बातें नहीं करती लेकिन कांग्रेस कार्यालय में जो कुछ घटित हुआ वह कौन सी नैतिकता मर्यादा सभ्यता है इसको भी भाजपा नेताओं को स्पष्ट करना चाहिए राजनीति का यह स्टार एक नकारात्मक राजनीति, वोट चोरी के प्रत्यक्षीकरण तथा स्ढ्क्र पर स्वयं के गलत हस्तक्षेप एवं आयोग की सफलता से उपजी कुंठा का परिणाम है।उपद्रवी तत्व व धमकी देने वाले नेताजी क्या आज अपने दल में अपनी पहचान को देने के असुरक्षा भाव से इतना पागल हो गए हैं हिंसा पर उतारू हो चुके हैं, पुलिस व जिला प्रशासन को ऐसे तत्वों से सतर्क हो जाना चाहिए।साथ तिवारी ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यालय पर तोड़ फोड़ में शामिल महिलाओं उमा राज, पारुल गुप्ता जिला मंत्री, कीर्ति महेश्वरी मैलानी नगर परिषद अध्यक्ष, रश्मि गुप्ता, नीलम शुक्ला, रेनू त्रिपाठी , अंजू साहनी, सीमा वर्मा, प्रतिमा सिंह महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मंजू लता श्रीवास्तव संतोष कुमारी , प्रियंका साहनी,आशीष गुप्ता आदि के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तत्काल प्रभाव से गिरफ्तार किया जाए नहीं तो कांग्रेस पार्टी व्यापक स्तर समूचे जनपद में धरना प्रदर्शन चक्का जाम करने के लिए बाध्य होगी जिसकी सारी जिम्मेवारी शासन व प्रशासन की होगी। उक्त धरने को संबोधित करने वालों में प्रमुख रूप मोहन चंद्र उप्रेती, डॉ रवि शंकर त्रिवेदी, कैप्टन मोनिस अली नकवी, शिव सहाय सिंह, रामकुमार मिश्र, रियाज अहमद मोनू आदि।ओके धरने में उपस्थित कांग्रेस जन दीपक बाजपेई विपुल गुप्ता, वरुण चौधरी अब्दुल रहीम रामपाल शाक्य शमीम अहमद नंदकिशोर सिंह सोहन कुमार अब्दुल कयूम सफीउल्लाह प्रेम वर्मा मतीन शाह रामजीवन राज शक्ति शरण गौतम जावेद अली अकबर अली बालक राम शिव कुमार आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

किशोर की गर्दन कटी: गन्ने के खेत में घास लेने गया था, घसीटने के मिले निशान, जिला अस्पताल रेफर

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर-खीरी

घर से खेत में घास लेने गए एक किशोर की संदिग्ध हालत गर्दन कट गई,खेत में बच्चे को तड़फता देख स्थानीय लोगों ने उसे आनन फानन में नजदीकी हॉस्पिटल सीएचसी निघासन पहुंचाया,जहां के डाक्टरों ने हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अस्पताल से एंबुलेंस तक ले जाने के लिए किशोर को स्ट्रेचर तक नहीं मिला,पुलिस वाले उसे लादकर एंबुलेंस तक ले गए।किशोर की पहचान विक्रम पुत्र रामगोपाल निवासी चखरा थाना कोतवाली निघासन के रूप में हुई है। चखरा गांव के रहने वाले बाल गोविंद शर्मा ने बताया कि हम लोग पास के ही खेत में काम कर रहे थे,तभी गन्ने के खेत से चिल्लाने की आवाज आई तो हम लोग अंदर पहुंचे वहां देखा तो इस लड़के की गर्दन कटी थी।

लोगों ने कहा कि बाघ ने हमला किया है पर वहां पर जानवर के पद चिन्ह नहीं थे,बल्कि इंसानों के पदचिन्ह थे।लड़के के पिता बच्चे की हालत देखकर बेहोश हो गए,किशोर के पिता रामगोपाल राजवंशी ने बताया कि वह बीमार रहते हैं उनका बेटा ही घास लेने जाता है, आज सुबह घर से 9ः00 बजे वह गांव के पास ही एक गन्ने के खेत में घास लेने गया था, दोपहर बाद उनको सूचना मिली कि उनके बेटे की गर्दन कट गई है, कुछ लोग कह रहे हैं कि बाघ का हमला है लेकिन उन्हें कुछ नहीं पता उनके बेटे की गर्दन कैसे कटी है।डॉ अरविंद पटेल ने बताया कि कुछ ग्रामीण एक किशोर को अस्पताल में लेकर आए थे जिसकी गर्दन कटी हुई थी, उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।प्रभारी निरीक्षक महेश चंद्र ने बताया कि गन्ने के खेत में घसीटने के निशान मिले हैं प्रथम दृष्टया जानवर का हमला लगता है,जांच की जा रही है।

चोरी का खुलासा: दो आरोपियों को पुलिस ने जेवरात और मोबाइल बरामद सहित किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर-खीरी

सदर कोतवाली के अंतर्गत महेवागंज चौकी क्षेत्र में बीते 14 जून 2025 को हुई चोरी का पुलिस ने 90 दिन के भीतर खुलासा कर दिया है। हाजीपुर ओदरहना निवासी मोअज्म अली के घर से चोर जेवरात और एक एंड्रॉइड मोबाइल ले गए थे।पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए महेवागंज चौकी पुलिस ने मंगलवार को बनवारीपुर रपटा पुल के पास से दो चोरों को पकड़ा। दोनों आरोपी दलालन पुरवा के रहने वाले हैं।दोनों से चोरी का माल बरामद कर लिया गया है।पीड़ित परिवार ने बरामद जेवरों की पहचान कर ली है।इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र, हेडकांस्टेबल अमरीश भट्ट, कांस्टेबल अनिल, गौरव,अभय और अमरजीत शामिल थे। महेवागंज चौकी प्रभारी रजनीश त्रिपाठी के अनुसार टीम क्षेत्र में हुई अन्य चोरियों के खुलासे के लिए भी काम कर रही है। क्योंकि क्षेत्र में लगातार चोरियों से लोगों में भय व्याप्त था इस सफलता से क्षेत्र के लोगों को राहत मिली है।पुलिस अधीक्षक ने टीम के काम की सराहना की है।जब से महेवागंज चौकी प्रभारी ने चौंकी की कमान संभाली है लगातार गस्त संदिग्धों से पूछताछ और पीड़ितों को न्याय मिल रहा है।

मोटर बोट पर सवार होकर एडीएम पहुंचे बाढ़ प्रभावित गांव, बांटे लंच पैकेट, दिलाया हरसंभव मदद का भरोसा

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर-खीरी

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर मंगलवार को अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) नरेंद्र बहादुर सिंह ने तहसील पलिया के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। एसडीएम पलिया डॉ. अवनीश कुमार के साथ उन्होंने नाव से पहुंचकर हालात का जायजा लिया। एडीएम ने प्रभावित परिवारों से सीधे संवाद कर उनका दुख-दर्द जाना और लंच पैकेट वितरित किए। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने भानपुर खजुरिया, आजाद नगर, बर्बाद नगर, श्रीनगर मेला घाट और अतरिया गांव में जाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि प्रशासन हर पीड़ित तक पहुंचने के लिए लगातार प्रयासरत है और किसी भी परिवार को राहत से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। आजाद नगर के बाढ़ग्रस्त इलाकों में एडीएम स्वयं मोटर बोट पर सवार होकर पहुंचे। यहां ग्रामीणों ने उन्हें दिक्कतों के बारे में बताया। एडीएम ने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि राहत कार्यों की गति तेज की जाए और स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति भी नियमित की जाए।

चिकित्सा कैंपों का निरीक्षण, स्वास्थ्य टीमों को डोर-टू-डोर निर्देश

एडीएम ने बाढ़ चौकियों और चिकित्सा कैंपों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों को आदेश दिए कि प्रभावित क्षेत्रों में डोर-टू-डोर दस्तक देकर सभी परिवारों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।एडीएम ने कहा कि बाढ़ जैसी आपदा में संक्रामक बीमारियों का खतरा अधिक होता है, इसलिए हर व्यक्ति तक दवाएं और टीकाकरण पहुंचाना जरूरी है।

बरखेड़ा विधायक का जनसेवा और राहत कार्यों में सक्रिय योगदान

- बाढ़ग्रस्त खेतों का किया निरीक्षण, मृतक परिवार को सौंपा चार लाख का चेक, धनराशि सीधे खाते में
- खमरियापुल में विशाल नेत्र शिविर का किया शुभारंभ, लोगों की सुनी जन समस्याएं

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

बरखेड़ा विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज मंगलवार को दिनभर क्षेत्रीय समस्याओं और जनसेवा कार्यों में सक्रिय नजर आए। उन्होंने पहले बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर किसानों की समस्याएं सुनीं, फिर अमखेड़ा गांव में आकाशीय बिजली से मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता पहुंचाई और अंत में खमरियापुल में विशाल निःशुल्क नेत्र शिविर का शुभारंभ कर सैकड़ों ग्रामीणों को राहत दी।

बिठौरा कलां व भूड़ा सरैन्दा में बाढ़ग्रस्त खेतों का निरीक्षण

विधायक प्रवक्तानंद महाराज ने मंगलवार को ग्राम बिठौरा कलां और भूड़ा सरैन्दा के बीच खेतों में डूबे हजारों बीघा फसल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यदि फसल लंबे समय तक पानी में डूबी रही तो किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ेगा। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों से तुरंत जलनिकासी की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए।उन्होंने किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और प्रशासन से त्वरित राहत व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपील की। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष महेश लोधी, महामंत्री दिनेश कोरी, रूपलाल, मथुराप्रसाद, भूपशंकर प्रधान सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आकाशीय बिजली से मृतक परिवार को दी गई सहायता

इसी दिन विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज उप जिलाधिकारी संग विकासखंड मरौरी के ग्राम अमखेड़ा पहुंचे, जहां रविवार को आकाशीय बिजली गिरने से जितेंद्र कुमार यादव की मौत हो गई थी। विधायक ने मृतक के परिजनों से भेंट कर गहरी संवेदना व्यक्त की और आश्वासन दिया कि सरकार इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ी है।उन्होंने जानकारी दी कि शासन की ओर से स्वीकृत चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि मृतक की पत्नी के खाते में हस्तांतरित कर दी गई है। उन्होंने प्रमाणपत्र परिजनों को सौंपते हुए भरोसा दिलाया कि परिवार की हर जरूरत पर प्रशासन तत्परता से सहयोग करेगा। इस मौके पर हरिओम शर्मा, प्रेम शंकर, युगल किशोर, राम मौर्य, राजेंद्र कुमार समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन

विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने मंगलवार को खमरियापुल स्थित श्रीपरम अक्रियधाम परिसर में विशाल निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं ऑपरेशन शिविर का शुभारंभ किया। शिविर का संचालन शहीद भगत सिंह नेत्र चिकित्सालय, बरेली की विशेषज्ञ चिकित्सक टीम ने किया।सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चले इस शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने नेत्र परीक्षण कराया। जांच के दौरान 15 से 20 मरीज मोतियाबिंद से ग्रसित पाए गए जिन्हें तत्काल इलाज हेतु बरेली रेफर किया गया। गंभीर नेत्र रोगियों को उच्चस्तरीय अस्पतालों के लिए भेजा गया जबकि सामान्य रोगियों को प्राथमिक उपचार और दवाएं उपलब्ध कराई गईं।शिविर में आए मरीजों और चिकित्सकों के लिए भोजन एवं बैठने की विशेष व्यवस्था की गई थी। ग्रामीणों ने विधायक के इस प्रयास को सराहते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए वरदान साबित होते हैं।

जनसमस्याओं के समाधान को लेकर प्रतिबद्ध

शिविर के दौरान विधायक ने मरीजों और ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने आभार जताते हुए कहा कि विधायक का यह प्रयास क्षेत्र की जनता के लिए बड़ी राहत है।

सेठ घाट नदी के गेट की मरम्मत शुरू यातायात डायवर्ट, कच्चा रास्ता बनाया

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर-खीरी

ग्राम सैधरी में सेठ घाट नदी पर स्थित गेट की मरम्मत का कार्य शुरू हो गया है। मरम्मत कार्य के चलते मंदिर प्रशासन ने गेट से पहले ही यातायात को डायवर्ट कर दिया है।मौके पर मौजूद कारीगरों ने बताया कि गेट की मरम्मत का काम जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद मुख्य मार्ग को यातायात के लिए फिर से खोल दिया जाएगा। यह मार्ग सेठ घाट चौकी और सेठ घाट नदी दोनों की ओर जाता है।फिलहाल वाहनों की आवाजाही के लिए एक कच्चा डायवर्जन मार्ग बनाया गया है। यह वैकल्पिक मार्ग गेट से पहले से ही शुरू होता है।

ससुराल जा रहे युवक को मारी कुल्हाड़ी, गंभीर घायल

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। ससुराल जा रहे एक युवक को घेर कर कुछ लोगों ने पिटाई लगा दी। कुल्हाड़ी के प्रहार से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने शिकायत पर दो महिलाओं सहित चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव आनंदपुर उर्फ भगवंतापुर के रहने वाले रामबरन की ससुराल गांव में ही है। 31 अगस्त की शाम रामबरन अपनी ससुराल जा रहे थे। रास्ते में रामौतार पुत्र शंकर लाल, विमला देवी पत्नी रामौतार, धनीराम पुत्र शंकर लाल और सरला देवी पत्नी रामेश्वर दयाल ने रास्ते में रामबरन को घेर लिया और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर सभी ने लाठी डंडे से रामबरन की पिटाई लगा दी। आरोप है इस दौरान धनीराम ने रामबरन के सिर पर कुल्हाड़ी मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर गए। आस-पड़ोस के लोगों ने बमुश्किल उसे बचाया। जानकारी लगने पर परिजन घायल रामबरन को लेकर कोतवाली पहुंचे और मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने रामौतार, विमला देवी, धनीराम और सरला देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

ट्रांस शारदा क्षेत्र में बाढ़ का कहर, एसडीएम ने लिया जायजा

- नाव व ट्रैक्टर से पहुंचे अधिकारी, स्वास्थ्य व पशु चिकित्सा शिविर लगाकर ग्रामीणों को मिली राहत

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

हजारा। लगातार बारिश और शारदा नदी के उफान से पूरनपुर तहसील का ट्रांस शारदा क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित है। हजारा और शास्त्री नगर गांवों में बाढ़ का पानी खेतों से होता हुआ घरों तक पहुंच गया है, जिससे ग्रामीणों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मंगलवार को उप जिलाधिकारी पूरनपुर अजीत प्रताप सिंह ने राजस्व विभाग व पुलिस प्रशासन की टीम के साथ नाव और ट्रैक्टर से बाढ़ग्रस्त गांवों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को शासन से हरसंभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

खेतों और घरों में घुसा पानी, फसलें बर्बाद

रविवार और सोमवार को बनबसा बैराज से लाखों क्यूसेक पानी छोड़े जाने के कारण शारदा नदी उफान पर आ गई। नतीजतन हजारा व शास्त्री नगर गांवों में बाढ़ का पानी तेजी से भर गया। तीन से चार फीट पानी गांव की सड़कों पर जमा होने से ग्रामीणों की आवाजाही ठप हो गई है। वहीं केला, धान, मूंगफली और गन्ने की फसलें जलमग्न होकर पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ ही दिनों पहले बाढ़ की मार झेलने के बाद अब एक बार फिर उन्हें आपदा का सामना करना पड़ रहा है।

प्रशासनिक दावों की खुली पोल

ग्रामीणों ने बताया कि बाढ़ आने से पहले शासन-प्रशासन ने नाव और राहत व्यवस्था उपलब्ध कराने के दावे किए थे, लेकिन बाढ़ के दौरान वे हवा-हवाई साबित हुए। आपात स्थिति में नाव की व्यवस्था न होना सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है। लगातार हो रही बारिश से गांवों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है और लोग

दाने-दाने को मोहताज हो रहे हैं।

मेडिकल व पशु चिकित्सा शिविर से मिली राहत

जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को सिद्ध नगर गुरुद्वारा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। महिला प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. रश्मि श्रीवास्तव ने बुखार, पेट दर्द, खांसी, खुजली और संक्रमण जैसी बीमारियों से पीड़ित 80 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं वितरित कीं। वहीं गांधी नगर पशु अस्पताल के प्रभारी डॉ. उज्जवल खरवार ने अपनी टीम के साथ नेपाल सीमावर्ती क्षेत्रों में पशु चिकित्सा शिविर आयोजित कर पशुओं का इलाज किया और निःशुल्क दवाइयां वितरित कीं।

ग्रामीणों से सीधे संवाद

एसडीएम अजीत प्रताप सिंह ने बाढ़ प्रभावित गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद किया और कहा कि किसी भी समस्या की सूचना तुरंत राजस्व विभाग या पुलिस प्रशासन को दें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शासन की ओर से हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। इस मौके पर नायब तहसीलदार ऋषि दीक्षित, हजारा थानाध्यक्ष शरद यादव, लेखपाल रामेश्वर चौहान व श्याम मौर्या, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह, ग्राम प्रधान शमशेर आलम, प्रधानपति सत्यप्रकाश सिंह, शास्त्री नगर ग्राम प्रधान मनोज सिंह, श्रीनगर ग्राम प्रधान राधेश्याम राव दिनकर, मंडल उपाध्यक्ष रामप्रवेश कनौजिया, वरिष्ठ कार्यकर्ता बबलू तिवारी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

निचले इलाकों का निरीक्षण कर नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने दिए राहत कार्यों के निर्देश

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

लगातार हो रही बारिश से शहर के कई निचले इलाकों में जलभराव और बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है। मंगलवार को नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष संजय प्रताप सिंह के साथ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पालिका कर्मचारियों को तत्काल जल निकासी दुरुस्त करने और स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखने के निर्देश दिए।गोदावरी स्टेट कॉलोनी में निरीक्षण के दौरान डॉ. आस्था अग्रवाल ने खुद पंजी लेकर नालों की रुकावट की स्थिति की जांच की। उन्होंने बताया कि नाले खुले हैं लेकिन खाखरा और देव नदी का जलस्तर बढ़ जाने से पानी का निकास बाधित हो रहा है। जैसे ही नदी का स्तर कम होगा, पानी स्वतः क्रॉस होकर निकल जाएगा।पालिका अध्यक्ष और भाजपा जिला अध्यक्ष ने तहसील सदर पहुंचकर बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए बनाए जा रहे भोजन वितरण की व्यवस्था का भी जायजा लिया और उप जिलाधिकारी व तहसीलदार से जानकारी प्राप्त की।इससे पहले उन्होंने गोदावरी स्टेट कॉलोनी, जोशी टोला, सुभाष नगर, विनायक विहार और अवध नगर समेत कई क्षेत्रों का निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों से उनकी समस्याएं जानीं। उन्होंने कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि राहत कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रभावित परिवारों को हरसंभव मदद पहुंचाई जाए।

निरीक्षण के दौरान भाजपा के जिला उपाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, सभासद साकेत सक्सेना, वतनदीप मिश्रा, विपिन राजू फौजी, जगन्नाथ प्यारे, नंदकिशोर कश्यप, अमन बाबू, देव प्रकाश, विपिन मिश्रा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। साथ ही नगर पालिका के सफाई निरीक्षक, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी मौके पर तैनात रहे।

युवक का रंग सांवला होने पर ससुरालियों ने दिलाया तलाक

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

- झूठे मुकदमे में फंसाने का आरोप, एसपी से शिक़ायत

पूरनपुर। युवक का रंग सांवला होने पर ससुराल वालों ने पंचायत में उसे तलाक दिला दिया जबकि विवाहिता परिजनों के इस निर्णय से संतुष्ट नहीं है। उसने मायके में जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। इस पर ससुरालियों ने युवक और उसके परिजनों पर दहेज का फर्जी मुकदमा दर्ज करा दिया। युवक की मां ने मामले की शिकायत एसपी से कर न्याय दिलाने की मांग की है।

थाना हजारा क्षेत्र के ग्राम सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज की सुमित्रा कौर पत्नी कुलवंत सिंह ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनके पुत्र मंजीत सिंह का विवाह 12 मार्च 2025 को गांव की एक युवती से हुआ था। शादी के बाद विवाहिता के परिजन मंजीत सिंह के रंग सांवला होने से नाराज रहने लगे। वह विवाहिता को मायके लेकर चले गए। आरोप है कि उन्होंने विवाहिता को भड़काकर पति से तलाक लेने का दबाव बनाया। वह तैयार नहीं हुई। उसने पति मंजीत सिंह को फोन पर बताया कि उसे विदा नहीं किया गया तो वह जहर खा लेगी। बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी मौजूद है। मंजीत का रंग सांवला होने पर मायके पक्ष ने पंचायत बैठाकर मंजीत का विवाहिता से तलाक करा दिया। उसके बाद 23 अगस्त 2025 को विवाहिता ने मायके में जहरीला पदार्थ खा लिया। आरोप है मायके पक्ष ने साजिश के तहत मंजीत और उसके परिवार पर दहेज का झूठा मुकदमा लिखवा दिया। जबकि मंजीत घटना के समय रेवाड़ी में मजदूरी करने गया था।सुमित्रा कौर का आरोप है कि उनके बेटे मंजीत और पति को कम्बोज नगर पुलिस चौकी में अनुचित तरीके से पकड़वाया गया। सुमित्रा कौर ने एसपी से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर कारवाई की मांग की है।

एसपी से लगाई गुहार

प्राइवेट चिट फंड कंपनी पर महिला के 1.35 लाख रुपये हड़पने का आरोप

जन एक्सप्रेस | महोबा।

जनपद महोबा में चिट फंड कंपनियों की मनमानी और लापरवाही का एक नया मामला सामने आया है। शहर कोतवाली क्षेत्र के परमानंद इलाके में स्थित एक प्राइवेट चिट फंड कंपनी पर गरीब महिला ने गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता का कहना है कि उसने बीते पांच वर्षों तक नियमित रूप से किस्तों के माध्यम से पैसा जमा किया, लेकिन समयावधि पूरी होने के बाद भी उसे उसकी जमा पूंजी वापस नहीं मिल सकी।

महिला के मुताबिक, कंपनी की ओर से उसे लगातार आश्वासन दिया गया, लेकिन भुगतान की नियत तिथि निकल जाने के बावजूद ?1,35,000 की धनराशि वापस नहीं की गई। पीड़िता का कहना है कि वह कर्ज के बोझ तले दब चुकी है और अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए बार-बार कंपनी के चक्कर काटने को मजबूर है। पीड़िता ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक महोबा को एक शिकायती पत्र सौंपा है। पत्र में उसने साफ तौर पर उल्लेख किया है कि कंपनी के संचालक जानबूझकर टालमटोल कर रहे हैं और उसकी मेहनत की गाढ़ी कमाई हड़पने का प्रयास कर रहे हैं। महिला ने एसपी से त्वरित हस्तक्षेप कर मामले में कार्रवाई की मांग की है, ताकि उसकी जमा पूंजी उसे वापस मिल सके।

ग्रामीणों और स्थानीय लोगों का कहना है कि चिट फंड कंपनियां अक्सर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को बड़े-बड़े सपने दिखाकर पैसे जमा कराती हैं, लेकिन जब भुगतान का समय आता है तो वे या तो दफ्तर बंद कर देती हैं या फिर टालमटोल का रवैया अपनाती हैं। ऐसे में पीड़ित लोग न्याय पाने के लिए दर-दर भटकते रहते हैं।

इस घटना ने एक बार फिर सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर प्रशासन ऐसी संदिग्ध कंपनियों पर नकेल कब कस पाएगा। पीड़िता ने उम्मीद जताई है कि पुलिस त्वरित कार्रवाई कर न केवल उसकी मेहनत की कमाई वापस दिलाएगी बल्कि दोषियों पर कठोर कार्रवाई भी करेगी, ताकि भविष्य में किसी और गरीब परिवार के साथ ऐसा अन्याय न हो।

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस | उरई

माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के गोपालपुरा में युवक ने घर के अंदर बने कमरे में छत के पंखे से रस्सी बांधकर खुद कुशी कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। नगर कोतवाली क्षेत्र के गांव गोपालपुरा निवासी सुनील दोहरे पुत्र स्व. कमलेश दोहरे के पिता का पांच साल पहले निधन हो गया था। बताया गया कि उसकी अभी शादी नहीं हुई थी और वह मां व भाई हीरु व धीरु के साथ रहता था। जो मेहनत मजदूरी कर अपना गुजारा करता था। जिसने सोमवार की शाम को अज्ञात कारणों के चलते घर में रस्सी बांधकर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। फांसी पर लटका शव देखकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई और उन्होंने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाल बिकेश बाबू व बंगरा चौकी इंचार्ज सुरेन्द्र कुमार सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। मामले में कोतवाल बिकेश बाबू का कहना कि घटना की हर पहलू पर जांच की जा रही है। युवक ने आत्मघाती कदम क्यों उठाया है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद मामला खुद व खुद साफ हो जाएगा।

बस स्टैंड मारपीट व आगजनी मामले का मुख्य आरोपी माजिद गिरफ्तार, भेजा गया जेल

जन एक्सप्रेस | उरई

शहर के कालपी रोड़ बस स्टैंड पर शुक्रवार की रात्रि हुए उपद्रव में शामिल रहे मुख्य आरोपी माजिद को 96 घंटे की जद्दोजहद के बाद गिरफ्तार करने में सफलता हाथ लगी। कोतवाली पुलिस ने माजिद को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जिला कारागार भेज दिया गया। इस तरह से देखा जाये तो कालपी बस स्टैंड में हुये उपद्रव में अब तक 6 आरोपी जेल भेजे जा चुके है। जबकि जिन उपद्रवियो की पहचान कर ली गयी, उनकी गिरफ्तारी के लिये पुलिस की कई टीमें सक्रिय बनी हुयी है। मुख्य आरोपी को जब पुलिस ने पकड़ा तो उसकी जेब से गोलक से लूटे गये 2540 रुपए भी बरामद हुये। उल्लेखनीय हो कि बीते शुक्रवार की रात्रि उस दौरान दहशत का माहौल पैदा हो गया, जब वहां पर प्राइवेट बसों से जुड़े दो पक्षों में एक कपिल का वीडियो बनाये जाने का विरोध करने पर कहासुनी के बाद मारपीट तक नौबत पहुंच गयी थी। इसके बाद माजिद ने अपने आधा सैकड़ा साथियों को मौके पर बुलाकर दूसरे पक्ष के लोगों दौड़ा-दौड़ाकर मारपीट कर उन्हें बुरी तरह से घायल कर दिया था उसी दौरान दो बाइकों को आग के हवाले भी कर दिया गया था। जब मामले की जानकारी सदर कोतवाली पुलिस को पता चली तो वह मौके पर पहुंची और स्थिति का आंकलन कर कई थानों की पुलिस को मौके पर बुला लिया गया था। इसके बाद पुलिस ने बजरिया क्षेत्र में पैदल गश्त कर आपराधिक तत्वों को कड़ा संदेश दिया था। दूसरे दिन पुलिस ने पांच आरोपियों को हिरासत में ले लिया था जबकि तीसरे दिन मुख्य आरोपी माजिद के फार्म हाउस को जेसीबी मशीनों से ध्वस्त कर दिया गया था। लेकिन इसके बाद भी माजिद पुलिस से आंख मिचैली का खेल खेलता रहा। बताया जाता है कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कालपी बस स्टैंड में हुये उपद्रव व आगजनी मामले में मुख्य आरोपी माजिद को इकलासपुरा चैराहे से बघौरा की ओर जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मुख्य आरोपी से जब पुलिस ने पूंछतांछ की तो उसने गोलक से लूटने की बात को स्वीकार किया। उसने बताया कि कुछ रुपए खर्च हो गये कुछ बचे हैं। पुलिस सूत्रों की मानें तो अब पुलिस टीमों का पूरा फोकस ऐसे लोगों पर है जो उपद्रव में शामिल रहे और उनकी शिनाख्त पुलिस सीसीटीवी कैमरों से कर चुकी है। ऐसे लोगों की गिरफ्तारी का अभियान तेज करेगी।

अपहरण के बाद किया किशोरी के साथ दुष्कर्म

जन एक्सप्रेस | अलीगढ़

थाना क्षेत्र में 16 वर्षीय किशोरी का अपहरण और नोएडा ले जाकर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। दूसरे दिन, पड़ोसी गांव के व्यक्ति की मदद से किशोरी को खैर तहसील के पास से बरामद किया गया। पीड़ित व्यक्ति को शिकायत नहीं करने की धमकी दी जाती है। गांव जाखुर के प्रधान पति सहित दो लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। एक व्यक्ति ने बताया कि 28 अगस्त की रात करीब 10ः30 बजे उसकी 16 वर्षीय पुत्री घर के पास बाजरे के खेत में गई थी। लंबे समय तक न लौटने पर उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कहीं नहीं पाया।

29 अगस्त की शाम को पड़ोसी गांव का एक व्यक्ति अपनी इको गाड़ी से खैर से गौंडा की ओर आ रहा था। तहसील के पास, उन्होंने सफेद स्कार्पियो में एक युवा महिला के चीखने की आवाज सुनी। अपनी कार को रोककर स्कार्पियो की ओर मुड़ते ही दो लोग उतरकर भाग निकले। उन्होंने राहगीरों की मदद से किशोरी को उसके घर भेजा। घर पहुंचने पर किशोरी ने अपने परिवार को बताया कि रात में थाना गौंड़ा क्षेत्र के गांव चामड़ निवासी हरीश पुत्र अजय भान और गांव जाखुर निवासी ग्राम प्रधान पति अशोक उर्फ बुद्धा ने उसे बहला-फुसलाकर स्कार्पियो में बैठाकर ले गया था। उसे दोनों नोएडा ले गए। वहां, हरीश ने अशोक के सहयोग से उसके साथ बुरा काम किया। पीड़िता घटना से निराश है। पिता ने बताया कि प्रधानपति ने उन्हें धमकी दी जब उन्होंने पंचायत में शिकायत की। दोनों आरोपितों के खिलाफ तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इंस्पेक्टर नरेंद्र यादव ने बताया कि

वनखंडी महादेव मंदिर में लगी मूर्ति में मारी ईंट

जन एक्सप्रेस | अलीगढ़

रविवार दोपहर बाद हजारों हजार लोगों की आस्था के प्रतीक कस्बा स्थित प्राचीन वनखंडी में एक असामाजिक तत्व ने शिव भक्तों को आस्था को जबरदस्त चोट पहुंचाई है। जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में एक शख्स मंदिर में आता है और जोर जोर से घंटा बजाता है। उसके बाद वह एक परिक्रमा देता है और बाद में शिवलिंग पर ईंट मारकर चलता बनता है। इस वीडियो को देखकर कस्बा के शिवभक्तों भारी गुस्सा देखा जा रहा है। युवक ने अपना मुंह अंगोछे से ढंका हुआ है। लोगों ने पुलिस से शिकायत की है। शिकायत के आधार पर पुलिस जांच में जुटी है। इंस्पेक्टर ने बताया कि संदिग्ध युवक की सीसीटीवी कैमरे के आधार पर तलाश की जा रही है।

चरखारी में दिनदहाड़े दलित की कुल्हाड़ी से काटकर नृशंस हत्या

जन एक्सप्रेस | महोबा

चरखारी थाना क्षेत्र के ग्राम गुढ़ा में अण्डा दारू पार्टी के दौरान हुए मामूली विवाद में एक दलित की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या किए जाने मामला प्रकाश में आने से क्षेत्र व पुलिस महकमे हड़कम्प मच गया और सूचना पाते ही स्थानीय पुलिस के अलावा पुलिस विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर घटना के संबंध में जानकारी लेते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए दबिश देना शुरू कर दिया है।

घटना 1.30 बजे की है जहां उदयभान पुत्र मैयादीन अहिरवार उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम गुढ़ा गांव के ही दो अन्य व्यक्ति भारत सिंह पुत्र पुरन सिंह राजपूत' मूलचंद्र पुत्र कल्ला के साथ एक खाली घर मे दारू मुर्गा पार्टी कर रहे थे और पार्टी के दौरान ही उनके बीच मामूली विवाद हो गया जिस पर आरोप है कि भारत सिंह व पूरन ने हमलावर हो गए तथा उदयभान की ही कुल्हाड़ी से हमला करते हुए उसकी हत्या कर दी गयी। दलित की हत्या की सूचना गांव में जंगल की आग की तरह फैल गयी और देखते ही देखते भीड़ उमड़ना शुरू हो गयी। दिनदहाड़े हत्या की सूचना जैसे ही पुलिस महकमे को लगी वैसे ही सूचना पाकर सीओ चरखारी रविकान्त गोंड' प्रभारी निरीक्षक चरखारी प्रवीण कुमार सिंह' पुलिस चौकी प्रभारी चरखारी चन्द्रशेखर' गौरहरी पुलिस चौकी प्रभारी प्रशांत दीक्षित भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे साथ ही सीओ चरखारी द्वारा उच्चाधिकारियों को सूचना दिए जाने पर अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह फॉरेंसिक टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचीं। पुलिस द्वारा घटना स्थल से आला कत्ल कुल्हाड़ी को बरामद करते हुए फॉरेंसिक जांच के लिए सौंपी है। पुलिस द्वारा मौके से शराब की बोतलें' अण्डा एवं अन्य खादय सामग्री भी बरामद किए हैं। बताते चलें कि मृतक की पत्नी का देहान्त पूर्व मे हो चुका है और उसके एकमात्र पुत्री खुशबू है। अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह द्वारा पुत्री व ग्रामीणों से घटना की जानकारी जुटाते हुए अभियुक्तों तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश जारी किए हैं वहीं पुलिस द्वारा अभियुक्तो की गिरफ्तारी के लिए जगह जगह दबिशें देना शुरू कर दिया है। दलित की हत्या के बाद गांव में शोक का माहौल है तथा परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

सैंपल व फूड लाइसेंस के नाम पर दुकानदारों से अवैध उगाही करने के लगाए गए आरोप

जन एक्सप्रेस | महोबा

समाजवादी व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार साहू के नेतृत्व एवं जिलाध्यक्ष शोभालाल यादव व पूर्व जिलाध्यक्ष प्रान सिंह यादव के सानिध्य में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार व प्राइवेट व्यक्ति वीरेंद्र दीक्षित के द्वारा दुकानदारों से अवैध वसूली के संबंध में ज्ञापन के माध्यम से डीएम को शिकायत पत्र सौपा गया द्य जिसमे अवगत कराया गया है कि समाजवादी व्यापार सभा का जिलाध्यक्ष होने के नाते निरंतर दुकानदारों की शिकायत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के खिलाफ मिल रही थी विभाग में एक प्राइवेट व्यक्ति वीरेंद्र दीक्षित जो विगत कई वर्षों से विभाग के भ्रष्टाचार में शामिल होकर दुकानदारों से सैंपल व फूड लाइसेंस के नाम पर विभाग के लिए अवैध वसूली करने का कार्य करता है । विभाग के अधिकारियों की जानकारी में यह सब काम चल रहा है । अधिकारी कोई भी रहे पर अवैध वसूली करने का काम वीरेंद्र दीक्षित ही करता है। इसके कई सबूत दुकानदारों के पास उपलब्ध है। भ्रष्टाचार इतने चरम पर है कि व्यापारी आत्महत्या करने को मजबूर हो गए हैं। एक तरफ ऑनलाइन व्यापार से तबाह दुकानदार भुखमरी की कगार पर पहुंच गया है ऊपर से खाद्य सुरक्षा के नाम पर विभाग की अवैध वसूली से गरीब, फुटपाथ ठिलिया, रेडी वाले दुकानदार बहुत परेशान है। विभाग द्वारा प्रत्येक दुकानदार से लाइसेंस जारी करने के समय भारी भरकम रकम वसूल की जाती है।

बारिश से हर तरफ जलभराव, चलाई नाव

जन एक्सप्रेस | अलीगढ़

बारिश का पानी शहर की कॉलोनियों के घरों और दुकानों में घुस गया। लोग बाल्टी से पानी को बाहर फैंकते भी नजर आए। शहर की मुख्य सड़क रामघाट रोड, मेरिस रोड आदि पर भी पानी भर गया। रामघाट रोड पर तो लोगों ने नाव भी चलाईं। बारिश से जहां एक ओर जलभराव से परेशानी महसूस हुई, वहीं मौसम सुहाना हो गया। तापमान भी कम हुआ है।

सोमवार सुबह तेज बारिश हुई। बारिश के कारण उमस भरी गर्मी से तो निजात मिली मगर शहर की सड़कें तालाब बन गईं। क्वार्सी क्षेत्र के निशात बाग, जीवनगढ़, रजा नगर, दादपुर, नगला मल्लाह, शाहजमाल ईदगाह, सराय हकीम, बारहद्वारी और रेलवे रोड पर दुकानों तक पानी पहुंच गया। सोमवार को तेज बारिश शुरू हो गई।रुक रुककर झमाझम बारिश से महानगर में जलभराव हो गया। पुराने शहर के खैर रोड, घुड़ियाबाग, पूर्व मेयर आवास के बाहर, बारहद्वारी, महावीरगंज, गूलर रोड, सरायहकीम, सराय लबरिया मेयर आवास के बाहर की सड़क, रेलवे रोड, उदय सिंह जैन रोड, शाहजमाल आदि क्षेत्रों में जल भराव रहा।

सड़क पर पानी भरने के कारण लोगों को आने जाने में काफी परेशानी उठानी पड़ी। जलभराव के कारण नगर निगम के सभी वादे खोखले साबित हुए। बारिश के बाद शहर के विभिन्न जलभराव की समस्या लगातार सामने आ रही है।देर रात से बारिश शुरू हुई। सुबह होते-होते बारिश तेज हो गई। इस बारिश ने नगर निगम के जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी है।

शहर की कॉलोनियों की गलियां ही नहीं मुख्य सड़कों पर भी पानी भर गया। यहां तक की बारिश के पानी में लोगों ने नाव तक चलाई। बारिश का पानी घरों और दुकानों में घुस गया। सोमवार को रात दो बजे से बारिश ऐसी शुरू हुई कि सुबह नौ बजे जाकर बंद हुई। लगभग सात घंटे तक बारिश होने से शहर की अधिकतर कॉलोनियों में पानी भर गया। पानी से नालियां और सड़कें एक नजर आ रही थीं। छतों के पंदारे भरकर चल रहे थे। क्वार्सी बाईपास स्थित बंबा ऊपर तक भरकर चल रहा था। बंबा कई जगहों पर कटा और उसका पानी संजय कॉलोनी, गोविंद नगर में घुस गया।

चमारी गौशाला का निरीक्षण कर डीएम ने दिखायी नाराजगी, लापरवाह अफसर-कर्मचारियों पर की कार्यवाही

- निरीक्षण में भूसे की कमी, 15 बीमार और कमजोर मिले सौ से अधिक गोवंश

जन एक्सप्रेस | उरई

गौशालाओं की व्यवस्थाओं को लेकर बार-बार दिए जा रहे निर्देशों के बावजूद जिम्मेदारों की लापरवाही पर जिलाधिकारी ने खुद निरीक्षणकर सख्त रूख अपनाया है। इसीक्रम में डीएम राजेश कुमार पाण्डेय और एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने चमारी गौशाला का औचक निरीक्षण किया। जहां बदइंतजामी देखकर संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाकर उनके विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। निरीक्षण में गौशाला में करीब 600 गोवंश संरक्षित मिले, लेकिन भूसे की भारी कमी और साफ सफाई नही मिली। लगभग सौ गोवंश कमजोर और 15 बीमार हालत में पाए गए। डीएम ने इस गंभीर लापरवाही पर नोडल अधिकारी शिव लखन सिंह सहायक अभियंता द्वारा गोशालाओं का निरीक्षण न करने पर वेतन रोकते हुए प्रतिकूल प्रविष्टि, खंड विकास अधिकारी कदौरा प्रतिभा शाल्या का वेतन रोकने के साथ प्रतिकूल प्रविष्टि, पशु चिकित्सक अखिलेश त्रिपाठी के विरुद्ध भी वेतन रोकना और प्रतिकूल प्रविष्टि के साथ विभागीय कार्यवाही शिवम कौशिक ग्राम पंचायत अधिकारी का वेतन रोकते हुए प्रतिकूल प्रविष्टि और गौशाला संचालिका व केयर टेकर के विरुद्ध अनुबंध का उल्लंघन करने के दृष्टिगत कठोर कार्रवाई करने के आदेश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि तत्काल गोशाला में पर्याप्त भूसा की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और भूसा घर में हमेशा पर्याप्त मात्रा में भूसा उपलब्ध रहे। गौवंशों को सुबह-शाम चोकर, भूसा और हरा चारा नियमित रूप से दिया जाए। पानी की व्यवस्था भी सुचारु रखी जाए और समय-समय पर बदलाव अनिवार्य किया जाए। साथ ही जिलाधिकारी ने गौशालाओं के नोडल अधिकारी जिला विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद के सभी गौशालाओं के लिए 82 नोडल अधिकारी तैनात हैं जो नोडल अधिकारी भ्रमण निरीक्षण नियत प्रारूप पर नहीं कर रहे है और मात्र खाना पूरी कर रहे है ऐसे सभी खंड विकास अधिकारी एवं नोडल अधिकारी के विरुद्ध पत्रावली प्रस्तुत कर दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित कर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कराई जाएं। सभी नोडल अधिकारी अपनी-अपनी संबंधित गौशालाओं का नियमित निरीक्षण कर सुनिश्चित करें कि किसी भी स्तर पर गोवंशों की देखभाल में कमी न हो। उन्होंने चेतावनी दी कि मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी की शिथिल पर्यवेक्षण पर उनको भी एक प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी से करें और समय से गौशालाओं में बीमार गोवंशों का उपचार सुनिश्चित करें। बार बार निर्देश के वावजूद यदि जनपद की किसी भी गौशाला में लापरवाही मिली तो वरिष्ठ स्तर पर कार्यवाही होगी किसी भी कीमत पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

टेंट गिरने से भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा हुई क्षतिग्रस्त, हंगामा

जन एक्सप्रेस | अलीगढ़

बन्नादेवी क्षेत्र अंतर्गत सराय लवरिया में गणेश प्रतिमा का टेंट गिरने से डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त हो गई। इसको लेकर बाबा साहब के अनुयायियों में आक्रोश पैदा हो गया। सराय लवेरिया में तेज बारिश से बाबा भीमराव अंबेडकर की मूर्ति क्षतिग्रस्त हो गई आसपास के लोगों का आरोप है कि किसी शरारती तत्व ने मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर दिया है। आजाद समाज पार्टी के कार्यकताओं ने जमकर हंगामा किया। हंगामे की सूचना पर सीओ और स्थानीय अधिकारी मौके पर पहुंच गए और आक्रोशित लोगों को समझाया। उन्हें आश्वासन दिया गया कि दो दिन में क्षतिग्रस्त प्रतिमा के स्थान पर नई प्रथम स्थापित करा दी जाएगी।

तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ। स्थानीय लोगों के अनुसार रविवार देर रात तेज बारिश और हवा के कारण गणेश प्रतिमा का टेंट डॉक्टर भीमराव आंबेडकर प्रतिमा के ऊपर गिर गया। इससे प्रतिमा क्षतिग्रस्त हो गई। आजाद समाज पार्टी के सदस्यों ने 1 सितंबर को हंगामा करते हुए आरोप लगाया कि यह कोई संयोग नहीं हैं बल्कि असामाजिक तत्वों द्वारा जानबूझकर प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने की कोशिश थी।सीओ बन्नादेवी कमलेश कुमार ने बताया कि पुलिस घटना की पूरी जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सूरसदन में आयोजित हुआ सहज मिल्क का 'लखपति दीदी सम्मान समारोह'

जन एक्सप्रेस | आगरा

सुरसदन में आयोजित सहज मिल्क प्रोड्यूसर ऑगेर्नाइजेशन, आगरा ने 'लखपति दीदी सम्मान समारोह' का आयोजन किया। इसमें उन महिला डेयरी किसानों (लखपति दीदियों) को सम्मानित किया गया, जिन्होंने संगठन से जुड़कर दूध बिक्री से एक लाख रुपये से अधिक कमाए। यह कार्यक्रम महिलाओं के सशक्तिकरण का प्रतीक था और इसने दिखाया कि संगठित डेयरी खेती ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता और सम्मान कैसे दिला सकती है।

कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण था इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) मिल्क डिलीवरी वैन का शुभारंभ, जिसे भारत सरकार के मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के राज्य मंत्री प्रो. एस. पी. सिंह बघेल ने हरी झंडी दिखाकर शुरू किया। उनके साथ डॉ. मीनेश शाह (चेयरमैन, एनडीडीबी और एनडीडीबी डेयरी सर्विसेज) और डॉ. सी. पी. देवानंद (मैनेजिंग डायरेक्टर, एनडीडीबी डेयरी सर्विसेज) मौजूद रहे।

ईवी मिल्क वैन की शुरूआत डेयरी सप्लाई चेन में सतत (सस्टेनेबल) प्रथाओं की ओर बड़ा कदम है। ये वैन पेट्रोल-डीजल पर निर्भरता कम करके कार्बन फुटप्रिंट घटाने और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देंगी। यह पहल भारत के जलवायु लक्ष्यों से मेल खाती है और डेयरी क्षेत्र की ईको-फ्रेंडली तकनीक अपनाने की प्रतिबद्धता को दिखाती है।

कार्यक्रम में लखपति दीदियों का सम्मान और ईवी वैन का शुभारंभ, दोनों ने इस बात पर जोर दिया कि ग्रामीण महिलाओं का सशक्तिकरण और पर्यावरणीय स्थिरता, दोनों ही सहज के काम का मुख्य हिस्सा हैं। महिलाओं की सफलता की कहानियां आत्मनिर्भरता और उद्यमिता की प्रेरणा देती हैं, वहीं हरित तकनीक (ग्रीन लॉजिस्टिक्स) की पहल एक मजबूत और टिकाऊ डेयरी इकोसिस्टम बनाने की दिशा में सहज और उसके साझेदारों की प्रगतिशील सोच को दर्शाती है।

सहज मिल्क के बारे में- सहज दुग्ध उत्पादक संस्था

उत्तर प्रदेश के आगरा में स्थित सहज एक किसान-स्वामित्व वाली कंपनी है, जिसे कंपनी एक्ट 2013 के तहत भारत सरकार की नेशनल डेयरी प्लान-क योजना के अंतर्गत स्थापित किया गया। इस संगठन को विश्व बैंक से वित्तीय सहायता और एनडीडीबी डेयरी सर्विसेज से तकनीकी सहयोग मिला। 12 दिसंबर 2014 से संचालन शुरू करने के बाद से सहज का उद्देश्य ग्रामीण आजीविका को डेयरी के माध्यम से मजबूत करना और किसानों की आय बढ़ाकर उन्हें मुख्यधारा की अर्थव्यवस्था से जोड़ना है। आज सहज उत्तर प्रदेश के 19 जिलों के 5,200 गांवों में 1,32,515 डेयरी किसानों को जोड़ चुका है। इनमें से 63,906 महिलाएं हैं, जो पशुपालन और आय सृजन में अहम भूमिका निभा रही हैं। महिलाओं को समान अवसर देकर सहज ग्रामीण भारत में महिला सशक्तिकरण में योगदान दे रहा है।

सहज हर दिन औसतन 5,28,000 किलो दूध किसानों से इकट्ठा करता है और दूध की बिक्री से हुई आय का 86त्न से अधिक सीधे किसानों को लौटाता है। भुगतान हर 10 दिन में सीधे बैंक खाते में किया जाता है, जिससे तेजी, पारदर्शिता और भरोसा सुनिश्चित होता है। इससे किसान औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से जुड़े और उन्हें केंद्र व राज्य सरकार की अन्य योजनाओं का भी लाभ मिला। बैंकिंग संस्थानों के सहयोग से किसानों को 80 करोड़ रुपये किसान क्रेडिट कार्ड के तहत दिए गए, जिससे 8,165 नए पशु खरीदे गए और दूध उत्पादन व किसानों की कमाई में सीधा इजाफा हुआ।

सहज की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है इसके 'लखपति सदस्य'। बीते वित्तीय वर्ष में ही 11,038 महिला किसान सदस्य 'लखपति दीदी' बनीं, यानी उन्होंने दूध आपूर्ति से एक लाख रुपये या उससे अधिक कमाए। यह ग्रामीण महिलाओं की बढ़ती आर्थिक स्वतंत्रता और सफलता का उदाहरण है।

हाल-ए-औधोगिक क्षेत्र: उद्योग की जमीन पर खड़ी हो गई आवासीय मकाने, भाड़े से मोटी कमाई

- उद्योगों के लिए आवंटित जगहों में बनाई कोठी, ना लगा कोई उद्योग ना ही हो रही कोई कार्रवाई

जन एक्सप्रेस | महराजगंज

10.15 एकड़ भूमि में 198 भूखंड आवंटित

महराजगंज जनपद के सदर, फरेंदा और कोठीभार में औद्योगिक क्षेत्र के नाम पर 10.15 एकड़ भूमि स्थित है। जिसमें कुल 198 भूखंड है। इसमें महराजगंज में 3.68 एकड़ में 76, कोठीभार के 3.10 एकड़ में 68 और फरेंदा के 3.37 एकड़ भूमि के 54 भूखंड का आवंटन उद्यमियों को किया गया है। सदर, फरेंदा और कोठीभार में कई उद्यमियों ने फर्नीचर, आंवला, दवा, चप्पल, स्टील वर्क, आर्यरन आदि का उद्योग लगाए हैं। यहां इन औद्योगिक क्षेत्रों पर आवंटन प्राप्त किए 50 फीसद से अधिक आवंटियों ने छह माह का समय मांगते हुए उद्योग लगाने को कहा था, लेकिन लंबे समय बीतने के बाद भी उद्योग नहीं लगाया जा सका है। छह माह में उद्योग न लगाने पर आवंटन अभी तक निरस्त नहीं किया गया। हालांकि उद्योग विभाग की लापरवाही से काफी नुकसान हो रहा है। जिम्मेदार अफसर भी इस ओर उदासीन बने हुए हैं।

जहां एक तरफ सरकार उद्योग के जरिए रोजगार को बढ़ावा देने के लिए योजनाएं संचालित कर रही है। वहीं सरकारी योजनाओं की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। मामला महराजगंज जनपद में उद्योग लगाने के लिए मनमानी ढंग से आवंटित किए गए पट्टों का है। कई पट्टेधारकों द्वारा 99 साल का पट्टा करवाकर आवासीय के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। वहीं कुछ गिने-चुने लोग ही उद्योग लगाकर जनपद में नए उत्पाद बना रहे है।

सभी मामलों की सत्यता जानने के लिए जन एक्सप्रेस संवाददाता को उद्योग परिसर में मौजूद कुछ लोगों ने नाम न छापने के शर्त पर बताया कि यहां पर उद्योग के नाम पर बंदरबांट हुआ है। 10त्न लोग ही उत्पादन कर रहे हैं। रोजगार भी दे रहे है। ज्यादातर लोगों ने तो मकान को भाड़े पर दे रखा है। कई लोग तो अपने निजी इस्तेमाल के लिए उपयोग कर रहे है। गलत तरीके से पट्टा आवंटित किया गया है। कुछ दिन पूर्व एक रेस्तरां खुला था। एक मकान में डांस क्लास चल रहे थे। जिसके एवज में पट्टा धारक मालिक भाड़े के रूप में मोटे पैसे वसूल करते थे। लेकिन इसकी सूचना जब उपायुक्त उद्योग को हुई तो कार्रवाई की गई।

कहां जा रहा है कि अगर अधिकारी ईमानदारी से पूरे उद्योग परिसर की जांच करा लें तो आधे से ज्यादा लोगों का पट्टा निरस्त हो सकता है। कुछ लोग तो 99 साल का पट्टा करवाकर बाहर अपना बिजनेस करने में लगे है तो कुछ लोगों के घरों का ताला सालों से नहीं खुला है, तो कुछ ने एलाट किए गए मकानों के बाहर फर्जी पोस्टर लगाकर कब्जा कर रखा है जिससे की उनका पट्टा बचा रहे।

जिले में उद्यमियों को अवसर प्रदान करने के लिए महराजगंज नगर पालिका, कोठीभार और फरेंदा में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना की गई है। यहां पर उद्योग लगाने के लिए आवंटियों ने प्लाट का आवंटन तो करा लिया, लेकिन कई साल बाद भी उद्योग नहीं लगाया गया। यदि नियमों की माने तो छह माह के भीतर प्लाट पर उद्योग नहीं लगा तो नोटिस की कार्रवाई पूरी कर आवंटन प्रक्रिया को निरस्त कर देना चाहिए।

जिले के तीनों औद्योगिक क्षेत्र में अगर आंवटन के बाद उद्योग संचालित नहीं हो रहे हैं, तो इसकी जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल महराजगंज में उद्योग न लगाने वाले 50 पट्टा धारको को नोटिस दी गई है। जल्द ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अभिषेक प्रियदर्शी
उपायुक्त उद्योग महराजगंज

किशोरी से दुष्कर्म के मामले में आरोपी को 20 वर्ष की सजा

जन एक्सप्रेस | महराजगंज

विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) पीसी कुशवाहा की न्यायालय ने किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले की सुनवाई की। आरोपी शैलेंद्र गुप्ता को 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। अभियोजन के अनुसार, घटना पांच अक्तूबर 2023 की है। पीड़िता का बयान छह नवंबर 2023 को हुआ। न्यायालय में आरोप पत्र 23 जनवरी 2024 को प्रेषित कर दिया गया है। घटना के पीड़िता किशोरी थी। वह अपनी बहन के पास हरियाणा रोहतक गई। वहीं किशोरी के पेट में दर्द हुआ तो अपनी बड़ी को इसकी जानकारी दी। इसके बाद बहन उसे डॉक्टर के पास ले गई। डॉक्टर ने जांच के बाद बताया कि किशोरी गर्भवती है। इस खुलासे के बाद बड़ी बहन ने उससे पूछताछ की, तो पीड़िता ने बताया कि लगभग 8 महीने पहले उसके गांव के निवासी शैलेंद्र गुप्ता ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। पीड़िता ने बताया कि शैलेंद्र गुप्ता गांव में फोटोग्राफी और मोबाइल में गाने डाउनलोड करने की दुकान है। पीड़िता करीब आठ महीने पहले गाना डाउनलोड करवाने के लिए उसकी दुकान पर गई थी, जहां आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इस घटना के परिणाम स्वरूप किशोरी गर्भवती हो गई। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद उसकी बड़ी की तहरीर पर पांच अक्तूबर 2023 को एफआईआर हरियाणा के रोहतक सिटी थाने में दर्ज हुआ, क्योंकि उस समय पीड़िता अपनी बहन के साथ रोहतक में ही रह रही थी। लेकिन घटनास्थल रोहतक, हरियाणा में नहीं, बल्कि महराजगंज में था, इसलिए रोहतक पुलिस ने प्रथम सूचना रिपोर्ट और संबंधित दस्तावेजों को उचित माध्यम से पुलिस अधीक्षक, महराजगंज को प्रेषित कर दिया था। महराजगंज पुलिस ने दस्तावेज प्राप्त होने के बाद थाना चौक में केस दर्ज हुआ था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और जांच के दौरान आरोपी शैलेंद्र गुप्ता उर्फ शिवा की पहचान की गई। जांच में पीड़िता के बयान, मेडिकल रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपी के खिलाफ पर्याप्त सबूत मिले। अभियोजन पक्ष ने कोर्ट में ठोस साक्ष्य और गवाह पेश किए, जिसमें पीड़िता की गवाही और मेडिकल रिपोर्ट शामिल थी। विशेष न्यायाधीश ने सभी साक्ष्यों और गवाहों के बयानों का संज्ञान लेते हुए आरोपी को दोषी करार दिया।

गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से गूंजा नगर

जन एक्सप्रेस | महराजगंज

कस्बे में स्थापित 12 गणेश प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ढोल, नगाड़ों व गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया के जयघोष के साथ विसर्जन शोभा यात्रा निकाली गई। देर शाम नारायणी के खेखड़ा नाले पर सभी प्रतिमाएं विसर्जित की गईं। सिसवा नगर में छह दिवसीय गणेश उत्सव के समापन के दिन 12 प्रतिमाओं की शोभायात्रा निकाली गई। नगर भ्रमण के उपरांत देर शाम को नारायणी के खेखड़ा नाले में प्रतिमाओं को विसर्जित किया गया। यात्रा के दौरान हिंदू कल्याण मंच की ओर से मनमोहन झांकी व बच्चियों का डांडिया नृत्य आकर्षक रहा। गणेश प्रतिमाएं कस्बे के स्टेट चौक पर इकट्ठा होकर काली मंदिर, अमरपुरवा, गोपाल नगर, रोडवेज बस स्टैंड, मेन मार्केट, स्टेशन रोड होते बीजापार स्थित खेखडा नाले पर पहुंची, जहां पूजा अर्चना के बाद विसर्जन हुआ। इस दौरान प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये थे। इसको सकुशल सम्पन्न कराने के लिए छह थानों की पुलिस तैनात रही।

आम के पेड़ से लटकता मिला किशोरी का शव

जन एक्सप्रेस | महराजगंज

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा कटहरा में मंगलवार को आम के बागीचे में एक किशोरी का शव पेड़ से लटकता मिला। शव मिलने की सूचना पर पूरे गांव में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार, कटहरा निवासी रामबेलाश निषाद की नतिनी सुनीता (14) सोमवार शाम से लापता थी। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे, लेकिन वह कहीं नहीं मिली। मंगलवार को टहलने गए ग्रामीणों ने बागीचे में शव को पेड़ से लटकता देख शोर मचाया। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना मिलते ही बागापार चौकी इंचार्ज मनीष कुमार पटेल मयफोर्स मौके पर पहुंचे और शव को फंदे से उतरवाया। पुलिस ने पंचनामा भरकर कार्रवाई शुरू कर दी। चौकी इंचार्ज ने बताया कि रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

प्रधान प्रतिनिधि और पूर्व प्रधान के स्वजन में जमकर हुई मारपीट, बुलेट और सोने की चेन छीनने का आरोप

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

गोरखपुर के सहजनवां क्षेत्र के नारंगपट्टी गांव में प्रधान प्रतिनिधि और पूर्व प्रधान के परिजनों के बीच मारपीट हो गई। प्रधान प्रतिनिधि मंजीत गौंड ने पूर्व प्रधान के परिजनों पर बुलेट और सोने की चेन छीनने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के एक-एक व्यक्ति का शांति भंग में चालान किया है और मामले की जांच कर रही है।

नारंगपट्टी में रविवार को प्रधान प्रतिनिधि और पूर्व प्रधान के स्वजन के बीच कहासुनी के बाद जमकर मारपीट हो गई। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि ने बुलेट और सोने की चेन छीनने का आरोप लगाया है। सहजनवां थाने में दोनों पक्षों में काफी देर तक पंचायत चली।

इसके बाद एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रधान प्रतिनिधि मंजीत गौंड ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार को अपने घर पर बैठे थे। तभी गांव के पूर्व प्रधान के स्वजन घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे।

हिंदू लड़कियों को घुमाने के नाम पर नेपाल ले जा रहे थे मुस्लिम लड़के, कहीं मामला लव जिहाद का तो नहीं!

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

गोरखपुर में नेपाल सीमा पर तीन मुस्लिम युवकों के साथ हिंदू लड़कियों के मिलने से लव जिहाद का संदेह गहरा गया है। खुफिया एजेंसियां जांच कर रही हैं कि लड़कियों को नेपाल क्यों ले जाया जा रहा था। क्या यह सिर्फ दोस्ती थी या कोई साजिश? पुलिस मुख्यालय ने रिपोर्ट मांगी है और गहन जांच के निर्देश दिए हैं।

नेपाल की सोनौली सीमा पर तीन मुस्लिम युवकों के साथ मिली हिंदू लड़कियों का मामला लव जिहाद के एंगल पर घूम गया है। खुफिया एजेंसियां पता लगाने में जुटी हैं कि इन लड़कियों को नेपाल क्यों ले जाया जा रहा था।

क्या यह केवल इंस्टाग्राम पर दोस्ती का मामला था या इसके पीछे कोई गहरी साजिश थी? पुलिस मुख्यालय ने महराजगंज पुलिस से रिपोर्ट मांगी है और गोरखपुर पुलिस को भी गहन जांच के निर्देश दिए गए हैं।

नौ जून 2025 की रात, सोनौली सीमा पार कर नेपाल जा रही तीन लड़कियों को पुलिस और एनजीओ की टीम ने रोक लिया। पूछने पर उन्होंने पीछे आ रहे तीन लड़कों की ओर इशारा किया। पूछताछ में लड़कों की पहचान आजमगढ़ के निजामाबाद-चकिया के अयान खान, हुसैनाबाद के वासित खान और सरायमीर क्षेत्र के एक 15 वर्षीय किशोर के रूप में हुई।

लड़कियों में दो नाबालिग गोरखपुर के कोतवाली की थीं, तीसरी जौनपुर की थी। तीनों लड़कियां हिंदू थीं। एक ने बताया कि वासित खान से उसकी दोस्ती मुंबई में हुई थी और फिर इंस्टाग्राम व मोबाइल फोन पर बातचीत आगे बढ़ी। वह एक-दूसरे को पहले से नहीं जानती थीं और उनका धर्म भी अलग है। पुलिस ने लड़कों और लड़कियों को गोरखपुर कोतवाली थाने को सौंपा।पूछताछ के बाद सभी को छोड़ दिया गया। लेकिन मामला उच्चाधिकारियों तक पहुंचा, तो सभी चौकन्ना हो गए। पुलिस मुख्यालय ने तत्काल रिपोर्ट मांगी और जांच का दायरा बढ़ा दिया। 25 अगस्त को महराजगंज पुलिस ने इस मामले में उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजी, जिसमें लिखा गया कि लड़के-लड़कियों को गोरखपुर कोतवाली थाने के दारोगा को सौंप दिया गया था। वहीं, गोरखपुर पुलिस ने जांच के दौरान कोई ठोस जानकारी सामने न आने की बात कही। लेकिन खुफिया एजेंसियां अब हर एंगल पर छानबीन कर रही हैं।

सबसे अहम पहलू यह है कि आखिर इन युवकों ने लड़कियों को नेपाल ही क्यों बुलाया? गोरखपुर, वाराणसी या लखनऊ जाने की बजाय नेपाल का चुनाव संदेह पैदा कर रहा है। एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि सीमा पार करने के बाद इनका अगला पड़ाव कहां होता। क्या वहां कोई और व्यक्ति इनका इंतजार कर रहा था? या फिर यह किसी बड़े नेटवर्क से जुड़ने का हिस्सा था? एजेंसियां लव जिहाद की आशंका पर भी काम कर रही हैं। नेपाल की खुली सीमा के जरिए किसी तस्करी या अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़ाव के तार तलाशे जा रहे हैं। अभी तक की जांच में लड़कियों ने नेपाल घूमने की बात कही है, लेकिन एजेंसियां इस बयान को पर्याप्त नहीं मान रही हैं। मामले की पूरी रिपोर्ट जल्द ही लखनऊ भेजी जाएगी।

देवरिया को हरा भाटपाररानी ने सेमीफाइनल में किया प्रवेश

जन एक्सप्रेस | देवरिया

नगर के बीआरडी कृषक इंटर कॉलेज के मैदान पर चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता का दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच शुक्रवार को भाटपाररानी और देवरिया की टीमों के बीच खेला गया। इसमें भाटपाररानी की टीम ने देवरिया की टीम को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भाटपाररानी टीम के कप्तान ने टॉस जीतकर कर पहले बल्लेबाजी का करने का निर्णय लिया। निर्धारित 15 ओवर में भाटपार रानी की टीम ने 210 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में उतरी देवरिया की टीम 166 रन पर ही सिमट गई। मैच का उद्घाटन बेलपार निवासी प्रदीप चौरसिया ने किया। इस दौरान आयोजक मंडल के सदस्य गुलाब यादव, विशाल यादव, राहुल राजभर, सद्दाम, रितिक ने दोनों टीम के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

केंद्र व्यवस्थापकों को बताए गए बोर्ड के दिशा-निर्देश, समस्याओं पर भी चर्चा

जन एक्सप्रेस | देवरिया

माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से 24 फरवरी से शुरू हो रही बोर्ड परीक्षा की तैयारियों के लिए शुक्रवार को जीआईसी सभागार में केंद्र व्यवस्थापकों को प्रशिक्षण के जरिए दिशा निर्देशों से परिचित कराया गया। परीक्षा के दौरान क्या करना है, क्या नहीं करना है तथा परीक्षार्थियों पर कड़ी निगाह कैसे रखी जानी है, इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

जनपद के परिषदीय बोर्ड परीक्षा-2025 में निर्धारित परीक्षा के केंद्र व्यवस्थापकों के प्रशिक्षण के दौरान नकलविहीन शुचितापूर्ण व शांतिपूर्वक परीक्षा संपन्न कराने के लिए परिषद से समय-समय पर दिए गए निर्देशों को बताया गया। डीआईओएस शिव नारायण सिंह ने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर स्ट्रांग रूम बनाने तथा प्रश्न पत्रों को डबल लॉक आलमारियों में रखने तथा स्ट्रांग रूम की अभिरक्षा 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगी। केंद्र व्यवस्थापकों, सह केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं कक्ष निरीक्षकों के दायित्वों के संबंध में भी चर्चा की गई। साथ ही केंद्र व्यवस्थापकों की ओर से विभिन्न बिंदओं पर उत्पन्न होने वाली समस्याओं की जिज्ञासाओं के निराकरण के बारे में भी बताया गया। कुछ केंद्र व्यवस्थापकों ने अवगत कराया कि परिषद से जारी परीक्षार्थियों की उपस्थिति शीट तथा प्रवेश पत्र पर फोटो नहीं है। साथ ही केंद्र व्यवस्थापकों की ओर से विभिन्न बिंदओं पर उत्पन्न होने वाली समस्याओं की जिज्ञासाओं के निराकरण के बारे में भी बताया गया। कुछ केंद्र व्यवस्थापकों ने अवगत कराया कि परिषद से जारी परीक्षार्थियों की उपस्थिति शीट तथा प्रवेश पत्र पर फोटो नहीं है। इस संबंध में निर्णय लिया गया, कि सभी प्रधानाचार्यों से हाईस्कूल एवं इंटर में पंजीकृत ऐसे परीक्षार्थियों की सूची तथा फोटो प्रमाणित कर प्रतिहस्ताक्षरित कराते हुए संबंधित परीक्षा के केंद्र व्यवस्थापकों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगें। साथ ही इस आशय का प्रमाण पत्र भी देगें कि किसी परीक्षार्थी का प्रवेश पत्र बिना फोटों का नहीं है, जिससे कि परीक्षा के दिन संबंधित केंद्र व्यवस्थापकों को प्रवेश पत्र पर संशय की स्थिति न रहे तथा परीक्षा शुचितापूर्ण एवं शांतिपूर्वक हो सके। डीआईओएस ने कहा कि परिषदीय परीक्षा के शुचिता एवं शांतिपूर्ण ढंग से कराने में उत्पन्न हुई असहज स्थिति के लिए संबंधित ही जिम्मेदार होगें। उनके विरूद्ध उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित संधानों के निवारण) अधिनियम-2024 के प्रावधानो के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

प्रधान के घर पहुंचा सपा का प्रतिनिधिमंडल, जाना हाल, आज एसपी से करेंगे मुलाकात

जन एक्सप्रेस | देवरिया

पुलिसकर्मियों पर हमला बोलकर खनन माफिया को छुड़ाने वाले आरोपी की तलाश में बरियारपुर पुलिस ने रविवार की रात देवरिया मीर पहुंचकर प्रधान के घर में छापेमारी की थी। इस दौरान प्रधान के पति का पैर टूटा मिला तो उनके ससुर घायलावस्था में मिले थे। इसके बाद दोनों को इलाज के मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। प्रधान के परिजन घर पहुंचे तो शुक्रवार को सपा का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष व्यास यादव के नेतृत्व में मिला। वार्ता के दौरान शनिवार को एसपी से मिलने का निर्णय लिया गया। बरियारपुर थाना क्षेत्र के अहिलवार गांव में बीते बुधवार को पुलिस ने चेक बाउंस मामले में वारंटी खनन माफिया पंकज गुप्ता को मुखबिर की सूचना पर मिट्टी खनन कराते समय गिरफ्तार कर लिया। इसी दौरान उसके गुर्गे सहित अन्य लोगों ने पुलिस पर हमला बोल कर उसे छुड़ा लिया, इसमें थाने के एक दरोगा व सिपाही बुरी तरह घायल हो गए थे। शुक्रवार को जिलाध्यक्ष ने परिजनों से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। इसके बाद परिजनों के साथ शनिवार को एसपी विक्रांत वीर से मिलने का निर्णय लिया गया। जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने कहा कि एसपी से घायलों का मेडिकल करने की मांग की जाएगी। साथ ही इस घटना के जिम्मेदार दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध करवाई की मांग की जाएगी। कारवाई नहीं होने पर बरियारपुर थाने का घेराव भी किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष के अलावा पूर्व जिलाध्यक्ष गेनालाल यादव, पूर्व प्रवक्ता चन्द्र भूषण सिंह यादव, पूर्व विधानसभाध्यक्ष बरहज राधेश्याम, विधानसभाध्यक्ष बरहज रामबहादुर यादव आदि शामिल रहे।साथ ही इस घटना के जिम्मेदार दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध करवाई की मांग की जाएगी। कारवाई नहीं होने पर बरियारपुर थाने का घेराव भी किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष के अलावा पूर्व जिलाध्यक्ष गेनालाल यादव, पूर्व प्रवक्ता चन्द्र भूषण सिंह यादव, पूर्व विधानसभाध्यक्ष बरहज राधेश्याम, विधानसभाध्यक्ष बरहज रामबहादुर यादव आदि शामिल रहे।

पीडीए चौपाल के जरिए लोगों तक पहुंचेगी सपा

जन एक्सप्रेस | देवरिया

बांस देवरिया स्थित सपा कार्यालय पर शुक्रवार को जिला कार्यकारिणी की बैठक हुई। इसमें सांगठनिक विषयों पर गहनतापूर्वक चर्चा हुई व पीडीए चौपाल के कार्यक्रम को और तीव्रता के साथ जन-जन के बीच ले जाने का निर्णय हुआ। जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने कहा की संगठन को हम जितना सशक्त व मजबूत बनाएंगे सत्ता परिवर्तन की चुनौती को उतनी ही सहजता से निपटा देंगे। संचालन जिला महासचिव मंजूर हसन ने किया। इस दौरान शहादत हुसैन अंसारी, विजय प्रताप यादव, गेंदालाल यादव, हृदयनारायण जायसवाल, जयराम राजभर, रामप्रकाश यादव, रंजना भारती, गब्बुलाल विश्वकर्मा, बाबूलाल यादव, रब्बूद्दीन अंसारी, रामप्रकाश यादव, राजवंशी राजभर, विवेक सिंह पटेल, वंदना पासवान, अंबिका यादव आदि मौजूद रहे।

डिवाइडर पर तड़पते रहे हादसे में घायल पीएसी जवान, पानी मांगते-मांगते तोड़ा दम, आठ मई को हुई थी की शादी

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा में तैनात पीएसी जवान की सड़क हादसे में मौत हो गई। पीएसी जवान की बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइड पर चढ़ गई थी। हादसे के बाद अभिषेक काफी देर तक सड़क पर तड़पते रहे।

वाराणसी हाईवे पर गोरखपुर के बेलीपार थाना इलाके में महावीर छपरा के पास सोमवार सुबह सड़क हादसे में 30वीं वाहिनी पीएसी गोंडा में तैनात कांस्टेबल अभिषेक दुबे (27) की मौत हो गई।

वहीं बाइक पर पीछे बैठे पीआरडी जवान मारकंडेय गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। लेकिन रास्ते में ही अभिषेक ने दम तोड़ दिया।



वह वर्तमान में गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा में तैनात थे। हादसे में जान गंवाने वाले अभिषेक दुबे गोला थाना इलाके के खिरकिटा दुबे के रहने वाले थे। उनके पिता अश्वनी दुबे यूपी पुलिस में श्रीवास्ती जिले में इंस्पेक्टर के पद पर तैनात हैं। जबकि बड़ा भाई सोनू घर पर रहकर कारोबार देखते हैं।

भाई सोनू ने बताया कि अभिषेक 30वीं वाहिनी पीएसी गोंडा में आरक्षी के पद पर तैनात थे। जहां से उन्हें गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा में भेजा गया था। सोमवार को वह घर से गोरखनाथ मंदिर जाने के लिए बुलेट से निकले थे। रास्ते में उन्हें बेलीपार थाने का पीआरडी जवान मार्कंडेय मिल गए। लिफ्ट मांगने पर अभिषेक ने बुलेट पर पीछे बैठा लिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अभिषेक बेलीपार थाना इलाके में महावीर छपरा के पास पहुंचे ही थे कि उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइड पर चढ़ गई। स्लेटर फंसे होने के चलते स्पीड और तेज हो गई। जिससे दोनों हाइवे पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस उन्हें तत्काल एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया, जहां गंभीर स्थिति देख डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। एंबुलेंस अभी मेडिकल कालेज पहुंच भी नहीं पाई थी कि रास्ते में ही अभिषेक ने दम तोड़ दिया। वहीं पीआरडी जवान की हालत गंभीर बनी हुई है।

डिवाइडर पर तड़पते रहे अभिषेक, मांग रहे थे पानी प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद अभिषेक काफी देर तक सड़क पर तड़पते रहे। राहगीरों ने अभिषेक को घायल अवस्था में डिवाइडर पर ही लेटा दिया था। थानाप्रभारी जब मौके पर पहुंचे तो वह बार-बार पानी मांग रहे थे। यहीं नहीं हादसे की जानकारी देने के लिए उन्होंने अपने घर का नंबर दिया। कॉल रिसीव न होने पर गांव के दूसरे शख्स का नंबर दिया। इसके बाद थाना प्रभारी ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। परिजन आनन-फानन मेडिकल कॉलेज पहुंचे, लेकिन तब तक अभिषेक की सांसें थम चुकी थीं। इसके बाद वहां चीख पुकार मच गई।

बैंक से निकले प्रोफेसर की जेब से उड़ गए 45 हज़ार दो महिलाओं ने किया फिल्मी स्टाइल में हाथ साफ

जन एक्सप्रेस | जौनपुर

दिनदहाड़े बैंक से पैसा निकालकर निकले एक बुजुर्ग प्रोफेसर की जेब से दो महिलाओं ने 45 हज़ार रुपये उड़ाकर सनसनी फैला दी। यह वारदात स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य शाखा, सिविल लाइन में हुई, जहाँ सुरक्षा व्यवस्था के तमाम दावों की पोल खुल गई। नगर के राजकालोनी निवासी तथा टी.डी. पीजी कॉलेज के रसायन विज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह मंगलवार दोपहर लगभग 12 बजे भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा से पैसे निकालने पहुंचे थे। कैश काउंटर से 45 हज़ार रुपये निकालकर जैसे ही उन्होंने अपने कुर्ते की जेब में रखे और बाहर की ओर कदम बढ़ाया, तभी पहले से घात लगाए बैठी दो महिलाओं ने फिल्मी अंदाज़ में पूरी साजिश को अंजाम दे डाला। सूत्रों के मुताबिक, बैंक के गेट पर एक महिला ने प्रोफेसर को आगे से रोकने की कोशिश की, जबकि दूसरी महिला पीछे से उनके बिलकुल करीब आ गई। कुछ ही सेकंड में चतुराई से जेब में रखा नगद पार कर दोनों महिलाएं तेजी से गेट से बाहर निकल गईं। बाहर पहुँचते ही जब राघवेन्द्र ने जेब टटोली तो उनके होश उड़ गए–45 हज़ार रुपये गायब! घबराए प्रोफेसर ने तुरंत बैंक अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही लाइन बाजार पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर दोनों महिलाएं साफ तौर पर कैद मिलीं, जो बेहद माहिर तरीके से चोरी की वारदात को अंजाम देती नजर आईं। पुलिस का कहना है कि दोनों महिलाओं की पहचान और उनकी तलाश तेज कर दी गई है। बैंक के भीतर इस घटना से हड़कंप मच गया है। लोग अब सवाल उठा रहे हैं कि आखिर इतनी सख़्त सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरे होने के बावजूद बैंक के भीतर इतनी बड़ी वारदात कैसे हो गई

बैडमिन्टन के सफल खिलाड़ी हुए पुरस्कृत

जन एक्सप्रेस | बस्ती

श्रीकृष्ण पाण्डेय इंटर कॉलेज सभाकक्ष में मंगलवार को माध्यमिक विद्यालयों की मंडलीय बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रधानाचार्य योगेश शुक्ल ने विजेताओं को मेडल पहनाकर प्रोत्साहित किया। साथ ही 9,10,11 सितंबर को बरेली में आयोजित राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए खूब अभ्यास करने का सुझाव दिया। अंडर- 17 बालक वर्ग की प्रतियोगिता में संतकबीरनगर जनपद के खिलाड़ी वैभव त्रिपाठी, आदित्य कुमार, राहुल और गणेश विजेता रहे। उपविजेता श्रीकृष्ण पाण्डेय इंटर कॉलेज बस्ती के आंशिक कुमार, अभिषेक कुमार और विष्णु घोषित किए गए। अंडर -19 बालक वर्ग में बस्ती जनपद के खिलाड़ी हिरण,अनुराग कुमार और सुन्दरम गौड़ विजेता बने। आयोजक प्रधानाचार्य ने प्रतियोगिता की शुरुआत में सभी प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त कर उत्साहित किया। कहा कि छात्र छात्राओं के चतुर्दिक विकास के लिए खेल अत्यंत आवश्यक है।इसी लिए विद्यालयी शैक्षिक पंचांग में भी खेलों को पर्याप्त समय दिया जाता है। निर्णायक डा सुनील कुमार विश्वकर्मा, अमरजीत वर्मा व बाबू दौलतराम रहे। बस्ती के क्रीड़ा सचिव अमित यादव ने कहा कि बस्ती मंडल के सभी विजेताओं को राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग के लिए बरेली ले जाया जाएगा। कार्यक्रम में सुनीता पाण्डेय,देवेन्द्र तिवारी,अजय कुमार, कृष्ण कुमार, अशोक कुमार पाण्डेय, सुभाष चन्द्र चौधरी, विकास सिंह, रमेश गुप्ता संदीप पाण्डेय,ओमनारायण शुक्ल, राजेश सिंह, रमेश चौधरी तथा महेंद्र उपस्थित रहे।

लहुरियादह और भैंसोड़ बलाय पहाड़ गांव में पांच दिन से पेयजल संकट

जन एक्सप्रेस | मिर्जापुर

ड्रमंडगंज। गलरा गांव में ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए लगाए गए पंप को पर्याप्त वोल्टेज नहीं मिलने के कारण बीते पांच दिन से लहुरियादह और भैंसोड़ बलाय पहाड़ गांव में पानी का संकट खड़ा हो गया है। जंगल की दो किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद गांव की महिलाएं चुआड़ से पानी लाकर घरेलू काम और भोजन बना रही हैं। दोनों गांव की आबादी लगभग पांच हजार होगी। सबसे अधिक परेशानी ड्रमंडगंज घाटी के ऊपर लहुरियादह गांव के लोगों को हो रही है। गांव की आबादी 1500 है। इस गांव में भूमिगत जल का कोई श्रोत नहीं है। पानी नहीं आने से यहां के ग्रामीण झरने के पानी पर निर्भर हैं। गांव के शिवरतन यादव, मेवालाल यादव, विश्राम कोल, कृष्णा धरिकार ने बताया कि बरसात के दिनों में झरने का पानी दूषित है। इसके सेवन से संक्रामक बीमारी फैलने का भी खतरा बना है।

प्रधानाचार्य पर लगा छात्राओं से छेड़खानी का आरोप, मुकदमा दर्ज करके कार्यवाही में जुटी पुलिस

जन एक्सप्रेस | जौनपुर

जौनपुर मड़ियाहूं,स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के कनावा गांव में स्थित प्रेमशंकर दूबे इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य की करतूत से विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहीं कक्षा 8 की छात्राएं अपने साथ हुई घटना को लेकर दहशत में हैं। पुलिस ने काफी प्रयास के बाद मुकदमा तो दर्ज कर लिया मगर आरोपी की गिरफ्तारी न होने से पूरा परिवार दहशत के साये में जी रहा है।

बता दें कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जहां बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ का नारा बुलंद कर रहे हैं, वहीं उनके ही शासनकाल में स्थित मड़ियाहूं कोतवाली क्षेत्र के कनावा गांव में स्थित इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य विनोद दूबे बेटियों को इज्जत तार–तार करने में लगे हुये हैं जो शासन के बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा गर्त में पहुंचाने का काम कर रहे हैं।

मंगलवार की सुबह प्रेमशंकर दुबे इण्टर कालेज में छेड़खानी से पीड़ित बेटियों के घर मीडिया ने दस्तक दिया तो परिजन प्रधानाचार्य विनोद दुबे की आदमी आने की आशंका से घरों में घुस गये और दहशत से दरवाजा बंद कर लिये। जब मीडियाकर्मियों ने अपना परिचय दिया और पास–पड़ोस के लोगों को बुलाकर घरों से निकालने की गुहार लगाई तो वह एक-एक करके बाहर निकले। दहशत पीड़ित बेटियों की आंखों में साफ झलक रही था। परिजनों के आंखों में प्रधानाचार्य विनोद दुबे के प्रति गुस्सा था। इसके बावजूद वह उनके आदमियों से पूरी तरह डरे हुये थे। मीडियाकर्मियों ने उनसे सवाल किया तो पहले तो पूरा परिवार बयान देने से ही इनकार कर दिया। जब बताया कि हम न पुलिस वाले हैं और न ही प्रधानाचार्य के आदमी हैं, बल्कि हम लोग आपकी आवाज बनने आये हैं। तब सभी लोग धीरे-धीरे खुलना शुरू किये और बेटियों ने जो कहानी बयां कीं, उससे हर मां-बाप का कलेजा फट जायेगा। पीड़ित बेटियों ने कहा कि जो एक शिक्षक रूपी रावण को नहीं करना चाहिए था, वह सब प्रधानाचार्य ने करने की कोशिश किया। बेटियों ने बताया कि प्रिंसिपल ने कमरे से लाइट बुझा दिया और सीसीटीवी कैमरा बंद कर दिया। विरोध करने के बावजूद भी प्रधानाचार्य शरीर के सब अंग छूने लगे। किसी तरह वहां से भाग करके सीधे अपने क्लास रूम में पहुंची छात्राओं ने बताया कि सहेलियों सहित मड़ियाहूं पढ़ने जा रही बहन को आपबीती बतायी। आरोप के अनुसार जब बहन ने स्कूल में जाकर घटना के बाबत पूछा तो प्रधानाचार्य ने कहा कि किसी के सामने मुंह मत खोलना। हम ऐसा कर ही नहीं सकते। शिकायत पाकर बेटियों की मां भी स्कूल पहुंची तो उन्हें भी डराया–धमकाया गया।

प्रधानाचार्य का यह मामला पहला नहीं है...

ग्रामीणों की मानी जाय तो प्रधानाचार्य विनोद दुबे द्वारा छेड़खानी की घटना यह पहली नहीं है, बल्कि इसके पहले कई छात्राओं के साथ यह छेड़खानी कर बच्चियों की इज्जत तार–तार कर चुका है। अंतर केवल इतना था कि सभी अपनी इज्जत की दुहाई देकर चुप बैठ गये लेकिन इस बार बेटियों की मां ने हिम्मत दिखायी। मड़ियाहूं कोतवाली पहुंच गयी जहां आरोप है कि वहां भी इन माताओं को जलालत झेलनी पड़ी। माताओं ने कहा कि धन्य हैं मीडिया के लोग जिन्होंने जाने–अनजाने में सहयोग किया जिसके चलते प्रधानाचार्य विनोद दुबे के ऊपर मुकदमा दर्ज हो सका।

पीड़ितों की मां प्रधानाचार्य के लिये क्या बोलीं

पीड़ित बेटियों की मां ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि ऐसे प्रधानाचार्य को सजा मिलनी चाहिये, अन्यथा किसी की भी बेटियों के साथ इज्जत से खिलवाड़ करता रहेगा।

बेटियों ने मुख्यमंत्री से क्या मांगा

पीड़ित बेटियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपनी इज्जत बचाने की गुहार लगाई। साथ ही कहा कि प्रधानाचार्य के आदमियों के भय से पूरा परिवार दहशत में है। हम लोग स्कूल नहीं जा पा रहे हैं जिससे पढ़ाई पूरी तरह बाधित हो चुकी है। हम बेटियों का सम्मान करें और पढ़ाई कराने में मेरी मदद करें। प्रधानाचार्य के खिलाफ शिकायत लेकर थाने गयी थी लेकिन जब 4 बजे तक सुनवाई नहीं हुई तो वापस चली गयी। रात 10 बजे पुलिस ने आकर हम लोगों से पूछताछ किया और कहा कि आप लोगों को न्याय मिलेगा। मुकदमा दर्ज होगा।

मीडिया से क्या बोले क्षेत्राधिकारी

इस सम्बन्ध में क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूं गिरेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रेमशंकर दुबे इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य विनोद दुबे के ऊपर गम्भीर धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दो टीमें बनाकर आरोपी के गिरफ्तारी के लिए प्रयास किया जा रहा है।

सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाला युवक पवारा पुलिस के हत्थे चढ़ा

जन एक्सप्रेस | जौनपुर

थाना पवारा पुलिस ने सोमवार को सोशल मीडिया पर हिंदू धर्म के आराध्य श्रीराम के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष पवारा के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने अभियुक्त विशाल पुत्र रामलाल निवासी ग्राम सजईकला खुर्द, थाना पवारा को उसके घर से पकड़ा। आरोपी के खिलाफ मु0अ0सं0-122/2025 धारा-299 बीएनएस में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेजा गया।

जौनपुर में तेजीबाजार के कांधी पुल से छलांग लगाने वाले युवक की चार दिन के बाद मिली लाश घर पे मचा कोहराम

जन एक्सप्रेस | जौनपुर

जौनपुर के तेजीबाजार थाना क्षेत्र के मरगुपुर निवासी राजकुमार सिंह पुत्र स्वर्गीय राधेश्याम सिंह उम्र लगभग 30 वर्ष बीते 4 दिन पहले किसी बात से नाराज होकर कांधी पुल के पास जाकर सई नदी में चलांग लगा दिए, सायंकाल किसी तरफ से लौटी डायल 112 की पुलिस ने उनकी मोटरसाइकिल व मोबाइल पाई, इसके बाद मामला संज्ञा में आया, जिसके बाद हिलाली ग्राम प्रधान आजाद सिंह एंव मरगूपुर ग्राम प्रधान अमरेश सिंह द्वारा व्यक्ति को खोजने का अथक प्रयास किया गया परन्तु मिले नहीं, जिसके बाद इस घटना की जानकारी प्रधान गणो द्वारा जौनपुर ब्यूरो सुनील मिश्रा को दिया गया जिनके द्वारा इस मामले में प्रमुखता से खबर प्रसारित की गई, तो सकरी तंत्र जागा, जिसके बाद पुलिस एंव प्रशासनिक टीम तथा एनडीआरएफ की टीम लगातार व्यक्त की तलाश में लगी रही। आज चौथे दिन ब्यक्ति की लाश तेजीबाजार क्षेत्र के ही खुंशापुर (हैदरपुर) गांव के पास उक्त ब्यक्ति का नदी के पुल से लगभग तीन, चार किलोमीटर की दूरी पर बरामद हुई। जिसे पुलिस शव को कब्जे में लेकर अन्य विधि कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, इधर बात की जानकारी लगे ही घर वालों में कोहराम मच गया। परिवारजनों का रो-रो कर बुरा हाल है, घटना से क्षेत्र में मातम सा छाया हुआ है

रेस्क्यू किया गया सारस पूरे क्षेत्र में बना है चर्चा का विषय

जन एक्सप्रेस | जौनपुर

जौनपुर जंघई से मछलीशहर जाते समय मछलीशहर ब्लाक मुख्यालय के पास आते - जाते राहगीरों को मछलीशहर वन क्षेत्राधिकारी कार्यालय के पास सहसा एक सारस विचरण करते दिख जाता है।सारस को देखते ही काफी लोग ब्रेक मार देते हैं और सोचते हैं कि क्यों न इसकी एक सेल्फी ले ही ली जाये। वास्तव में यह सारस वन विभाग के कर्मचारियों को घायल अवस्था में मिला था लेकिन रेंज में कार्य करने वाले कर्मचारियों ने न केवल इसका इलाज किया बल्कि उन्होंने इसे अपने परिवार की भांति देखभाल की। फिर क्या यह सारस रेंज के कर्मचारियों के साथ घुल-मिल गया और रेंजर कार्यालय को ही अपना घर मान बैठा। रेंजर कार्यालय में ही पौधशाला भी है जिस कारण इसे काफी सीमा तक प्राकृतिक आवास भी मिल गया है।सारस के पास जाने पर यू के जी के छात्र साहस सिंह फूले नहीं समा रहे हैं और करीब से देखकर कहते हैं कि सारस से मैं बहुत छोटा हूं। आपको बताते चलें कि प्रदेश में लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर में चिड़ियाघर हैं। तीनो शहर जौनपुर से काफी दूर हैं। ऐसे में जनपद के आठ-दस लाख बच्चों की आंखें जंगली जीव जंतुओं और पक्षियों को देखने के लिए तरस जाती हैं।

जौनपुर में शुरू हुआ नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान, पेट्रोल पंपों पर लगाए गए पोस्टर

जन एक्सप्रेस | जौनपुर

शासन के निर्देश पर जनपद में 1 सितंबर से 30 सितंबर 2025 तक नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी ने जानकारी दी कि परिवहन आयुक्त के आदेश के क्रम में पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट पेट्रोल न देने का सख्त पालन कराया जाएगा। मंगलवार को खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारियों व पूर्ति निरीक्षकों ने जनपद के लगभग 50 पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया। इस दौरान पंप स्वामियों को निर्देशित किया गया कि वे पंप परिसर में ÷नो हेलमेट, नो फ्यूल÷ के स्लोगन वाले बैनर व पोस्टर लगाकर लोगों को जागरूक करें। साथ ही मौके पर मौजूद वाहन चालकों को भी हेलमेट की अनिवार्यता और इसके महत्व के बारे में बताया गया। अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को रोकना और आम जनता को यातायात नियमों के प्रति सजग करना

जौनपुर गणपति पूजा महासमिति के नियंत्रण कक्ष का हुआ उद्घाटन

- जौनपुर कोतवाली चौराहा पर गणपति पूजा महासमिति के नियंत्रण कक्ष का हुआ उद्घाटन

जन एक्सप्रेस | जौनपुर

बीते सोमवार को शहर के कोतवाली चौराहा स्थित श्री गणपति पूजा महासमिति द्वारा बनाए गए नियंत्रण कक्ष का शुभारंभ पूरे विधि-विधान के साथ किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी दिनेश चंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खड़िया एवं एडवोकेट मनोज मिश्र ने पंडित अवधेश चतुर्वेदी के सानिध्य में भगवान गणेश की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पूजन-अर्चन किया। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने फीता काटकर नियंत्रण कक्ष का उद्घाटन किया। इस अवसर पर समिति पदाधिकारियों–अध्यक्ष दीपक जावा, महासचिव पवन दुबे, कोषाध्यक्ष विशाल खत्री, कॉर्डिनेटर संजय जांडवानी एवं संयोजक नवीन बसगोटी ने अतिथियों का बुके भेंट कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी ने कहा कि त्यौहारों के इस मौसम में सर्वप्रथम गणेश पूजा की जाती है। प्रतिमा विसर्जन में बेहतर से बेहतर व्यवस्था की जाएगी और किसी भी समस्या पर सीधे महासमिति से संपर्क किया जा सकता है। पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया कि गणेश प्रतिमा विसर्जन शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान निर्णायक मंडल के सदस्यों को शोभायात्रा मूल्यांकन हेतु फाइल सौंपी गई। मौके पर बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। स्वागत भाषण नवीन सिंह बसगोती एवं संचालन संजीव यादव एडवोकेट ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रिंस सेठ, आशीष बोस, सुमित अग्रहरि, रंजीत गुप्ता, मनीष वर्मा, चंद्रेश यादव, अजय यादव, अभिषेक सेठ, आनंद अग्रहरि, शशिकेष साहू, प्रमोद ओमर, मुकेश साहू, शिवम् जायसवाल, राजेंद्र सिंह, आदित्य सेठ, करन बिंद, अखिलेश मौर्य सहित कई लोगों का विशेष योगदान रहा।

जौनपुर नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की कैद

जन एक्सप्रेस | जौनपुर

- नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की कैद

पंवारा थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के मामले में आरोपी युवक को अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो उमेश कुमार द्वितीय की अदालत ने 20 वर्ष की कैद व पचास हजार रुपये जुर्माने से दण्डित किया। अभियोजन कथानक के अनुसार पीड़िता के पिता ने पंवारा थाने में केस दर्ज कराया था कि वह 21 अप्रैल 2022 की रात 10ः00 बजे अपने बेटे के इलाज के लिए मछलीशहर गए थे।14 वर्षीय पुत्री घर में अकेली थी।जब बेटे का इलाज करा कर वापस आए तो बेटी रो रही थी। पत्नी को पूछने पर बताया कि घर के पास स्कूल में कुछ मजदूर काम करते हैं। उसमें से आरोपित अंकित कुमार निवासी जनपद खगड़िया बिहार ने उसे मुंह दबाकर पुलिया के नीचे ले गया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। गवाह पक्ष द्रोही हो गए। मेडिकल रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि हुई। शासकीय अधिवक्ता राजेश उपाध्याय व कमलेश राय के द्वारा परीक्षित कराए गए गवाहों के बयान एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के परिशीलन के पश्चात अदालत ने आरोपी युवक को 20 वर्ष के कारावास व 50000 अर्थदंड से दंडित किया।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई–प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/आर.एस.पी, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते है।, **क्रम सं.:– 1., ई– प्रापण निविदा संख्या:**–NER-GKP-RSP-2025-18, **कार्य का नाम:–** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के गोरखपुर–गोंडा – बाराबंकी खंड में एल.सी. संख्या 215/सी और एल. सी. संख्या 310/सी के स्थान पर दो एंड–टू– एंड लाइट रोड ओवर ब्रिज (एलआरओबी) का निर्माण, जिसमें पहुंच मार्गों में आरई वॉल/कम्पोजिट गर्डर और रेलवे हिस्से में आरडीएसओ के कैमल बैक ट्रस प्रकार के गर्डर का उपयोग शामिल है।, **अनुमानित निविदा मूल्य:**–471169333.12, **बयाना राशि:**–2505900.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू०):–** 0.00 शून्य, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:–** 24 महीने, • बिड प्रारम्भ करने की तिथि–दिनांक 16.09.2025, • उपरोक्त ई–निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि–दिनांक 30.09.2025, 15:00 बजे तक, • उपरोक्त ई–निविदा खुलने की तिथि–दिनांक 30.09.2025, 15:00 बजे, • निविदा सूचना योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।, • निविदा सूचना में यदि हिंदी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

अधिशासी अभियन्ती/निर्माण/आर.एस.पी
मुजाधि/डब्लू–241 **गोरखपुर**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

आर.पी.एफ व जी.आर.पी पुलिस की संयुक्त टीम ने 95 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया

जन एक्सप्रेस | जौनपुर

जौनपुर शाहगंज स्थानीय शाहगंज रेलवे स्टेशन पर सोमवार को प्लेटफार्म नंबर चार पर खड़ी ट्रेन की एक कोच में चार शराब तस्करों को आठ बोरी में अंग्रेजी शराब के साथ आर. पी. एफ इंस्पेक्टर सुनील कुमार दिवाकर व जी.आर.पी चौकी प्रभारी अश्विनी सिंह की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर चालान भेज दिया।

सोमवार को प्लेटफार्म नंबर चार पर खड़ी जयनगर क्लोन एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 04652 कोच संख्या बी 5 में 95 बोतल अंग्रेजी शराब हरियाणा प्रांत की तस्कारी कर ले जा रहे तस्करों को आर. पी. एफ इंस्पेक्टर सुनील दिवाकर व जीआरपी चौकी प्रभारी अश्विनी सिंह ने पकड़ा पूछताछ में पकड़े गए आरोपित पंजाब प्रांत के जनपद तरनतारन, खालरा थाना निवासी रसपाल सिंह पुत्र कश्मीर सिंह, अमृतसर जनपद के थाना सदर के नगली भट्ठा निवासी हरिप्रीत सिंह पुत्र लखेन्द्र सिंह, थाना सदर पट्टी निवासी गुरु प्रीत सिंह पुत्र अंग्रेज सिंह व जनपद अचनाल थाना राजा शान सिंह के भल पिण्ड निवासी अर्श प्रीत सिंह पुत्र कुलविंदर सिंह को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान भेज दिया गया।

बधाई मांगने गयीं किन्नरों के साथ मारपीट, कार्यवाही की मांग

जन एक्सप्रेस | बस्ती

समाज में पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार बधाई मांगने गयीं किन्नरों के साथ मारपीट कर उन्हें अपमानित करने और लूटपाट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना मंगलवार की बतायी जा रही है। पीड़ित किन्नरों ने पुलिस प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। आरती किन्नर ने अपने गुरू काजल किन्नर के नेतृत्व में ट्रांसजेंडर सुरक्षा प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी सीओ रूधौली को लिखित प्रार्थना पत्र देकर शिकायत दर्ज करायी। पत्र में बताया गया है कि वह अपने साथी माही और जूही किन्नर के साथ शहर के गंदे नाले के पास टावर के समीप स्थित एक सफेद मकान के सामने खड़ी होकर अपने अन्य साथी का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान मकान मालिक त्रिभुवन शुक्ल के दो पुत्र अचानक गेट खोलकर बाहर निकले और गाली-गलौज करते हुए हमला बोल दिया। पीड़ितों का आरोप है कि हमलावरों ने मारपीट कर उनके कपड़े फाड़ दिए, गालियां दीं और उनके पर्स से 4 हजार रुपये नकद व दो सोने की बालियां छीन लीं। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गये, तब जाकर पीड़ित किसी तरह अपनी जान बचाकर बाहर निकले। आरती किन्नर ने मामले की निष्पक्ष जांच, आरोपितों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई, छीनी गई नगदी व जेवर की बरामदगी के साथ-साथ भविष्य में सुरक्षा की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि किन्नर समाज पहले से ही सामाजिक असुरक्षा का सामना कर रहा है, ऐसे में इस प्रकार की घटनाएं अत्यंत निंदनीय हैं। पीड़ितों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन त्वरित कार्रवाई कर उन्हें न्याय दिलाएगा।

बिल्हौर कस्बे में गणेश विसर्जन यात्रा, जीटी रोड जाम खुलवाने ने में पुलिस के पसीने छूटे

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

बिल्हौर नगर और आसपास के क्षेत्र में गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में स्थापित की गई गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। 27 अगस्त को स्थापित की गई प्रतिमाओं का विसर्जन मंगलवार को सातवें दिन संपन्न हुआ। नगर पालिका चौराहे से शुरू हुई विसर्जन यात्रा महाराणा प्रताप नगर से प्रारंभ हुई। यात्रा में जवाहर नगर, सुभाष नगर, चंद्रशेखर आजाद नगर, बलराम नगर, खजुरी कलां, बिरहाना और बीबीपुर गांव सहित विभिन्न स्थानों से भक्त शामिल हुए। विसर्जन यात्रा में देव रूप में सजी कलाकारों की झांकियां आकर्षण का कंद्र रहीं। भक्तोंने ढोल-नगाड़ों की धुन पर नृत्य किया। ÷गणपति बप्पा मोरया÷ और ÷सिद्धिविनायक की जय÷ के जयकारे लगाए। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्गोंने भी उत्साह के साथ यात्रा में हिस्सा लिया। कुछ स्थानों पर नौ और ग्यारह दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन स्थानोंपर गणेश पूजन और आरती के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। महिलाओं ने गणेश प्रतिमाओं के समक्ष अपनी मनोकामनाएं रखीं। यात्रा मुरादनगर और बीबीपुर होते हुए ईशन नदी के तट पर पहुंची। यहां सभी प्रतिमाओं का विधिवत विसर्जन किया गया। विसर्जन के समय भक्तों की आंखें नम हो गईं। भक्तोंने ÷अबकी बरस तू जल्दी आ÷ के जयकारों के साथ गणेश जी को विदाई दी।यात्रा के दौरान %पुलिस प्रशासन पूरी %तरह से अलर्ट रहा। डीजे और झांकियों में साउंड बांधने पर पुलिस ने कार्यक्रम शुरू होते ही धारा 163 लागू होने का हवाला देते हुए रोक लगा दी। जो साउंड बांधने गए वह भी नहीं बजाए गए। जिससे भक्तों का उत्साह फीका हो गया। एक बहन को उत्तरीपुरा चौकी में खड़ा कर दिया गया जिसको लेकर नगर पालिका चौराहे पर कुछ देर तक भक्तों ने जाम की स्थिति पैदा कर दी उसे समय तक एक दर्जन रोडवेज बसें और स्कूली बसें जाम में फंसे गई बड़ी ही मशक्कत के बाद पुलिस ने जाम को खुलवाया। बिल्हौर कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया रेलवे फाटक बंद होने से जाम की स्थिति वैसे भी बनी रहती है और यात्रा के दौरान कुछ समय तक लंबी लाइन लग गई। यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपादित हुई।

गगनी खेड़ा झील में श्रद्धालुओं ने प्रतिमाओं को विसर्जित किया

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

शुक्लागंज। शुक्लागंज नगर पालिका क्षेत्र व साथ आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों से गणपति की मूर्तियों के साथ हजारों श्रद्धालुओं नें गगनी खेड़ा झील पहुंच कर मूर्तियों का विसर्जन किया खबर लिखे जानें तक सत्तर मूर्तियां गगनी खेड़ा झील पहुची शुक्लागंज नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्र से सैकड़ों यात्राएं निकाली गई जिनमें हजारों श्रद्धालुओं के साथ माहिलओं और बच्चों के साथ श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा मोरया के उदधोश के साथ गुलाल उड़ाते हुए गगनी खेड़ा झील में गणेश प्रतिमाओं की विधिवत पूजा कर झील में विसर्जन किया गया। गगनी खेड़ा झील में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन में प्रशासन की मुस्तैदी से बड़ी अनहोनी होने से बच गई जब विसजर्न करने आए लोगों में एक व्यक्ति गहरे पानी में कूद गया जिसको वहां मौजूद गोताखोर व एनडीआरएफ के जवानों तुंरत पानी से बाहर निकाल लिया व्यक्ति नशें की हालत में था जिसको जवानों ने विसर्जन स्थल पर पुलिस के जवानों के पास ले गये जहां से उस व्यक्ति को हिदायत दे कर पुलिस ने छोड़ दिया प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्था होने से हजारों श्रद्धालुओं ने सुचारू रूप से विसर्जन स्थल तक पहुंचा कर प्रतिमाओं को विसर्जित किया विसजर्न स्थल पर गोताखोर द्वारा किसी भी अनहोनी के बचाव के लिए पानी के अंदर खड़े होकर मूर्तियों को विसर्जित करते दिखें।

एक्सप्रेस खबरें...

नायब तहसीलदार की मौजूदगी में कैंप लगाया गया

जन एक्सप्रेस। पुरवा। सरकार द्वारा किसान सम्मान निधि योजना के तहत लाभ लेने वाले किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कराने के निर्देश दिए गए है।जिसके बाद तहसील स्तर पर किसान सम्मान निधि लाभ वाले किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए गांव गांव कैंप लगाए जा रहे है। मंगलवार को तहसील क्षेत्र के गांव उतरौरा में नायब तहसीलदार नीरज चतुर्वेदी की मौजूदगी में कैंप लगाया गया। 50 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की गई।नायब तहसीलदार नीरज चतुर्वेदी ने बताया कि किसान सम्मान निधि वाले समस्त किसानो के आधार कार्ड,खतौनी व आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर आदि कागजात लगेंगे।जिस किसान का आधार कार्ड खतौनी से लिंक नही होगा उसकी किसान सम्मान निधि प्रभावित हो सकती है।इसलिए सभी किसानों को जल्द से जल्द आधार कार्ड खतौनी से लिंक कराना है। कैम्प में राजस्व निरीक्षक विजय सिंह थे।

मासूम छात्रा पर टूटा शिक्षक का कहर, बेरहमी से पीटा

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर-बाराबंकी। नगर क्षेत्र के मोहल्ला मौलवीगंज-2 में इंसानियत को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। एक ट्यूशन सेंटर चला रही टीचर ने कमरे में बंद कर कक्षा दो में पढ़ने वाली छात्रा की बेरहमी से पिटाई कर दी। छात्रा की दर्दनाक चीखें सुनकर पड़ोसियों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे पिता ने बच्ची को बेरहम टीचर के चंगुल से छुड़ाकर इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। मामला नगर फतेहपुर क्षेत्र के मोहल्ला मौलवीगंज-2 का है। जहां पर छात्रा तूबा नूर को दो दिन पहले पेट में दर्द की शिकायत होने पर ट्यूशन पढ़ने नहीं जा पाई थी। सोमवार शाम तबीयत ठीक होने पर इसी मोहल्ले में स्थित ट्यूशन सेंटर पढ़ने पहुंची। छात्रा को देखते ही अकारण टीचर किस्मतुल ने उसकी बेहरहमी से डंडे से पिटाई कर दी। इस दौरान गुजर रहे लोगों ने मासूम की चीखे सुनकर इसकी सूचना परिजनों को दी। वही घटना पर आक्रोश व्यक्त करते हुए ट्यूशन सेंटर पहुंचे पिता ने बच्ची के शरीर पर चोट के अनेकों निशान देखकर रो पड़े। और टीचर से छुड़ाकर आरोपी शिक्षिका के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की बात कही। इतना सुनते ही शिक्षिका उग्र होकर अभद्र भाषा का प्रयोग कर हिंसा पर उतर आई। इस दौरान छात्रा के शरीर में दर्द अधिक होने के कारण उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर समुचित उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। इधर पीड़ित छात्रा के पिता मो0 अकरम ने आरोपित शिक्षिका के खिलाफ लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

ककवन के चांदेताल मोड पर फिर से ऑटो पलटने से आधा दर्जन घायल, एक गंभीर

- लखनऊ इटावा राजमार्ग पर यमराज बनकर दौड़ रहे हैं ऑटो, बिना बीमा, परमिट, लाइसेंस

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

बिल्हौर बिल्हौर तहसील क्षेत्र के ककवन थाना अंतर्गत चादेताल अंधे मोड़ पर फिर से ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें बच्चे महिलाएं मिलकर आधा दर्जन मामूली घायल हो गए। घायलों को तुरंत स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से एक गंभीर रूप से घायल महिला को बेहतर इलाज के लिए कानपुर रेफर कर दिया गया है। अरौल थाना क्षेत्र के गूजेपुर गांव का एक परिवार रसूलाबाद थाना क्षेत्र के धरमपुर में आयोजित एक छठी के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था। तभी अचानक उनका ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद ऑटो में सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही एक एंबुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को ककवन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। ड्यूटी पर मौजूद डॉ विकास यादव ने बताया घायलों की पहचान ददिखा निवासी अंजली पुत्र भगवानदीन , ऑटो चालक मन्नू पुत्र चन्द्र , रूपा पुत्री श्रवण कुमार के रूप में हुई है। घायलों में अंजली की हालत गंभीर बताई गई, जिसके कारण उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर के हैलट अस्पताल मे रेफर कर दिया गया। अन्य दो घायलों - मन्नू और रूपा - का इलाज ककवन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। माखनपुरवा गांव के सामने मनावा गांव निवासी अनुराग त्रिपाठी पुत्र कमलेश त्रिपाठी मोटरसाइकिल से बिल्हौर से अपने गांव की ओर जा रहा था माखनपुरवा गांव के सामने अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल रोड के किनारे खड़ी पतावर में जा गिरा और गिरकर बेहोश हो गया वहीं से निकल रहे सिपाही जयपाल सिंह ने 108 नंबर पर सूचना कर घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया और मोटरसाइकिल पास के सचिन कोल्डस्टोरेज में खड़ी करा दी परिजनों को सूचना दे दी।

पांच दिन पहले ही हुई थी दो की मौत

इससे पहले पांच दिन पहले की उसी स्थान पर ककवन व फतेपुर के दो लोगो की मौत हुई थी जिसके बाद लगातार लोक निर्माण विभाग की ओर से सफाई अभियान चलाया जा रहा है और सड़क के दोनो ओर सफाइ करायी जा रही है।

चौबेपुर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव में खेत पर गए पिता पुत्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में घर से खेतों पर गए पिता-पुत्र की संदिग्ध उपस्थितियों में खेतों पर मृत मिले । ग्रामीणों ने अनुमान लगाया आकाशीय बिजली की चपेट से उनकी मौत हो सकती है। घटना से क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं है।

चौबेपुर थाना क्षेत्र के पचोर अंतर्गत रघुनाथपुरवा गांव के रहने वाले ओम प्रकाश कठेरिया (45) और उनका पुत्र अंश कठेरिया (14) मंगलवार सुबह लगभग 6 बजे खेतों की तरफ गए थे। काफी समय तक वे नहीं लौटे तो चिंतित परिजनों ने तलाश शुरू की। इस दौरान पिता-पुत्र अचेत अवस्था में खेतों पर पाए गए। आनन-फानन उन्हें निकटतम अस्पताल ले जाया गया। जहां से उन्हें सीधा हैलेट रिफर कर दिया गया। गंभीर अवस्था में हैलेट पहुंचे पिता-पुत्र को चिकित्सीय परीक्षण में मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि आकाशीय बिजली गिरनेसे पिता-पुत्र की मौत हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर पता चल सकेगा की आकाशी बिजली गिरने से मौत हुई है या अन्य कोई कारण है।

भाजपा राज्य में छात्रों के भविष्य के साथ हो रहा है खिलवाड़: तनुज पुनिया

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

- कांग्रेसी सांसद ने पुलिस कर्मियों द्वारा की गयी लाठी चार्ज की करी कड़ी निन्दा

कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया बीती सोमवार को श्री रामस्वरूप महाविद्यालय में छात्र एवं छात्राओ पर लाठी चार्ज की कडी शब्दो में निन्दा करते हुये कहा कि वर्तमान सरकार में श्री रामस्वरूप विष्वविद्यालय जैसे ऐसे तमाम विष्वविद्यालय है जहां छात्र छात्राओ के भविष्य के साथ खिलवाड किया जा रहा है। वर्तमान सरकार ने अपने अधिकारो की लडाई लडना सबसे बडा गुनाह है छात्र एवं छात्राएं अपने अधिकार की लडाई लड रहे थे कि बिना अनुमति एवं विना मान्यता प्राप्त विद्यालय में एलएलबी एवं बीए मे हजारो छात्रो का प्रवेश ले रहे थे। जिससे उन हजारो छात्र छात्राओ का भविष्य अंधकारमय होना सुनिश्चित था। इसके विरोध में हजारो छात्र छात्राएं कालेज परिसर के सामने धरना प्रर्दशन कर रहे थे। सांसद ने आगे कहा कि प्रदर्शन में भारतीय जनता पार्टी का एक फ्रण्टल अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् अपनी ही सरकार के खिलाफ प्रर्दशन में शामिल होते हुये कालेज प्रशासन होश में आओ बाबा हमें न्याय दिलाओ के नारो से धीरे धीरे प्रदर्शन में हजारो छात्र छात्राये एकत्रित हो गये प्रदर्शनकारियो का आरोप था कि कालेज प्रशासन मनमाने ढंग से डिपार्टमेण्ट चलाने और भविष्य से खिलवाड करने का षंडयन्त्र रचा जा रहा है। श्री पुनिया ने कहा कि वर्तमान सरकार की हिटलरशाही यहां तक पहुंच गयी है कि उनके ही कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी सडको पर विरोध करने के लिये उतर पडे है। जिस प्रकार छात्र छात्राओ को पुलिस प्रशासन के द्वारा लाठियो से मारा गया है। वह कही न कही वर्तमान सरकार की क्रूरता को दर्शाता है। जिसमें 20-25 छात्र छात्राओ को काफी चोटे आयी है जो मेयो व जिला चिकित्सालय में अपना इलाज करा रहे है। इन छात्र छात्राओ में किसी के पैर टूट गये किसी के हाथ जिस प्रकार पुलिस प्रशासन के द्वारा छात्र छात्राओ को दौडा दौडाकर मारा व पीटा गया है उससे यह प्रतीत हो रहा है कि वर्तमान सराकार में न छात्र सुरक्षित है और न ही किसान। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण चोटिल हुये है। जिससे संगठन काफी आक्रोशित है कि जब अपनी ही सरकार में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीगण सुरक्षित नही है तो आम जनमानस का क्या हाल होगा। श्री पुनिया ने कहा कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष न्यायिक जांच किया जाये व दोषियो को दंडित किया जाये एवं भविष्य में ऐसी घटनाएं न घटित हो इसके लिये सरकार को योजनाबद्ध ढंग से कार्य किया जाये।

बेगुनाह छात्रों पर लाठी चार्ज को लेकर मैदान में आयी भाकियू

- डीएम को सौंपा ज्ञापन, 9 सितम्बर को विश्वविद्यालय का होगा घेराव

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी



रामस्वरूप यूनिवर्सिटी, देवा रोड पर इन दिनों गंभीर आरोप लग रहे हैं। यूनिवर्सिटी पर छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ का ठीकरा फोड़ा जा रहा है। छात्रों का कहना है कि साल 2021 में एलएलबीसी पाठ्यक्रम की मान्यता समाप्त हो चुकी थी, बावजूद इसके यूनिवर्सिटी प्रशासन ने प्रवेश प्रक्रिया जारी रखी। हजारों रुपये फीस वसूल कर छात्रों को दाखिला दिया गया। तीन साल तक छात्र-छात्राओं ने कड़ी मेहनत की, क्लासेज अटेंड कीं, परीक्षाएं दीं लेकिन डिग्री हाथ में नहीं आई। डिग्री न मिलने से छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है। उच्च शिक्षा और नौकरी दोनों ही रास्ते बंद हो गए हैं। निराश छात्र जब इस गंभीर समस्या को लेकर यूनिवर्सिटी प्रशासन से न्याय की गुहार लगाने पहुंचे, तो उन पर पुलिस बल प्रयोग किया गया। लाठीचार्ज में कई छात्र घायल हुए, जिससे छात्र और भी आक्रोशित हो गए। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला अध्यक्ष अनुपम वर्मा ने छात्रों का साथ देते हुए प्रशासन को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने साफ कहा कि अगर पीड़ित छात्रों को शीघ्र न्याय नहीं मिला और उनकी डिग्रियों का वैध समाधान नहीं किया गया, तो आगामी 9 सितम्बर से रामस्वरूप यूनिवर्सिटी पर धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विष्वविद्यालय और जिला प्रशासन की होगी। अनुपम वर्मा ने जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में कहा कि यह मामला सिर्फ छात्रों का ही नहीं बल्कि शिक्षा व्यवस्था की साख से भी जुड़ा है। यदि समय रहते आवश्यक कार्रवाई नहीं हुई तो छात्रों का आक्रोश भड़क सकता है और स्थिति किसी भी स्तर तक बिगड़ सकती है।

सरकारी लकड़ी काटकर उठा ले गये जेई, मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

वन क्षेत्राधिकारी कार्यालय देवा क्षेत्र में आने वाली ग्राम पंचायत महोलिया में बीती सोमवार की शाम को महोलिया माइनर के किनारे लगे राजकीय पेड़ शीषम को सिचाई विभाग के कर्मचारी और अवर अभियंता सिचाई विभाग सीतापुर ने बिना वन विभाग को सूचना दिए ही टैउक्टर से लकड़ी से काटकर उठा ले गये थे और थाना बीकेटी में अमानीगंज में स्थित एक आरा मषीन पर टैउक्टर द्वारा लकड़ी ले जा करके वहां पर छोड़ दी थी। मंगलवार सुबह जब इस घटना की जानकारी उप वन क्षेत्राधिकारी प्रषांत कुमार को हुई तो उन्होने अपने साथ बीट प्रभारी कौषल कुमार सिंह आदि को साथ में लेकर बीकेटी में स्थित आरा मषीन पर छापा मारा और शीषम की लकड़ी बरामद की। उप वन क्षेत्राधिकारी बरामद लकड़ी और टैउक्टर पर ले करके देवा आ गये। उन्होने इस घटना के सम्बन्ध में सिचाई विभाग के अवर अभियंता मनोज कुमार यादव और अमानीगंज निवासी मो. आसिफ के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

लाठी चार्ज को लेकर भाकियू भानू गुट ने एसडीएम को सौपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

फ़तेहपुर-बाराबंकी। विगत दिनों रामस्वरूप यूनिवर्सिटी के एलएलबी छात्रों पर पुलिस ने बर्बरता दिखाते हुए जमकर लाठियां भांजी थी। जिसको लेकर मंगलवार को भाकियू भानू गुट के तहसील अध्यक्ष दद्दन सिंह के नेतृत्व में एक सूत्रीय ज्ञापन डीएम को सम्बोधित एसडीएम को सौंपा गया। मालूम हो एलएलबी छात्रों पर पुलिस द्वारा जबरन लाठी चार्ज मामले तूल पकड़ लिया है। जिसको लेकर भाकियू भानू गुट के तहसील अध्यक्ष दद्दन सिंह ने छात्रों के समर्थन में मोर्चा खोल दिया है। एसडीएम को दिये गये ज्ञापन में मुख्य मांग यह रखी है कि तहसील नवाबगंज क्षेत्र में स्थित रामस्वरुप यूनिवर्सिटी में जो विधि प्रकोष्ठ के छात्रों के ऊपर पुलिस व यूनिवर्सिटी प्रबन्धन की मिलीभगत से लाठीचार्ज किया गया है उसकी भाकियू भानू गुट घोर भर्त्सना करता है। और पुलिस प्रशासन व यूनिवर्सिटी से यह सवाल करता है कि जब एलएलबी का पाठ्यक्रम नही है तो छात्रों का दाखिला देकर क्यों उनके भविष्य से खिलवाड़ किया गया। इस दौरान यूनीवर्सिटी व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने शांति पूर्वक जब इसका विरोध किया गया तो उन पर लाठीचार्ज का आदेश किसने दिया। यही नहीं छात्रों को बेरहमी दौड़ा दौड़ा कर पीटा गया इससे शर्मनाक और कुछ हो नहीं सकता। इसकी जांच होनी चाहिए। ग़ौरतलब है पुलिस ने इससे पहले भी तहसील रामनगर में यूरिया मांग रहे किसानों के ऊपर भी हिसंक व्यवहार करते हुए लाठीचार्ज किया था। जहां पुलिस का काम है जनता की सुरक्षा करना वहीं पुलिस समाज मे अराजकता फैलाने का काम कर रही है। ज्ञापन में मांग की है अगर एक सप्ताह के अंदर पीड़ित छात्रों को न्याय नही मिला तो व छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाली रामस्वरुप यूनिवर्सिटी व घटना में शामिल पुलिस के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्यवाही की जाएं। अगर पुलिस प्रशासन ने ऐसा नही करता तो भाकियू भानू समस्त जनपद में उग्र प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष हंसराज वर्मा, अर्जुन विश्कर्मा, प्रदीप वर्मा, करुणा शंकर वर्मा, शुजल चौहान, जितेंद्र वर्मा, रमेश सिंह, विनय रावत, उदय सिंह, लाल जी गौतम के साथ बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।

पीजी कॉलेज के मुख्य नियंता बने डॉ. हृषिकेश

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

रामनगर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर डॉ. हृषिकेश मिश्र को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कौशलेंद्र विक्रम मिश्र ने मुख्य नियंता के पद पर नियुक्त किया। यह समाचार मिलते ही पूरे महाविद्यालय परिवार में उल्लास और गर्व का वातावरण बन गया। प्राचार्य ने श्री मिश्र को श्री राम दरबार का प्रतीक चिन्ह भेंट कर शुभकामनाएं दी। प्रोफेसर डॉ. हृषिकेश मिश्र बीएड विभाग में शिक्षक-प्रशिक्षक के पद पर 20 वर्षों से अधिक समय से सेवारत हैं। उनका सौम्य स्वभाव, अनुशासनप्रियता और छात्रों के प्रति आत्मीय दृष्टिकोण सदैव उन्हें विशेष पहचान दिलाता रहा है। उनकी नियुक्ति को महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था को नई दिशा देने वाला कदम माना जा रहा है। श्री मिश्र के मुख्य नियंता नियुक्त होने पर डॉ. विष्वेश कुमार मिश्र ने कहा, ÷यह नियुक्ति महाविद्यालय के गौरव का विषय है। डॉ. मिश्र का व्यक्तित्व सदैव अनुशासन और सादगी का आदर्श रहा है।÷गृह विज्ञान विभाग की प्राध्यापक गरिमा श्रीवास्तव ने कहा, ÷श्री मिश्र की सहजता और मार्गदर्शन ने सदैव विद्यार्थियों को प्रेरित किया है। मुख्य नियंता के रूप में उनका चयन वास्तव में सार्थक निर्णय है।÷प्राध्यापक डॉ सुरेश कुमार सिंह, अमरजीत सिंह व ओम कुमार ने कहा, ÷महाविद्यालय के शैक्षणिक माहौल को समृद्ध बनाने में श्री मिश्र का योगदान अमूल्य है।÷डॉ शैलजा दीक्षित व डॉ. संजय तिवारी व आलोक राय ने कहा, ÷डॉ. मिश्र न केवल एक विद्वान शिक्षक हैं, बल्कि विद्यार्थियों के लिए पथ प्रदर्शक भी हैं। उनके नेतृत्व में महाविद्यालय और अधिक प्रगति करेगा।÷इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने एक स्वर से विष्वास जताया कि डॉ. हृषिकेश मिश्र की कर्मनिष्ठा और अनुशासनप्रियता महाविद्यालय को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी। यह नियुक्ति न केवल एक जिम्मेदारी है, बल्कि महाविद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी भी मानी जा रही है।

बाढ़ पीड़ित क्षेत्र में पहुंचे प्रभारी एसडीएम, जानी हकीकत

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

सूरतगंज बाराबंकी। मंगलवार को रामनगर की प्रभारी एसडीएम ने हेतमापुर, बेलहरी सरसंडा बाढ़ क्षेत्र का किया निरीक्षण कर, बाढ़ पीड़ितों को हो रही समस्याओं की जानकारी ली उन्होंने किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अवगत कराने की बात कही। साथ ही सभी को सतर्क रहने की सलाह दी। विकासखंड सूरतगंज की तराई इस वक्त बाढ़ की विभीषिका से ग्रस्त है। जिसपर शासन और प्रशासन नजर बनाए हुए हैं बाढ़ के बढ़ते पानी की समस्या को देखते हुए प्रभारी एसडीएम मधुमिता सिंह के द्वारा नायब तहसीलदार सैयद तहजीब हैदर के साथ सरसंडा बेलहरी आदि गांवों के बाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण कर बाढ़ पीड़ितों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली। बाढ़ पीड़ित ग्रामीणों से जानकारी लेकर किसी भी तरह की समस्या आने पर तुरंत अवगत करने के लिए कहा। सभी से बाढ़ को देखते हुए सुरक्षित व ऊंचे जगह पर रहकर अपनी व परिवार की सुरक्षा के लिए सचेत किया। जिससे बाढ़ पीड़ितों को किसी प्रकार की कोई समस्या ना होने पाए और उनकी समस्याओं का समय रहते निदान कराया जा सके। इस मौके पर ग्रामीण कमलेश मिश्रा, राजू, मुकेश कुमार, केशवराम सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

आर्थिक स्वार्थ से अर्थव्यवस्था में चुनौतियां आईं: पीएम मोदी

भारतीय जीडीपी फिर भी 7.8 प्रतिशत बढ़ी, एक दिन दुनिया कहेगी मेड इन इंडिया, ट्रस्टेड बाय वर्ल्ड

- भारत ने इस साल के पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत की ग्रोथ रेट हासिल करके दिखाया है

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को दिल्ली स्थित यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में सेमीकॉन इंडिया-2025 का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, आज पूरी दुनिया भारत पर भरोसा करती है। दुनिया भारत के साथ सेमीकंडक्टर का भविष्य बनाने के लिए तैयार है। मोदी ने आगे कहा, एक तरफ जब दुनिया भर की इकोनॉमी में चिंताएं हैं। आर्थिक स्वार्थ से पैदा हुई चुनौतियां हैं। उस माहौल के बावजूद भारत ने इस साल के पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत की ग्रोथ रेट हासिल करके दिखाया है। यह वृद्धि मैन्युफैक्चरिंग, सर्विस, कृषि और निर्माण सहित हर सेक्टर दिखाई दे रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत अब बैकएंड से निकलकर एक फुल-स्केल सेमीकंडक्टर राष्ट्र बनने की राह पर है। हम सभी निवेशकों का स्वागत करने के लिए तैयार हैं।

वैष्णव ने पीएम को 32-बिट माइक्रो प्रोसेसर गिफ्ट किया

अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री को विक्रम 32-बिट प्रोसेसर और 4 प्रोजेक्ट्स के टेस्ट चिप्स गिफ्ट किए। विक्रम 32-बिट प्रोसेसर पूरी तरह भारत में विकसित पहला 32-बिट माइक्रो प्रोसेसर है, जिसे इसरो सेमी-कंडक्टर लैब ने बनाया है। इसे लॉन्च व्हीकल्स की मुश्किल पर्यावरणीय हालातों में इस्तेमाल के लिए तैयार किया गया है।

वो दिन दूर नहीं, जब दुनिया कहेगी, डिजाइन्ड इन इंडिया, मेड इन इंडिया एंड ट्रस्टेड बाय वर्ल्ड। डिजाइन इन इंडिया और मेड इन इंडिया, यही भविष्य की पहचान होगी। पीएम ने कहा, सेमीकंडक्टर की दुनिया में कहा जाता है कि ऑयल ब्लैक गोल्ड था, लेकिन चिप्स डिजिटल डायमंड हैं। पिछली सदी में दुनिया का भविष्य तेल के कुएं से तय होता था, लेकिन 21वीं सदी की शक्ति एक छोटी सी चिप में सिमट गई है। यह चिप भले ही छोटी है, लेकिन इसमें दुनिया के विकास को गति देने की ताकत है।

मजाकिया अंदाज में पीएम ने भाषण की शुरुआत की

पीएम मोदी ने सेमीकॉन इंडिया-2025 कार्यक्रम में अपने भाषण की शुरुआत मजाकिया अंदाज से की। उन्होंने कहा, मैं कल रात की जापान और चीन की यात्रा करके लौटा हूं। पीएम खे इतना कहते ही दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों ने तालियां बजाईं। इस पर पीएम ने थोड़ा सीरियस होकर कहा, गया था इसलिए ताली बजा रहे हो या वापस आ गया इसलिए ताली बजा रहे हो। पीएम की बातों पर लोग जोर से हंसने लगे।

वैष्णव बोले, दुनिया भारत को भरोसे से देख रही

सेमीकॉन इंडिया-2025 के उद्घाटन समारोह में केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी शामिल हुईं। अश्विनी वैष्णव ने कहा, हमने 3.5 साल पहले भारत सेमीकंडक्टर मिशन की शुरुआत की थी। इतने कम समय में ही दुनिया भारत की ओर भरोसे से देख रही है। अश्विनी वैष्णव ने कहा, पीएम मोदी ने सेमीकॉन इंडिया-2024 में कहा था कि जब मुश्किलें आएं, तो आप भारत पर दांव लगा सकते हैं। हाल ही में पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर प्रधानमंत्री की बातों का प्रमाण है।

3 दिनों तक चलेगी कॉन्फ्रेंस, राउंड टेबल में शामिल होंगे पीएम

सेमीकॉन इंडिया-2025 तीन दिनों तक चलने वाली कॉन्फ्रेंस है, जिसका आयोजन भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए किया गया है। इस कॉन्फ्रेंस में 48 देशों की 350 से ज्यादा कंपनियां, 2500 प्रतिनिधि, 50 ग्लोबल लीडर्स समेत समेत 20,750 से ज्यादा कंटेस्टेंट भाग लेंगे। इसमें छह देशों की राउंड टेबल चर्चा, देश-स्तरीय मंडप और वर्कफोर्स डेवलपमेंट एंड स्टार्ट-अप्स के लिए समर्पित मंडप भी शामिल होंगे। पीएम मोदी 3 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के ष्टश्वह्र की राउंड टेबल में हिस्सा लेंगे। यह राउंड टेबल सुबह 9.30 बजे से शुरू होगी।

बेंगलुरु, गांधीनगर और ग्रेटर नोएडा में तीन कॉन्फ्रेंस हुईं

सेमीकॉम इंडिया-2025 को इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत भारत सेमीकंडक्टर मिशन और अंतर्राष्ट्रीय उद्योग संघ सेमी ने आयोजित किया है। यह सेमीकॉम इंडिया का चौथा और सबसे बड़ा एडिशन है। इससे पहले 2022 में बेंगलुरु, 2023 में गांधीनगर और 2024 में ग्रेटर नोएडा में कॉन्फ्रेंस हुई थी।

जापान में सेमीकंडक्टर प्लांट देखने गए थे मोदी

प्रधानमंत्री मोदी की हालिया जापान यात्रा के दौरान, भारत और जापान ने 21 महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिनमें सेमीकंडक्टर और एआई क्षेत्र में सहयोग प्रमुख है। इस दौरे के दौरान मोदी ने टोक्यो इलेक्ट्रॉन के सेमीकंडक्टर प्लांट का दौरा किया और दोनों देशों ने एडवांस टेक्नोलॉजी पर रणनीतिक भागीदारी बढ़ाने की दिशा में संकल्प लिया। जापान को सेमीकंडक्टर इक्विपमेंट्स और मटेरियल में ग्लोबल लीडर माना जाता है। भारत-जापान समझौते का एक पहलू यह भी है कि जापान की पुरानी तकनीकों का निर्माण इंडिया में ट्रांसफर किया जाए, ताकि चीन पर निर्भरता कम हो सके और आर्थिक सुरक्षा बढ़े।

तेल काला सोना था, लेकिन अब सेमीकंडक्टर हीरा है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच अप्रैल-जून में भारतीय अर्थव्यवस्था ने सभी उम्मीदों से बेहतर प्रदर्शन किया और 7.8 प्रतिशत की दर से वृद्धि की। सेमीकॉन इंडिया 2025 कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि तेल काला सोना था, लेकिन अब चिप्स (सेमीकंडक्टर) डिजिटल हीरे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी पिछली शताब्दी को तेल ने आकार दिया। दुनिया का भाग्य तेल के कुओं से तय होता था। लेकिन, 21वीं शताब्दी की शक्ति छोटी से चिप में सिमट कर रह गई है। ये चिप भले ही छोटी सी है, लेकिन इसमें दुनिया की प्रगति को बड़ी गति देने की ताकत हैं।

दुनिया भारत के साथ सेमीकंडक्टर का भविष्य गढ़ने के लिए तैयार

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि यहां दुनिया भर के सेमीकंडक्टर विशेषज्ञ हैं, 40-50 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधि हैं और भारत की युवा शक्ति भी यहां नजर आ रही है। ये जो संयोजन बना है, इसका संदेश है कि दुनिया भारत पर विश्वास करती है। दुनिया अब भारत के साथ मिलकर सेमीकंडक्टर का भविष्य बनाने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जितनी तेजी से विकास हो रहा है, उससे हम सभी, उद्योगों में नई ऊर्जा का संचार हो रहा है। विकास की गति यही रही तो भारत का दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना तय है।

सूडान में भूस्खलन

1000 लोगों के मारे जाने की आशंका, दारफुर का पूरा गांव तबाह

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सूडान के पश्चिमी क्षेत्र दारफुर में भूस्खलन के कारण 1000 लोगों के मारे जाने की खबर है। इस देश पर नियंत्रण रखने वाले विद्रोही समूह-सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी ने सोमवार को बताया कि कई दिनों की भारी बारिश के बाद तरासिन गांव में रविवार को भूस्खलन हुआ। रिपोर्ट्स के मुताबिक ये गांव मध्य दारफुर के मर्राह पर्वतों के बीच है। इसे हाल के कुछ वर्षों की सबसे भयानक प्राकृतिक आपदा माना जा रहा है।

गांव में रहने वाले लगभग सभी लोगों की मौत

सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, तरासिन गांव में रहने वाले लगभग सभी लोगों की मौत हो चुकी है। केवल एक व्यक्ति ही जीवित बचा है। अनुमान है कि लगभग एक हजार लोग मारे गए हैं। गांव पूरी तरह से तबाह हो चुका है।

हजारों विस्थापित परिवारों ने मर्राह पहाड़ियों में ली है शरण

मर्राह पर्वत क्षेत्र में स्थित सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी, दारफुर और कोर्डोफन में सक्रिय कई विद्रोही संगठनों में से एक है। यह मौजूदा गृहयुद्ध में किसी भी पक्ष के साथ नहीं है। मर्राह पहाड़ियां 160 किलोमीटर लंबी ज्वालामुखीय पर्वत श्रृंखला हैं, जो अल-फशर के दक्षिण-पश्चिम में फैली हुई हैं। यह क्षेत्र राजधानी खार्तूम से करीब 900 किलोमीटर दूर है और संघर्ष से विस्थापित हजारों परिवार यहां शरण ले चुके हैं।

अब तक 40 हजार से ज्यादा लोगों की हो चुकी मौत

सूडान में इस संघर्ष में अब तक 40,000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, और 1.4 करोड़ से ज्यादा लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं। देश के कई हिस्सों में अकाल जैसी स्थिति है, जिसके कारण लोगों को जिंदा रहने के लिए घास खाने को मजबूर होना पड़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र और मानवाधिकार संगठनों के अनुसार, इस संघर्ष में जातीय हिंसा, नरसंहार और दुष्कर्म जैसे गंभीर अपराध हुए हैं।

शवों को बरामद करने के लिए संयुक्त राष्ट्र से लगाई गुहार

राहत और बचाव कार्य चलाने में मदद और मलबे के नीचे दबे शवों को बरामद करने के लिए संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय सहायता समूहों से गुहार लगाई गई है। स्थानीय मीडिया द्वारा एक वीडियो साझा किया गया है, जिसमें दिखाया गया है कि पहाड़ों के बीच पूरा इलाका समतल हो गया है और लोग वहां मलबे में तलाश कर रहे हैं।

2023 से सेना और आरएसएफ के बीच जारी है लड़ाई

यह आपदा ऐसे समय में आई है, जब सूडान पहले से ही भयानक गृहयुद्ध से जूझ रहा है। अप्रैल 2023 से देश की सेना और अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के बीच राजधानी खार्तूम समेत कई जगहों पर लड़ाई छिड़ी हुई है। सेना और आरएसएफ के बीच लड़ाई के कारण मर्राह पर्वत समेत दारफुर क्षेत्र का अधिकांश भाग संयुक्त राष्ट्र और सहायता समूहों की पहुंच से बाहर है।

जमीयत-उलेमा-ए-हिंद के नेताओं के असम दौरे को लेकर पुलिस अलर्ट, सीएम का निर्देश-कानून व्यवस्था न बिगड़े

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गुवाहाटी

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने कहा है कि जमीयत-उलेमा-ए-हिंद के नेताओं के असम के गोलपाड़ा जिले के दौरे को लेकर पुलिस हाई अलर्ट पर है और कड़ी निगरानी की जाएगी। जमीयत उलेमा ए हिंद का सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल सोमवार को गोलपाड़ा का दौरा करेगा। सीएम ने पुलिस से हालात पर कड़ी निगरानी रखने को कहा है और साफ निर्देश दिया है कि कानून व्यवस्था न बिगड़ने पाए।

जिला संवेदनशील, पुलिस अलर्ट पर: सीएम सरमा

सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में सीएम ने लिखा कि जमीयत उलेमा ए हिंद का एक प्रतिनिधिमंडल गोलपाड़ा जिले का दौरा करेगा। आगामी



बोडोलैंड टेरीटोरियल क्षेत्र चुनाव को देखते हुए जिले में हालात संवेदनशील हैं। असम पुलिस शांति और स्थिरता के लिए लगातार निगरानी करेगी। सीएम ने प्रतिनिधिमंडल में शामिल प्रतिनिधियों के नाम भी साझा किए, जिनमें जमीयत उलेमा ए हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी, महासचिव मौलाना हकीमुद्दीन कासिमी, मुफ्ती जावेद इकबाल कासमी, मौलाना खालिद अनवर, कारी नौशाद आदिल, मौलाना नावेद आलम कासमी, मौलाना सलमान शामिल हैं। असम सीएम ने कहा कि जिले में पुलिस को पूरी तरह से अलर्ट पर रखा गया है। असम के गोलपाड़ा जिले में हाल ही में वन भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ बड़े पैमाने पर बेदखली अभियान चलाया गया। इस अभियान के पुलिस और स्थानीय लोगों को बीच हिंसक झड़प भी हुई। आरोप है कि जिस इलाके से अतिक्रमण हटाया गया, वह वनभूमि है और ये लोग अवैध तरीके से यहां बसे थे। इसे लेकर खासा विवाद हुआ। असम में 40 सदस्यीय बोडोलैंड टेरिटोरियल काउंसिल (बीटीसी) के चुनाव होने हैं। इनके लिए भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियों यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल (यूपीपीएल) तथा असम गण परिषद (एजीपी) ने अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं।

हिंडन नदी में जलस्तर को देखते हुए प्रशासनिक कवायद शुरू

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

जिलाधिकारी (सदर) अरुण दीक्षित ने हिंडन नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए सिटी फॉरेस्ट बाढ़ चौकी पर आपदा राहत तैयारियों की समीक्षा बैठक किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को हर परिस्थिति के लिए सतर्क रहने और जनहित में ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। बैठक में बाढ़ चौकी की व्यवस्था, राहत शिविरों की स्थिति, गोताखोरों की भूमिका तथा आमजन को जागरूक और सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करने पर विशेष जोर दिया गया। उप जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि किसी भी आपात स्थिति में राहत सामग्री और स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता प्राथमिकता होगी। मोहन नगर जोन प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने अधीनस्थ कर्मचारियों को आपदा राहत की तैयारियों को लेकर अपनी बातें बताई। क्षेत्रीय पार्षदों ने भी बैठक में अपने सुझाव रखे। बैठक के बाद उप जिलाधिकारी अरुण दीक्षित ने करहेड़ा

स्थित कंपोजिट विद्यालय में बनाए गए आपदा राहत शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने पूर्ति निरीक्षक को पर्याप्त सूखा राशन उपलब्ध कराने तथा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को प्राथमिक उपचार किट और अन्य आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उप जिलाधिकारी ने बताया कि आपदा राहत टीम पूरी तरह तैयार है और किसी भी संभावित स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन मुस्तैद है। बैठक में मोहन नगर जोनल अधिकारी सुनील कुमार सिंह, फॉरेस्ट चौकी प्रभारी, सिंचाई विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आपूर्ति विभाग के अधिकारी, कोटेदार, पूर्व पार्षद ग्राम करहेड़ा बिजेंद्र चौहान, पार्षद संजय त्यागी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

लुट, झपटमारी एवं चोरी के गिरोह का भंडा फोड़, 3 गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

दिल्ली एनसीआर में ताबड़तोड़ तरीके से लूट, झपटमारी व चोरी जैसी संगीन वारदातों करने वाले गिरोह के साथ ट्रोनिका सिटी पुलिस की मुठभेड़ में 3 बदमाश पकड़े गए । एसीपी सिद्धार्थ गौतम की अगुवाई में हुए एनकाउंटर के दौरान थाना प्रभारी श्रवण कुमार गौतम की टीम ने जहां दो शातिर बदमाशों के पैरों में गोली मारकर घायल कर दबोचा वहीं तीसरे साथी को भी दौड़ा कर दबोच लिया। इस गैंग के पास से लूटी गई स्कूटी व कैश के अलावा दो तमंचे, कारतूस व अन्य सामान बरामद हुआ। इसके साथ ही ट्रोनिका सिटी में कल हुई लूट की वारदात का खुलासा होने की बात भी पुलिस ने कही। यह जानकारी देते हुए एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि ट्रोनिका सिटी थाने के एसओ श्रवण कुमार गौतम की टीम ने जिन दो बदमाशों के पैर में गोली मारकर दबोचा है उनके नाम हर्ष निवासी तिगरी खेखड़ा बागपत व सोमवीर निवासी अकुरी ग्राम पंचायत सलेमपुर बीबी कासगंज के है जबकि तीसरे का नाम अनुज निवासी नौरैया उझानी बदायूं है।

'डोनाल्ड ट्रंप व पीटर नवारो दोनों का मानसिक संतुलन बिगड़ा'

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

अमेरिकी राष्ट्रपति के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो की मानसिक स्थिति खराब हो गई है। इसलिए उन्हें भारत के प्रबुद्ध लोगों में शुमार ब्राह्मण वर्ग पर अनाप शनाप बयान दे रहे हैं। विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा उनके कथनों की निंदा करते हुए इसका कड़ा विरोध करता है यह बातें पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने पुतला दहन कार्यक्रम में कही । उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व उनके व्यापार सलाहकार पीटर नवारो दोनों का मानसिक संतुलन बिगड गया है, अतः दोनों को पागलखाने में भर्ती कर उनका इलाज कराना चाहिए। ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व उनके व्यापार सलाहकार पीटर नवारो दोनों किस हद तक गिर चुके हैं और कितनी नीचता पर उतर आए हैं, इसका अदांजा पीटर नवारो के ब्राह्मणो पर दिए गए बयान से लग जाता है। पीटर नवारो ने कहा है कि ब्राह्मण भारतीय लोगों की क़ीमत पर मुनाफ़ा कमा रहे हैं और इसे रोकने की ज़रूरत है। टेरिफ वॉर के बीच अमेरिका का ब्राह्मणो का निशाना बनाना इस बात का संकेत है कि जब अमेरिका 50 प्रतिशत टेरिफ लगाकर भी भारत को नहीं झुका पाया तो अब वह जात-पात का जहर फैलाकर भारत को अस्थिर करना चाहता है । वह यह बात भूल गया है कि हम सब भारतवासी एक हैं और अनेकता में एकता ही भारत की विशेषता है। अमेरिका व उसके राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनके व्यापार सलाहकार पीटर नवारो के दोगलेपन से पूरा विश्व जानता है। विश्व का हर देश जानता है।

भारी बारिश-भूस्खलन से तबाही जारी, दो महिलाओं की मौत, राज्य में 1311 सड़कें ठप

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। शिमला

आपदा प्रभावित हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश-भूस्खलन से तबाही जारी है। रविवार से लगातार जारी बारिश से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। जगह-जगह भूस्खलन से राज्य में मंगलवार सुबह 10 बजे तक छह नेशनल हाईवे सहित 1311 सड़कें बंद रहीं। इसके अतिरिक्त 3263 बिजली ट्रांसफार्मर व 858 जल आपूर्ति योजनाएं बाधित होने से सैकड़ों गांवों में बिजली-पेयजल की आपूर्ति ठप है। भूस्खलन की चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत हो गई है। कसौली क्षेत्र की ग्राम पंचायत भावगुड़ी के समलोह (बस्तला) में सोमवार रात एक मकान गिरने से महिला की मौत हो गई। हादसे में हेमलता (40) पत्नी हिम राम की मौत हो गई। सूचना मिलते ही मंगलवार सुबह नायब तहसीलदार कृष्णगढ़ सूरत सिंह ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल का दौरा किया। पंचायत प्रधान दुर्गावती और पूर्व प्रधान बलदेव सिंह की मौजूदगी में प्रशासन ने फौरी राहत के तौर पर 20,000 रुपये की सहायता प्रदान की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल सोलन भेज दिया है।

इतने दिन बरसेंगे बादल, तीन जिलों में रेड अलर्ट

मौसम विभाग की ओर से मंगलवार दोपहर जारी ताजा बुलेटिन में आज कांगड़ा, चंबा और कुल्लू जिले के कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। जबकि मंडी, शिमला, सोलन, सिरमौर, किन्नौर व लाहौल-स्पीति जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। बाकि जिलों में येलो अलर्ट है। इसी तरह 3 सितंबर के लिए कांगड़ा, मंडी, सिरमौर व किन्नौर जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। विभाग के अनुसार 8 सितंबर तक राज्य में बारिश का दौर जारी रहने का पूर्वानुमान है। सितंबर में राज्य के अधिकांश हिस्सों में सामान्य व सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है। बीती रात नयना देवी में 198.2, रोहड़ू 80.0, जोत 61.2, बग्गी 58.5, कुकुमसेरी 55.2, नादौन 53.0, ओलिंडा 50.0, नंगल डैम 49.8, ऊना 49.0, बीबीएमबी 48.0, भुंतर 47.7, सराहन 47.5, बंजार 42.0 व बिलासपुर में 40.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है।

आनी के नए बस स्टैंड में दो मंजिला मकान गिरा

प्रदेश में बारिश कहर बरपा रही है। कुल्लू जिले के आनी के नए बस स्टैंड में एक जमींदोज हो गया। 2022 की आपदा में इसी जगह आठ मकान जमींदोज हुए थे। यह मकान तीन साल तक टिका रहा, इस बरसात में यह भी जमींदोज हो गया।

चंबा में 239 सड़कें ठप

भरमौर-पठानकोट हाईवे जांघी से भरमौर तक और बनीखेत, परिहार में बंद है। चंबा जिले की 239 सड़कें, 207 बिजली ट्रांसफार्मर व 100 पेयजल योजनाएं प्रभावित हैं। सड़कें बंद होने से पैदल लोग आवाजाही करने के लिए मजबूर हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से दूध, सब्जियां शहर समेत बाजारों में नहीं पहुंच पा रही हैं। वहीं ऊना के घरवासड़ा के घ्योड़ गांव में भारी वारिश के चलते भूस्खलन से तीन घरों को खतरा पैदा हो गया है। इसके कारण होने तरसेम लाल पुत्र संत राम, जगदीश चंद पुत्र संत राम, पिंकी देवी पत्नी स्वर्गीय गुरबक्श सिंह के परिवार के 11 लोगों को सुरक्षित जगह शिफ्ट किया गया।

ढालपुर में दो लोग मलबे में दबे, महिला की मौत

कुल्लू के ढालपुर में एक मकान भूस्खलन की चपेट में आ गया। इस हादसे में दो लोग मलबे में दब गए। इनमें एक महिला की मौत हो गई। महिला का शव क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के शव गृह में रखा गया है, जबकि एक व्यक्ति घायल है और उसका अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह करीब 11:30 बजे नगर परिषद के वार्ड नंबर आठ में स्थित एक मकान के पीछे लगाई गई सुरक्षा दीवार ढह गई, जिससे मकान जद में आया और महिला मलबे में दब गई। महिला को बचाने गया व्यक्ति भी चपेट में आया। हालांकि, सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम ढालपुर पहुंची और दोनों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला, लेकिन महिला की जान नहीं बच सकी।

मानसून में अब तक 327 लोगों की मौत

प्रदेश में जारी बारिश के बीच मानसून सीजन के दौरान अभी तक कुल 3,15,808.98 लाख रुपये की संपत्ति का नुकसान हो चुका है। प्रदेश में इस मानसून सीजन में 20 जून से 1 सितंबर तक 327 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। 385 लोग घायल हुए हैं। 41 लोग अभी लापता हैं। इस दौरान 156 लोगों की सड़क हादसों में मौत हुई है। बादल फटने, भूस्खलन, बाढ़ से अब तक 4,669 कच्चे-पक्के घरों, दुकानों को क्षति हुई है। 3,813 गोशालाएं भी क्षतिग्रस्त हुई हैं। 1,898 पालतु पशुओं की मौत हुई है।

भारी बारिश से भदसाली पुल के पिलर क्षतिग्रस्त

हरोली विधानसभा क्षेत्र के तहत भदसाली पुल के पिलर क्षतिग्रस्त होने के चलते गगरेट मार्ग को आगामी आदेशों तक बंद कर दिया है। पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते भदसाली पुल के पिलर क्षतिग्रस्त हुए हैं। यातायात व्यवस्था को सुचारू करने के लिए लोक निर्माण विभाग लगातार कार्य कर रही है।

फिर उफान पर आया मनालसु नाला, टेंपो ट्रैवलर बीच में फंसा

ओल्ड मनाली का मनालसु नाला फिर उफान पर आ गया है। लगातार हो रही बारिश के कारण जलस्तर बढ़ गया है। नाले का पानी 26 अगस्त को ढह चुके पुल के एक छोर से बह रहा है। वहीं ओल्ड मनाली की ओर जा रहा एक टेंपो ट्रैवलर भी पानी के उफान में फंस गया है। प्रशासन ने वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी है।

मंधला से गुनाई सड़क पर पहाड़ी से आया मलबा

सोलन जिले में मंधला-गुनाई सड़क पर ड्रेनेज बंद हो गई। इससे पहाड़ी से पानी के साथ मलबा सड़क पर आ गया। मलबा आने से सड़क दलदल में तब्दील हो गई है। यहां से वाहनों की आवाजाही बंद है। इससे लोगों को आवाजाही में दिक्कतें आ रही है।

कालका-शिमला हाईवे पर सनवारा में भूस्खलन, रोकी आवाजाही

कालका-शिमला नेशनल हाईवे पर सनवारा के नजदीक पहाड़ी से भूस्खलन हो गया। इस कारण सड़क पर आवाजाही को रोक दी गई। हाइवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी हुई हैं। सनवारा में मलबा आने से हाईवे के ठीक ऊपर से गुजर रहे कसौली रोड को भी खतरा मंडराने लग गया है। दत्यार से धर्मपुर तक सड़क की पहाड़ी वाली लेन को बंद कर दिया है और ट्रैफिक डायवर्ट किया है। चक्कीमोड़ में भी वनवे ट्रैफिक चला हुआ है। परवाणू से कैथलीघाट तक जगह-जगह सड़क पर मलबा गिरा है और गाड़ियां जोखिम उठाकर आवाजाही कर रही हैं।

न्यू शिमला सेक्टर-4 में एंबुलेंस रोड पर आईं दरारें, घरों को भी खतरा

शिमला के न्यू शिमला सेक्टर-4 में एंबुलेंस रोड में दरारें आ गई हैं। डंगा भी गिरने वाला है। इससे सड़क के नीचे के घरों के लिए भी खतरा पैदा हो गया है। वहीं सड़क के धंसने से ऊपर की ओर बने कई मकानों को भी खतरा बढ़ जाएगा। प्रशासन की टीम बीते रोज मौके का दौरा कर कर चुकी है,लेकिन खतरे के साए में जी रहे लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कोई कदम नहीं उठाया गया है। सड़क को तिरपाल से ढका गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी,
(प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)